हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची ● मंगलवार ● 24.03.2026 ● वर्ष : 16 ● अंक : 236 ● पृष्ठ : 12 ● आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये    RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902

## एक नजर

### वित्त मंत्री ने पेश किया 'वित्त विधेयक 2026'



**नयी दिल्ली :** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को लोकसभा में 'वित्त विधेयक, 2026' पेश किया, जो अगले वित्त वर्ष 2026-27 के लिए केंद्र सरकार के वित्तीय प्रस्तावों, कर संरचना और बजटीय नीतियों को लागू करेगा। केंद्रीय वित मंत्री ने लोकसभा में 'वित्त विधेयक, 2026' को पेश करते हुए वित्त वर्ष 2026-2027 के लिए केंद्र सरकार के वित्तीय प्रस्तावों को लागू करने के लिए इस विधेयक पर विचार करने और पास करने का भी प्रस्ताव रखा है।

### सीएम की अध्यक्षता में कल होगी अहम बैठक

**रांची :** लोकायुक्त, सूचना आयुक्त समेत अन्य संवैधानिक संस्थाओं में रिक्त पदों पर नियुक्ति से संबंधित राजकुमार की जनहित याचिका पर हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश एमएस सोनक और न्यायाधीश राजेश शंकर की खंडपीठ में सुनवाई हुई। हाई कोर्ट के अधिवक्ता धीरज कुमार ने बताया कि विस्तृत सुनवाई की अगली तारीख 1 अप्रैल निर्धारित की गई है क्योंकि महाधिवक्ता ने अपनी दलील में कहा कि इस मसले पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की अध्यक्षता में 25 मार्च को बैठक निर्धारित की गई है।

### रिश्वत लेते सरकारी कर्मी गिरफ्तार

**सरायकेला :** झारखंड में भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई जारी है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने सोमवार को सरायकेला जिले में छापेमारी कर एक सरकारी कर्मी और एक दलाल को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया। मिली जानकारी के अनुसार कार्रवाई भूमि सुधार उपसमाहर्ता कार्यालय में की गई। गिरफ्तार आरोपियों में कर्मी प्रीतम आचार्य और एक ब्रोकर शामिल हैं।

### सड़क हादसे में महिला पुलिस अधिकारी की मौत

**धनबाद :** सोमवार को एक सड़क दुर्घटना ने पुलिस महकमे को झकझोर दिया। आईएसएम गेट के पास हुए हादसे में दुमका सीआईडी में तैनात एएसआई शैलू प्रभा जयंती तिर्की की मौत हो गई। वह अपने पति सुरेश उरांव के साथ बाइक से रांची से दुमका लौट रही थीं। छुट्टी के बाद वह आज ड्यूटी ज्वाइन करने जा रही थीं। जानकारी के मुताबिक, शैलू प्रभा जयंती तिर्की सरहुल पर्व मनाने के लिए रांची के मोरहाबादी सरायटांड़ स्थित अपने घर गई हुई थीं। त्योहार के बाद वह अपने पति के साथ वापस दुमका के लिए निकली थीं।

### पंजाब के पूर्व मंत्री लालजीत सिंह भुल्लर गिरफ्तार

**चंडीगढ़ :** पंजाब पुलिस ने राज्य के पूर्व मंत्री और आम आदमी पार्टी के विधायक लालजीत सिंह भुल्लर को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। भुल्लर पर अमृतसर स्थित पंजाब राज्य भंडारण निगम के जिला प्रबंधक गगनदीप सिंह रंधावा को आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप है। आत्महत्या मामले की जांच कर रहे अधिकारी रविंदर पाल सिंह ने कहा कि लालजीत भुल्लर को श्री फतेहगढ़ साहिब जिले के मंडी गोबिंदगढ़ से गिरफ्तार किया गया। पूर्व मंत्री को अमृतसर ले जाया जा रहा है।

## पश्चिम एशिया संकट पर बोले पीएमः ईरान युद्ध भारत के लिए भी बड़ी चुनौती

# वैश्विक सैन्य संघर्ष, स्थिति चिंताजनक

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकसभा में पश्चिम एशिया (मिडिल ईस्ट) में जारी सैन्य संघर्ष पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह संकट अब केवल एक क्षेत्रीय विवाद नहीं रह गया है, बल्कि इसने वैश्विक अर्थव्यवस्था और सुरक्षा के लिए गंभीर खतरे पैदा कर दिए हैं। प्रधानमंत्री ने इस संवेदनशील मुद्दे पर संपूर्ण देश और संसद से एकजुटता का आह्वान किया।

**भारत पर सीधा असर**

प्रधानमंत्री ने सदन को बताया कि पश्चिम एशिया भारत के लिए सामरिक और आर्थिक रूप से अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने इस संकट के भारत पर होने वाले तीन प्रमुख प्रभावों को रेखांकित किया:
**ऊर्जा सुरक्षा:** भारत अपनी कच्चे तेल और गैस की आपूर्ति के लिए इस क्षेत्र पर निर्भर है।
**नागरिकों की सुरक्षा:** खाड़ी देशों में लगभग एक करोड़ भारतीय रहते हैं। संकट के बीच अब तक 3.75 लाख भारतीयों को सुरक्षित वापस लाया जा चुका है, जिनमें ईरान से निकाले गए 700 मेडिकल छात्र भी शामिल हैं।
**समुद्री व्यापार:** वैश्विक व्यापार मार्ग प्रभावित होने से आपूर्ति श्रृंखला पर असर पड़ रहा है।

**अफवाहों से सतर्क रहने की सलाह**

संकट के समय कुछ तत्व गलत सूचनाएं फैलाकर या जमाखोरी कर फायदा उठा सकते हैं। राज्य सरकारें ऐसे तत्वों पर कड़ी नजर रखें और सख्त कार्रवाई करें। *– नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री*



**मुख्य बिंदु एक नजर में**

- देश में पर्याप्त खाद्यान्न और कोयला भंडार मौजूद
- लगातार दूसरे वर्ष 100 करोड़ टन कोयला उत्पादन का रिकॉर्ड
- 24 घंटे हेल्पलाइन के जरिए नागरिकों की मदद में जुटे

**शांति के लिए कूटनीतिक पहल**

प्रधानमंत्री ने स्पष्ट किया कि भारत हमेशा से संवाद और शांति का पक्षधर रहा है। उन्होंने बताया कि तनाव कम करने के लिए उन्होंने क्षेत्रीय देशों के राष्ट्र प्रमुखों से दो दौर की वार्ता की है। उन्होंने नागरिक ठिकानों और वाणिज्यिक जहाजों पर हो रहे हमलों की कड़ी निंदा की।

**ऊर्जा और अर्थव्यवस्था को बचाने का 'ब्लू प्रिंट'**

होर्मुज जलडमरूमध्य में बढ़ते तनाव के बावजूद, पीएम ने आश्वस्त किया कि देश में पेट्रोल, डीजल और गैस की कमी नहीं होने दी जाएगी। सरकार ने अपनी रणनीति साझा करते हुए बताया कि भारत अब 27 के बजाय 41 देशों से ऊर्जा आयात कर रहा है। देश के पास 53 लाख मीट्रिक टन का पेट्रोलियम रिजर्व सुरक्षित है। इथेनॉल ब्लेंडिंग (20% के करीब) और नवीकरणीय ऊर्जा (250 GW क्षमता) के जरिए तेल पर निर्भरता कम की जा रही है।

## असम चुनाव के लिए झामुमो-कांग्रेस के बीच नहीं बनी सहमति

# 21 सीटों पर अकेले चुनाव लड़ेगा झामुमो

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** असम विधानसभा चुनाव 2026 के लिए विपक्षी गठबंधन को बड़ा झटका लगा है। कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा के बीच सीट शेयरिंग को लेकर चल रही लंबी बातचीत बेनतीजा रही। इसके बाद झामुमो ने अब राज्य की 21 सीटों पर अकेले चुनाव लड़ने का बड़ा फैसला लिया है। सूत्रों के अनुसार, मुख्यमंत्री और झामुमो के केंद्रीय अध्यक्ष हेमन्त सोरेन खुद दिल्ली में डेरा डाले हुए थे ताकि गठबंधन पर अंतिम सहमति बन सके। हालांकि, नामांकन के अंतिम दिन यानी 23 मार्च तक कोई समाधान नहीं निकल पाया। झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता मनोज पांडेय ने स्पष्ट किया कि पार्टी के लिए 'मान-सम्मान' सर्वोपरि है और वह किसी भी स्थिति में झुकने को तैयार नहीं है। पार्टी के केंद्रीय महासचिव (संगठन) विनोद पांडेय ने बताया कि झामुमो इस बार पूरी गंभीरता के साथ मैदान में उतर रहा है। झामुमो महासचिव विनोद पांडेय ने कहा कि 'हमने अंत तक गठबंधन की कोशिश की, लेकिन बात नहीं बनी। अब हम असम की जनता, विशेषकर आदिवासियों और पिछड़ों की लड़ाई अकेले लड़ेंगे।'



**इन सीटों पर झामुमो ने किया उम्मीदवारों का एलान**

पार्टी ने गुवाहाटी में अपनी चुनावी रणनीति को अंतिम रूप देते हुए उम्मीदवारों के नाम घोषित करना शुरू कर दिया है।
**मजबत (47):** यहां से प्रीति रेखा बारला को टिकट दिया गया है।
**सोनारी (93):** यहां से बालदेव तेली झामुमो के प्रत्याशी होंगे।

**'तीर-धनुष' चिन्ह रहेगा रिजर्व**

झामुमो के लिए एक बड़ी राहत की बात यह है कि असम चुनाव के लिए उनका पारंपरिक चुनाव चिन्ह 'तीर-धनुष' रिजर्व रहेगा। पार्टी का मानना है कि इसका असम में रहने वाले आदिवासियों और 'टी ट्राइब' (चाय बागान श्रमिकों) पर व्यापक असर पड़ेगा। झामुमो का मुख्य फोकस इन्हीं वर्गों की आवाज बनना है।

# विधायक कल्पना सोरेन 'ट्रेलब्लेजर अवार्ड' से सम्मानित

प्रत्यूष नवबिहार (डेस्क रिपोर्ट)

**रांची :** नई दिल्ली के हयात रीजेंसी में आयोजित 'ब्रिक्स सीसीआई वीई एनुअल वुमेन समिट एंड फेलिसिटेशन 2026' में झारखण्ड की गांडेय विधायक कल्पना सोरेन को प्रतिष्ठित 'वुमेन एम्पावरमेंट ट्रेलब्लेजर्स अवार्ड' से नवाजा गया। ब्रिक्स चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के महिला सशक्तिकरण वर्टिकल द्वारा उन्हें यह सम्मान महिला सशक्तिकरण और समाज में उनके दूरगामी प्रयासों के लिए दिया गया है। विधायक ने राज्य सरकार की नीतियों का उल्लेख करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखण्ड में महिलाओं के प्रति दृष्टिकोण बदला है। अब उन्हें केवल सरकारी योजनाओं के 'लाभार्थी' के तौर पर नहीं, बल्कि सक्षम उद्यमी और 'बदलाव की नायिका' के रूप में देखा जा रहा है। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं में बढ़ते आत्मविश्वास और आर्थिक स्वावलंबन की सराहना की। अपनी हालिया लंदन यात्रा और ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के अनुभवों को साझा करते हुए कल्पना सोरेन ने कहा कि वैश्विक स्तर पर झारखण्ड की छात्राओं का जुनून देख कर वे भविष्य के प्रति आशान्वित हैं। उन्होंने जोर दिया कि महिला सशक्तिकरण केवल समावेश तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि इसमें निष्पक्षता सुनिश्चित की जानी चाहिए, ताकि हर महिला को नेतृत्व करने का समान अवसर मिल सके।



**यह पुरस्कार राज्य की हर 'मंईयां' का सम्मान**

सम्मान ग्रहण करने के बाद अपने संबोधन में कल्पना सोरेन ने भावुक होते हुए कहा कि यह पुरस्कार केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं है। उन्होंने इसे झारखण्ड की उन लाखों महिलाओं (मंईयां) को समर्पित किया, जो विपरीत परिस्थितियों के बावजूद अपने परिवार, समुदाय और अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान कर रही हैं। उन्होंने कहा, आज महिलाएं केवल विकास का हिस्सा नहीं हैं, बल्कि वे विकास की गति को नेतृत्व दे रही हैं।

# मलबे में दबकर 8 मजदूरों की मौत

एजेंसी

**प्रयागराज में कोल्ड स्टोरेज की छत ढही**



**प्रयागराज :** उत्तर प्रदेश के जनपद प्रयागराज में फाफामऊ क्षेत्र के चंदापुर में प्रयागराज-लखनऊ हाईवे पर स्थित एक कोल्ड स्टोरेज की धमाके के साथ छत ढहने से 8 मजदूरों की मौत हो गई। हादसे में कई लोग घायल हुए हैं। यह कोल्ड स्टोरेज समाजवादी पार्टी (सपा) नेता और पूर्व मंत्री अंसार अहमद का है। घटना की जानकारी मिलते ही जिलाधिकारी मनीष कुमा वर्मा, पुलिस कमिश्नर जोगेंद्र कुमार समेत तमाम अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। घटना के संबंध में जिलाधिकारी वर्मा ने बताया कि लखनऊ रोड पर चांदपुर गांव के सामने आदर्श कोल्ड स्टोर है। सोमवार दोपहर कोल्ड स्टोरेज में मजदूर आलू रख रहे थे। इसी बीच स्टोरेज का एक हिस्सा भराभराकर गिर गया, जिसकी वजह से अमोनिया गैस का पाइप फट गया। छत के मलबे में कई मजदूर मलबे में दब गये। उन्होंने बताया कि सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस और जिला प्रशासन की टीम ने राहत व बचाव कार्य कर मलबे से दबे सभी को बाहर निकाला और तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया।

# हादसे पर प्रधानमंत्री ने जताया दुःख आश्रितों को 2 लाख की सहायता

एजेंसी



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रयागराज में कोल्ड स्टोरेज की छत गिरने की घटना पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। प्रधानमंत्री ने इस हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के आश्रितों के लिए दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया, उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में एक इमारत के ढहने से हुई दुर्घटना से मैं अत्यंत दुखी हूं। इस कठिन समय में मेरी संवेदनाएं प्रभावित लोगों और उनके परिवारों के साथ हैं। ईश्वर से प्रार्थना है कि घायल लोग जल्द से जल्द स्वस्थ हों। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से प्रत्येक मृतक के परिजन को 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि प्रदान की जाएगी। इस हादसे में घायल हुए लोगों को 50-50 हजार रुपये की सहायता दी जाएगी।

# एयर कनाडा विमान हादसे में 2 की मौत

एजेंसी



**न्यूयॉर्क :** अमेरिका के ला गार्डिया एयरपोर्ट पर रविवार रात एक बड़ा हादसा हो गया। मॉन्ट्रियल से आ रहा एयर कनाडा एक्सप्रेस का एक यात्री विमान लैंडिंग के दौरान रनवे पर मौजूद एक ग्राउंड व्हीकल से टकरा गया। इस हादसे में दो लोगों की मौत हुई है। मरने वाले लोग यात्री हैं या क्रू मेंबर, इसकी जानकारी नहीं मिल पाई है। एयर कनाडा के मुताबिक, इस विमान में 72 यात्री और 4 क्रू मेंबर सवार थे। हादसे के तुरंत बाद अमेरिकी फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन ने ला गार्डिया एयरपोर्ट पर 'ग्राउंड स्टॉप' लागू कर दिया। इसका मतलब है कि न तो कोई विमान वहां उतर सकता है और न ही उड़ान भर सकता है। एयरपोर्ट अथॉरिटी के अनुसार, रात करीब 11:45 बजे विमान अग्निशमन वाहन से जा टकराया।

# सरकार का बड़ा दावाः एलपीजी आपूर्ति सामान्य

एजेंसी



**नयी दिल्ली :** ईरान में जारी संघर्ष के बीच भारत ने ईंधन आपूर्ति की स्थिरता बनाए रखने के लिए व्यापक रणनीति अपनाई है, जिसमें समुद्री मार्गों की सुरक्षा सुनिश्चित करना भी शामिल है। विभिन्न मंत्रालयों के उच्च अधिकारियों ने हाल ही में आयोजित एक बैठक में अपनी तैयारियों और संभावित खतरों से निपटने की योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वर्तमान स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। उनकी रिपोर्ट के अनुसार, मौजूदा वितरण व्यवस्थाएं, विशेषतः वाणिज्यिक एलपीजी आपूर्ति क्षेत्र, सुचारू रूप से काम कर रही हैं, और कोई समस्या उत्पन्न होने पर तत्काल समाधान के लिए निगरानी जारी है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव (विपणन और रिफाइनरी) सुजाता शर्मा ने जानकारी दी कि पश्चिम एशिया में बदलती परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए सरकार लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए है। उन्होंने स्पष्ट किया कि देशभर में एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति अब सामान्य हो गई है। 14.2 किलोग्राम के मानक सिलेंडर को घटाकर 10 किलोग्राम करने की चर्चाओं को उन्होंने अफवाह बताते हुए खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि ऐसी अटकलों पर ध्यान नहीं देना चाहिए और केवल प्रामाणिक सूचनाओं पर ही विश्वास करना चाहिए।

# हेमन्त सरकार की बड़ी पहलः अब सिर्फ 60 दिनों में होगा शिकायतों का समाधान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** राज्य के सरकारी कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने एक बड़ी पहल की है। सरकार ने 'झारखंड सरकारी सेवक शिकायत निवारण नियमावली 2026' का गजट प्रकाशित कर दिया है। इस नई व्यवस्था के तहत अब कर्मचारियों को अपनी सेवा संबंधी समस्याओं या सेवानिवृत्ति के लाभों के लिए विभागों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे।

**3 दिन में कार्रवाई और 2 महीने में फैसला**

नई नियमावली के अनुसार, शिकायत दर्ज होने के मात्र 3 कार्यदिवसों के भीतर प्रारंभिक जांच शुरू कर दी जाएगी। पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया गया है और संबंधित पदाधिकारी को अधिकतम 60 दिनों के भीतर शिकायत का निपटारा करना अनिवार्य होगा। यदि कर्मचारी निर्णय से संतुष्ट नहीं है, तो उसे अपील करने का भी अधिकार दिया गया है। शिकायतों की सुनवाई के लिए जिला और विभाग स्तर पर 'सेवा शिकायत निवारण पदाधिकारी' नामित किए जाएंगे। जिलों में अनुमंडल पदाधिकारी से ऊपर के रैंक के अधिकारी और विभागों में उप सचिव स्तर के अधिकारी यह जिम्मेदारी संभालेंगे।

**इन समस्याओं का होगा समाधान**

**वेतन व पदोन्नति:** वेतन भुगतान, वेतन वृद्धि, प्रोन्नति, ACP और MACP से जुड़े मामले।
**अवकाश व सेवा:** आकस्मिक अवकाश को छोड़कर अन्य अवकाशों की स्वीकृति और वरीयता निर्धारण।
**रिटायरमेंट लाभ:** पेंशन, ग्रेच्युटी (उपादान), ग्रुप बीमा, और भविष्य निधि का भुगतान।
**आश्रितों को लाभ:** कर्मचारी की मृत्यु की स्थिति में उनके परिजन भी शिकायत दर्ज करा सकेंगे।

# खुशखबरी : तेल के दाम में 11% की बड़ी गिरावट

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के कारण कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल से वैश्विक बाजारों में हलचल मच गई। इसका असर भारत पर भी दिखा, जहां रुपया डॉलर के मुकाबले गिरकर 94.01 के स्तर तक पहुंच गया। हालांकि इसी बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एक एलान के बाद तेल की कीमतों में अचानक करीब 11% की गिरावट दर्ज की गई, जिससे बाजार को कुछ राहत मिली। ट्रंप के इस बयान के बाद अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। ब्रेंट क्रूड के दाम करीब 11% टूटकर 101.13 डॉलर प्रति बैरल पर आ गए हैं। यह गिरावट अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हालिया ऐलान के बाद देखने को मिली, जिससे ग्लोबल ऑयल मार्केट पर सीधा असर पड़ा है।




**ईरान ने ट्रंप के दावे को किया खारिज**

दूसरी ओर, ईरान ने अमेरिका के दावों को नकारते हुए कहा कि शांति को लेकर ऐसी कोई बातचीत नहीं हो रही है। तेहरान ने साफ तौर पर ट्रंप के बयान को खारिज कर दिया है।

**होर्मुज बंद होने से बढ़ा ऊर्जा संकट**

गौरतलब है कि अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच जारी संघर्ष को चार हफ्ते हो चुके हैं और हालात अभी भी तनावपूर्ण बने हुए हैं। ईरान द्वारा स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को बंद किए जाने से तेल और गैस की सप्लाई प्रभावित हुई है, जिससे वैश्विक ऊर्जा संकट गहरा गया है। इसका असर भारत समेत कई देशों की अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा है।

**ईरान वॉर पर ट्रंप का बड़ा दावा**

डोनाल्ड ट्रंप ने एक बयान में कहा कि ईरान के साथ बातचीत जारी है और फिलहाल वहां के बिजली संयंत्रों पर हमला नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पिछले दो दिनों से वार्ता चल रही है और अगले कुछ दिनों तक जारी रहेगी। ऐसे में करीब पांच दिनों तक तेहरान के ऊर्जा संयंत्रों को निशाना नहीं बनाने की बात कही गई है।

एक नजर

## चलकुशा पुलिस ने शराब भट्टी को किया नष्ट



**चलकुशा** : थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध शराब निर्माण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए जंगल में संचालित एक अवैध भट्टी को ध्वस्त कर दिया। यह अभियान थाना प्रभारी सूर्यकांत कुमार के नेतृत्व में चलाया गया। यह कारवाई गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने चलकुशा जंगल में छापेमारी की, जहां अवैध रूप से शराब बनाई जा रही थी। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने भट्टी को नष्ट कर दिया और करीब 300 किलो जावा महुआ भी बरामद कर नष्ट कर दिया। पुलिस ने बताया कि इस तरह की अवैध गतिविधियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी रहेगी, ताकि क्षेत्र में कानून-व्यवस्था बनाए रखी जा सके।

## ब्रह्म विद्या विहंगम योग की सत्संग गोष्ठी में शामिल हुए कई श्रद्धालु



**बरही** : ब्रह्म विद्या विहंगम योग की ओर से सोमवार को हजारीबाग रोड स्थित गुरु भाई किशोर सिंह के मार्केट सभागार में सत्संग गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी की अध्यक्षता एवं संचालन कृष्ण कुमार गुप्ता ने किया। मौके पर सभी ने गुरुदेव के चरणों में स्वयं को समर्पित करते हुए ओंकार ध्वनि, स्वागत गान ,मंगल गान, माल्यार्पण आदि कार्य सामूहिक तौर पर किए गए । वही ज्ञान गुदड़ी अनमोल राणा, स्वर्वेद पाठ कृष्ण कुमार गुप्ता ,भजन कैलाश केसरी, सुनीता देवी एवं सिकंदर सिंह के द्वारा प्रस्तुत किया गया । मौके पर अमृतवाणी के तौर पर 10 मिनट का ध्यान साधना भी किया गया । इसके साथ ही वंदना आरती और शांति पाठ का आयोजन उपस्थित सभी लोगों ने सामूहिक तौर पर किया। मौके पर कृष्ण कुमार गुप्ता, कैलाशपति सिंह, सिकंदर सिंह, कैलाश प्रसाद केसरी, किशोर उर्फ सत्येंद्र सिंह, ममता देवी, सुनीता देवी, यशोदा देवी, अनमोल राणा आदि लोग भजन कीर्तन में श्रद्धापूर्वक भाग लिया।

## सेंट्रल पब्लिक स्कूल में मेधा छात्र पुरस्कार समारोह का हुआ आयोजन

**बड़कागांव**: बड़कागांव सेंट्रल पब्लिक स्कूल में मेधा छात्र समारोह का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता प्राचार्य गायत्री सिन्हा व संचालन विशाल सिन्हा ने किया।समारोह को संबोधित करते हुए निर्देशक विनोद सिन्हा ने कहा कि यहां के शिक्षक सभी मेहनती है। बच्चे को मेहनत करना सिखाते हैं।यहां पठन-पाठन के अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम के बच्चों को प्रशिक्षण दी जाती है।
समारोह में विद्यार्थियों का 1 वर्ष का शैक्षणिक विकास रिपोर्ट प्रस्तुत की गई। एवं मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। इसके अलावा इस विद्यालय के छात्र शिवम कुमार को नर्सरी के राष्ट्रीय खेल में चयन किए जाने पर सम्मानित किया गया।मौके पर निदेशक,विनोद कुमार सिन्हा, प्राचार्या गायत्री सिन्हा ,सचिव विशाल सिन्हा , शिक्षक श्रीकांत सिन्हा,संगीता पांडेय,ममता राणा,नीतू राणा,मो आलम ,अरुण कुमार ,किशन कुमार,सुजाता शर्मा निकी कुमारी, देवनारायण दास,आलोक कुमार, प्रकाश राम , सुजाता शर्मा ,अपूर्व सिन्हा, आदि ने मुख्य भूमिका निभाई।

### विभावि के राजनीति विज्ञान विभाग में याद किए गए शहीद-ए-आजम

# भगत सिंह जैसों की पुस्तक ही आधुनिक युवाओं के गीता, कुरान, बाइबल बने : डॉ सुकल्याण मोइत्रा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग** : विनोबा भावे विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग में सोमवार को 'बलिदान दिवस' के अवसर पर शहीद-ए-आजम भगत सिंह, शिवराम हरी राजगुरु और सुखदेव थापरर को श्रद्धा पूर्वक याद किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विभागाध्यक्ष डॉ सुकल्याण मोइत्रा ने बताया कि यह राष्ट्र सदियों तक इन तीनों महान क्रांतिकारी महापुरुषों का ऋणी रहेगा। बताया कि भगत सिंह द्वारा जेल में लिखी गई पुस्तक ही आधुनिक भारत के युवाओं का गीता, बाइबल, कुरान होनी चाहिए। प्राध्यापक डॉ अजय बहादुर सिंह भगत सिंह को एक क्रांतिकारी राष्ट्रवादी के रूप में बताया। कहा कि उनमें क्रांति और




दर्शन का अद्भुत मिश्रण था। वह तर्कसंगत विश्लेषण करने वाले मानवतावादी थे। इस अवसर पर शोधार्थी धर्मेंद्र ने भगत सिंह की जीवन यात्रा पर प्रकाश डालते हुए बताया की कैसे जलियांवाला बाग कांड से आक्रोशित होकर बहुत कम उम्र के भगत सिंह राष्ट्रीय आंदोलन से जुड़ गए। संसद में बम धमाका करने के पीछे भगत सिंह की सोच को भी समझाया। बाद में जेल में 116 दिन के भूख हड़ताल की बात भी याद कराइ। धर्मेंद्र ने बताया कि भगत सिंह ने "इंकलाब जिंदाबाद" के नारा को बुलंद किया और मात्र 23 वर्ष की उम्र में भारत की आजादी के लिए शहीद हो गए। भगत सिंह के अभिन्न साथी पटना के बटुकेश्वर दत्त की कुबार्नी की भी चर्चा की। भगत सिंह के दर्शन पर अपने विचार रखते हुए शोधार्थी रवि कुमार विश्वकर्मा ने बताया कि मानव केंद्रित राष्ट्रवाद पर उनकी आस्था थी। वह किसी प्रकार के धर्म और जाति आधारित भेदभाव का समर्थन नहीं करते थे। वह पूंजीवाद और शोषण के विरुद्ध थे। उन पर भारतीय महापुरुषों के अलावे कार्ल मार्क्स और व्लादिमीर लेनिन का गहरा प्रभाव पड़ा। वह भारत को एक अंधभक्तों का राष्ट्र नहीं बल्कि वैज्ञानिक सोच वाला राष्ट्र बनाना चाहते थे। भगत सिंह संकीर्ण राष्ट्रवादी नहीं थे।
शोधार्थी महेंद्र पंडित ने भगत सिंह द्वारा लिखी पुस्तक 'व्हाई आई एम एन अथस्टि' पर विस्तार से अपने विचार रखें। उन्होंने बताया कि भगत सिंह ने सवाल उठाया था कि यदि भगवान है तो विश्व युद्ध जैसा युद्ध क्यों हुआ, भारत जैसा राष्ट्र उपनिवेश क्यों बना, जलियांवाला बाग जैसी निर्मम घटनाएं क्यों घटी बताया कि भगत सिंह को तर्कसंगत विश्लेषण पसंद था। वह धर्म के पाखंड से उलट अपने को नास्तिक कहते थे। परंतु वह शोषण और अन्याय मुक्त समाज की स्थापना करना चाहते थे। मौके पर बड़ी संख्या में शोधार्थी एवं प्रथम और चतुर्थ समसत्र के विद्यार्थी उपस्थित थे।

## वाहन जांच में अवैध शराब से लदा ट्रक जब्त, चालक फरार



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही** : एसडीपीओ अजीत कुमार बिमल को मिले गुप्त सूचना के आधार पर बरही पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी के नेतृत्व में की गई वाहन चेकिंग में बिलौतिया मोड के समीप से एक ट्रक को पकड़ा गया । पकड़े गए ट्रक के तलाशी एवं जांच करने के बाद ट्रक जिसका पंजीयन संख्या BR01GC7072 है के ड्राइवर केबिन से 33 पेटी अवैध ऑफिसर चॉइस टेट्रा पैक स्टीकर लगा पाया गया। इसके साथ ही उसी केबिन से 1000 पीस खुला ऑफिसर चॉइस टेट्रा पैक अंग्रेजी शराब को भी जब्त किया गया। पुलिस बरामद ट्रक को थाना ले आई है और इसकी जांच की जा रही है। जानकारी के मुताबिक बरही एसडीपीओ को गुप्त सूचना मिली कि एक ट्रक में अवैध शराब लेकर बिहार ले जाया जा रहा है। इसकी सूचना उन्होंने बरही थाना प्रभारी इंस्पेक्टर विनोद कुमार को देते हुए आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया। निर्देश के आलोक में बिना देरी किए इंस्पेक्टर विनोद कुमार ने वाहन जांच कर शराब लोड ट्रक को पकड़ लिया। लेकिन ट्रक चालक ट्रक खड़ा कर भागने में सफल रहा । इस अभियान में इंस्पेक्टर विनोद कुमार के साथ साथ राजवल्लभ यादव, एसआई रामेश्वर रविदास सहित पुलिस बल की सहभागिता रही।

## नहाय खाय के साथ शुरू हुआ लोक आस्था का महापर्व चैती छठ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही** : बरही में लोक आस्था का महापर्व चैती छठ का चार दिवसीय अनुष्ठान नहाय-खाय के साथ शुरू हो गई है। चैत्र शुक्ल चतुर्थी को व्रतियों ने छठ का प्रसाद बनाने के लिए पवित्रता के साथ गेहूं धोया। गुरुवार को प्रथम दिन स्नान के बाद व्रती महिलाओं ने एक-दूसरे सुहागिनों की मांग में सिंदूर लगाया। छठ व्रती स्नान कर घरों में विधिवत पूजन करने के बाद चावल, सेंधा नमक, चने का दाल, कद्दू की सब्जी, चटनी आदि ग्रहण कर चार दिवसीय अनुष्ठान का संकल्प लिया। चार दिवसीय इस महापर्व चैती छठ पूजा को लेकर दूसरे दिन सोमवार को छठव्रती दिन भर उपवास कर शाम को 'खरना' का कार्यक्रम संपन्न कराया। खरना के दिन शाम को सूर्यास्त के बाद भगवान सूर्य की पूजा के बाद छठव्रती सिर्फ एक




बार दूध और गुड़ से बने खीर का प्रसाद ग्रहण किया। इसके साथ ही उनका 36 घंटे का निर्जला व्रत शुरू हो गया है। महापर्व के तीसरे दिन मंगलवार को छठव्रती दिन भर उपवास करेंगे। वहीं प्रसाद के रूप में ठेकुआ तैयार किया जायेगा और पूजा के लिए पूजन सामग्री व फलों की खरीदारी की जाएगी। उसके बाद शाम को ठेकुआ, फल व पूजन सामग्री से ड़लियों को सजाकर पवित्र छठ घाट पर जा कर सांध्या समय वर्ती एवं सभी श्रद्धालु अस्ताचलगामी सूर्य देव को आज पहला अर्घ्य देंगे। उसके बाद महापर्व के अंतिम दिन बुधवार को अहले सुबह प्रातःकालीन समय उदीयमान भगवान सूर्य देव को अर्घ्य दिया जायेगा। उदीयमान सूर्य को अर्घ्य के बाद व्रती पारण करेंगे और इसके साथ ही लोक आस्था का यह महान पर्व संपन्न हो जाएगा। इधर बरही का प्राचीन छठ घाट बरही डीह नदी, सूर्य मंदिर नदी, बराकर नदी घाट , बराकर नदी घाट सहित सभी तालाबों एवं घाटों की साफ सफाई का कार्य शुरू कर दिया गया है। व्रत के दौरान साफ-सफाई, पवित्रता और पर्यावरण का ख्याल रखना होता है। चैती छठ पर विधायक मनोज कुमार यादव, राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कपिल प्रसाद केशरी, दिनेश यादव सहित कई लोगों ने चैती छठ की शुभकामनाएं दी है।

## ईद पर सोशल यूनियन ऑफ इंडिया ट्रस्ट ने बांटा शरबत और मिठाइयां, भाईचारा और शिक्षा का दिया संदेश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग** : ईद के पावन अवसर पर द सोशल यूनियन ऑफ इंडिया ट्रस्ट द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शरबत और मिठाइयां वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बकसपुरा गांव में विशेष रूप से शरबत और मिठाइयां की व्यवस्था की गई, जहां गांव सहित आसपास के क्षेत्रों से आए लोगों के बीच बड़े ही प्रेम और सौहार्द के साथ शरबत वितरित किया गया। गर्मी के मौसम में इस पहल ने लोगों को राहत देने के साथ-साथ आपसी भाईचारे का संदेश भी फैलाया। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय लोगों की अच्छी-खासी भीड़ देखने को मिली। बच्चे, बुजुर्ग और युवा सभी ने इस आयोजन



में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और ट्रस्ट के इस प्रयास की सराहना की। ईद जैसे पवित्र पर्व पर इस तरह का आयोजन समाज में एकता, प्रेम और भाईचारे को मजबूत करने का कार्य करता है। आयोजन स्थल पर उत्सव जैसा माहौल बना रहा, जहां लोगों ने एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी। बताते चलें कि द सोशल यूनियन ऑफ इंडिया ट्रस्ट वर्ष 2014 से लगातार शिक्षा के क्षेत्र में सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है। ट्रस्ट का मुख्य उद्देश्य गरीब, वंचित और जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा से जोड़ना और उन्हें बेहतर भविष्य की दिशा में आगे बढ़ाना है। संस्था अब तक कई बच्चों को निःशुल्क शिक्षा, अध्ययन सामग्री और मार्गदर्शन उपलब्ध कराकर उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का कार्य कर चुकी है।

## रामनवमी को लेकर प्रशासन अलर्ट, महुदी में फ्लैग मार्च, शांति बनाए रखने की अपील

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव** : बड़कागां रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर हजारीबाग जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क एवं गंभीरता दिखला रही है। सोमवार को उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह, पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन बड़कागांव प्रखंड के महुदी क्षेत्र में भव्य फ्लैग मार्च निकाला और शांतिपूर्वक त्यौहार मनाने का संदेश दिया । फ्लैग मार्च के दौरान प्रशासन ने आमजन को स्पष्ट संदेश दिया कि रामनवमी का पर्व आपसी भाईचारे और शांति के साथ मनाएं। किसी भी प्रकार की अफवाह या भ्रामक खबरों पर ध्यान न दें, विशेषकर सोशल मीडिया पर फैलने वाली गलत सूचनाओं से सावधान रहें। प्रशासन ने लोगों से अपील की कि सभी जुलूस निर्धारित मार्ग से ही निकाले जाएं और विधि-



व्यवस्था का पूर्ण रूप से पालन किया जाए। अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट किया कि कानून को अपने हाथ में लेने वाले या माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के खिलाफ सख्त दंडात्मक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फ्लैग मार्च में उपायुक्त शशि कुमार सिंह, प्रशिक्षु, पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन, प्रशिक्षु आईएएस आनंद शर्मा, डीएलओ निर्भय कुमार, डीसीएलआर राज किशोर प्रसाद, जिला निर्वाचन पदाधिकारी मां देव प्रिया,बड़कागांव थाना प्रभारी दीपक कुमार सिंह के अलावा अन्य शामिल थे।

### अदाणी फाउंडेशन की पहल से आत्मनिर्भर बने युवा

# एचएमवी और एलएमवी प्रशिक्षण पूरा, सभी प्रतिभागियों को मिला लर्निंग लाइसेंस

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव** : गोंदुलपारा खनन परियोजना के तहत अदाणी फाउंडेशन की ओर से चलाए जा रहे हेवी और लाइट मोटर व्हीकल प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हो गया है। एक महीने चले इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण युवाओं को रोजगार से जोड़ना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना था। गाली, गोंदुलपारा और चंदौल गांवों से आए 20 युवाओं ने इस प्रशिक्षण में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरूआत



ओरिएंटेशन सत्र से हुई, जिसमें प्रतिभागियों को कोर्स की जानकारी, सड़क सुरक्षा नियमों और ट्रैफिक कानूनों के पालन के महत्व के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही उन्हें सड़क सुरक्षा से संबंधित अध्ययन सामग्री भी उपलब्ध कराई गई। प्रशिक्षण के दौरान युवाओं को व्यावहारिक और तकनीकी दोनों तरह की जानकारी दी गई, जिससे वे सुरक्षित और जिम्मेदार ड्राइविंग के लिए तैयार हो सकें। प्रशिक्षण पूरा करने के बाद सभी प्रतिभागियों को लर्निंग लाइसेंस प्रदान किया गया है। अधिकारियों के अनुसार, जल्द ही सभी को ड्राइविंग लाइसेंस भी जारी कर दिया जाएगा। इस पहल से न केवल युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर खुलेंगे, बल्कि क्षेत्र में सुरक्षित ड्राइविंग को भी बढ़ावा मिलेगा। ग्रामीण युवाओं में इस कार्यक्रम को लेकर काफी उत्साह देखा गया और उन्होंने पूरे समर्पण के साथ प्रशिक्षण पूरा किया। अदाणी फाउंडेशन की ओर से बड़कागांव प्रखंड में इसके अलावा भी कई सीएसआर गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इनमें कौशल विकास प्रशिक्षण, स्वास्थ्य शिविर, टीबी मरीजों के लिए पोषण सहायता, शिक्षा प्रोत्साहन कार्यक्रम और महिला सशक्तिकरण से जुड़े विभिन्न प्रयास शामिल हैं, जो क्षेत्र के समग्र विकास में अहम भूमिका निभा रहे हैं।

संक्षिप्त खबरें

## थाना प्रभारी सुर्यकांत कुमार ने पूजा पंडालों का किया निरीक्षण



**चलकुशा** : चलकुशा में रामनवमी पर्व को लेकर चलकुशा थाना क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए थाना प्रभारी सूर्यकांत कुमार ने विभिन्न पूजा अखाड़ों और पंडालों का निरीक्षण किया। इस दौरान वे अपने पुलिस बल के साथ क्षेत्र में सक्रिय रहे और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में थाना प्रभारी ने अखाड़ा समितियों के सदस्यों से मुलाकात कर शांतिपूर्ण और सुरक्षित तरीके से पर्व मनाने की अपील की। उन्होंने जुलूस मार्गों पर रखे ईंट और बालू को हटाने तथा सड़कों पर बह रहे गंदे पानी को रोकने के निर्देश दिए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया कि त्योहार के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार निगरानी रखी जाएगी और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस दौरान जीप सदस्य सविता सिंह मुखिया संघ अध्यक्ष आलोक सिंह अन्य लोग उपस्थित थे।

## विधायक ने किया जनता हार्डवेयर प्रतिष्ठान का उद्घाटन



**बरही**: तिलैया रोड स्थित नवनिर्मित 'जनता हार्डवेयर' प्रतिष्ठान का विधिवत उद्घाटन बरही विधायक श्री मनोज कुमार यादव ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर विधायक ने प्रोपराइटर मनोज केशरी एवं बेबी केशरी को नए व्यवसाय की हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा व्यवसाय में उचित दर, बेहतर सामान एवं मधुर व्यवहार जरूरी होता है। इसे बनाए रखना हरेक व्यवसायी का धर्म होनी चाहिए। इस मूल मंत्र के साथ आगे बढ़ा जा सकता है। ?मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, प्रमुख मनोज रजक, सांसद प्रतिनिधि भगवान केशरी, जिला परिषद सदस्या प्रीति गुप्ता, मंडल अध्यक्ष नागेश्वर रजक, बिजेंद्र कुमार, दीपक कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला के आवास पर श्रद्धांजलि सभा, सैकड़ों लोग शामिल



**चौपारण** : प्रखंड में पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला के आवास पर सोमवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर देश के अमर शहीदोंभगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव जी को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं स्थानीय लोग मौजूद रहे। सभा के दौरान शहीदों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनके अद्वितीय बलिदान को नमन किया गया। इस अवसर पर बरही विधानसभा क्षेत्र के नवचयनित लगभग 160 बीएलए को भी सम्मानित किया गया। उन्हें संगठन के प्रति उनकी जिम्मेदारी, सक्रियता और समर्पण के लिए प्रशस्ति देकर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक उमाशंकर अकेला ने कहा कि शहीदों का बलिदान देश के लिए अमूल्य धरोहर है। भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव जी ने जिस साहस और त्याग के साथ देश की आजादी के लिए अपने प्राण न्यौछावर किए, वह आज भी हर भारतीय के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि संगठन को मजबूत करने में बीएलए की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है और सभी नवचयनित बीएलए पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें। सभा के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने शहीदों के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कांग्रेस कार्यकताओं के सहयोग से कार्यक्रम गरिमामय वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। मौके पर जिप सदस्य भाग-2 रविशंकर अकेला, रामफल सिंह,लव सिंह, मिशन सिंह, मुरली दांगी,बिसुन्धारी महतो, दिगंबर भुइयाँ,लालेश साहू, मनोज सिंह, नवीन यादव, संजय यादव, कोठारी सिंह, बालकिशुन यादव, यदुनंदन यादव, नीरज सिंह, प्रहलाद सिंह, डब्ल्यू अंसारी, अभिमन्यु भगत, समरेश सिंह, पंकज सिंह, शेखर सिंह, सुरेंद्र यादव ,टोनी सिंह, वहाब हैदर,नकुल यादव,बिनय कुमार, प्रमोद वर्णवाल इत्यादि सहित अन्य सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

## बी.एम. मेमोरियल स्कूल में शहादत दिवस पर श्रद्धांजलि सभा का किया गया आयोजन



**बड़कागांव** : बड़कागांव बीएम मेमोरियल स्कूल में शहादत दिवस के मौके पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता उपनिदेशक दिनकर कुशवाहा उर्फ पिंटू व संचालन उप प्राचार्य पूनम कुमारी ने किया। मौके पर शिक्षकों ने शहीद भगत सिंह राजगुरु और सुखदेव के तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दिया। शिक्षक ऋषभ अग्रवाल ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि शहीद भगत सिंह,सुखदेव और राजगुरु इन तीनों वीर क्रांतिकारियों को 23 मार्च 1931 को लाहौर के जेल में फांसी दी गई थी। इन तीन वीर सपूतों ने अपनी कुबार्नी दी क्योंकि उनका मानना था कि यह वक्त है जब बलिदान की जरूरत है। भारत जब भी अपने आजाद होने पर गर्व महसूस करता है तो उसका सर इन महापुरुषों के लिए हमेशा झुकता है। मौके पर प्राचार्य कैलाश कुमार, शिक्षा अध्यक्ष रंजीत कुमार, वरिष्ठ शिक्षक ब्रह्मदेव सिंह चौहान, महेंद्र विश्वकर्मा, मुकेश दास, सोनू कुमार, राजेश कुमार रवि, शंकर महतो, अभिषेक कश्यप, भानु राज, देवंती देवी, कुलदीप रंजन, आनंद राज, रेखा कुमारी, एरिका टोप्पो, ज्योति कुमारी ,नीलम बेदिया, आनंदिता दास, सावित्री टुडू, अफसाना खातून, गंगा भारती सहित सैकड़ो छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## एक नजर

### संत जेवियर्स कॉलेज में छह दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम की शुरूआत

**रांची** : संत जेवियर्स कॉलेज में अर्थशास्त्र विभाग और IQAC के संयुक्त तत्वावधान में छह दिवसीय फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम की शुरूआत हुई। सामाजिक विज्ञान, वाणिज्य और प्रबंधन संकाय के लिए 'अनुसंधान पद्धति व डेटा विश्लेषण' विषय पर कार्यक्रम की शुरूआत की गई है। यह कार्यक्रम 28 मार्च 2026 तक चलेगा। इसका उद्देश्य शिक्षकों और शोधार्थियों को आधुनिक शोध पद्धतियों और कौशल से लैस कर अनुसंधान को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम का उद्घाटन कॉलेज के प्राचार्य डॉ. फादर रोबर्ट प्रदीप कुजूर, एसजे ने दीप प्रज्वलित कर किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति 2020 की बारीकियों को समझते हुए सामाजिक उत्तरदायित्वों के साथ मूल्य आधारित शिक्षा को बढ़ावा देना आवश्यक है। उन्होंने यह भी कहा कि विश्वविद्यालयों और कॉलेजों का भविष्य शोध और नवाचार पर निर्भर करता है, इसलिए अनुसंधान को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रांची विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू डॉ. सुदेश कुमार साहू ने कहा कि नई और मौलिक शोध समस्याओं का चयन एक बड़ी चुनौती है, जिसके लिए निरंतर प्रयास जरूरी है। उन्होंने सुझाव दिया कि दैनिक जीवन की समस्याओं से जुड़े विषयों का चयन कर सार्थक शोध किया जा सकता है।

### मोदी सरकार की विदेश नीति पर राजद ने साधा निशाना

**रांची** : प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के प्रवक्ता कैलाश यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लोकसभा में देश की वर्तमान स्थिति पर दिए गए बयान पर असंतोष व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का जवाब देश और अंतरराष्ट्रीय हालात के अनुरूप नहीं है। कैलाश यादव ने आरोप लगाया कि 28 फरवरी से इजरायल और अमेरिका द्वारा ईरान पर किए जा रहे संयुक्त हमलों में बड़ी संख्या में निर्दोष लोगों, खासकर बच्चों की मौत हुई है, जो अत्यंत अमानवीय है। उन्होंने इसे अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकारों का उल्लंघन बताते हुए कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि भारत और ईरान के संबंध ऐतिहासिक रूप से मजबूत और सकारात्मक रहे हैं, लेकिन वर्तमान सरकार की नीतियों के कारण इन संबंधों में गिरावट आई है। यादव ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने इस मुद्दे पर न तो कोई स्पष्ट विरोध दर्ज कराया और न ही शोक संवेदना व्यक्त की। राजद प्रवक्ता ने आगे कहा कि केंद्र की विदेश नीति और कूटनीति के कारण देश को आने वाले समय में आर्थिक, सामाजिक और व्यापारिक चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने आशंका जताई कि एलपीजी, पेट्रोल, डीजल, उर्वरक और खाद्य पदार्थों की कीमतों में वृद्धि हो सकती है।

### अबुआ अधिकार मंच के सदस्यों ने किया नए कुलपति का स्वागत

**रांची** : अबुआ अधिकार मंच के इंचार्ज अभिषेक शुक्ला के नेतृत्व में आज मंच के सदस्यों ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रोफेसर डॉ राजीव मनोहर से शिष्टाचार मुलाकात की।अभिषेक शुक्ला एवं मंच के सदस्यों ने कुलपति महोदय को धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा का चित्र भेंट करते हुए नई जिम्मेदारी संभालने के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मुलाकात के दौरान अभिषेक शुक्ला ने विश्वविद्यालय में राजभवन के आदेश एक व्यक्ति एक पद का पालन सुनिश्चित करने, छात्र संघ चुनाव अभिलंब करने, विश्वविद्यालय में रिक्त पड़े शिक्षकों के पद पर नियुक्ति प्रक्रिया अग्रसारित करने विश्वविद्यालय मेंअध्ययनरत छात्र-छात्राओं का अटेंडेंस 75 फीसदी अनिवार्य करने समेत विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की।

# झारखंड में लोकायुक्त और सूचना आयोग की नियुक्तियों पर हाई कोर्ट में हुई सुनवाई

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : झारखंड में लोकायुक्त सहित अन्य संवैधानिक पदों पर लंबित नियुक्तियों को लेकर दायर जनहित याचिका और अवमानना याचिका पर सोमवार को झारखंड उच्च न्यायालय में सुनवाई हुई। इस दौरान राज्य सरकार की ओर से बताया गया कि लोकायुक्त और मुख्य सूचना आयुक्त की नियुक्ति के लिए चयन समिति (सलेक्शन कमिटी) की बैठक 25 मार्च को आयोजित की जाएगी।




## कल होगी चयन समिति की बैठक

मुख्य न्यायाधीश एम.एस. सोनक और न्यायमूर्ति राजेश शंकर की खंडपीठ ने महाधिवक्ता राजीव रंजन की दलीलें सुनने के बाद मामले की अगली सुनवाई की तिथि 1 अप्रैल निर्धारित करते हुए सुनवाई स्थगित कर दी।

राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता ने अदालत को अवगत कराया कि रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया प्रगति पर है और जल्द ही चयन समिति की बैठक कर आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं प्रार्थी राजकुमार की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता वी.पी. सिंह ने पक्ष रखते हुए कहा कि राज्य में लोकायुक्त, मानवाधिकार आयोग, राज्य सूचना आयोग में मुख्य सूचना आयुक्त एवं सूचना आयुक्त जैसे महत्वपूर्ण पद लंबे समय से खाली पड़े हैं।

याचिकाकर्ताओं ने अदालत को बताया कि ये पद 3 से 5 वर्षों से रिक्त हैं, जबकि पिछले चार वर्षों से सरकार केवल समय मांग रही है, लेकिन ठोस नियुक्ति नहीं हो पा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार लगातार प्रक्रिया को टाल रही है, जिससे संवैधानिक संस्थाओं का कामकाज प्रभावित हो रहा है। वहीं राज्य सरकार ने दलील दी कि नियुक्ति प्रक्रिया जारी है और जल्द ही सभी रिक्त पदों को भरने की दिशा में कदम उठाए जाएंगे। अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद मामले की अगली सुनवाई 1 अप्रैल को निर्धारित की है।

### एचईसी जमीन घोटाला : प्रसन्नजीत पंडा की अग्रिम जमानत पर हाई कोर्ट सख्त, एसएसपी से मांगा जवाब

**रांची** : हेवी इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन (एचईसी) की जमीन दिलाने के नाम पर करोड़ों रुपये की ठगी से जुड़े मामले में आरोपित प्रसन्नजीत पंडा की अग्रिम जमानत याचिका पर सोमवार को उच्च न्यायालय में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाए। अदालत के निर्देश पर रांची के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) राकेश रंजन स्वयं उपस्थित हुए। अदालत ने उनसे पूछा कि जब प्रसन्नजीत पंडा की अग्रिम जमानत याचिका उच्च न्यायालय और उच्चतम न्यायालय दोनों से पहले ही खारिज हो चुकी है, तो अब तक उनकी गिरफ्तारी क्यों सुनिश्चित नहीं की गई। अदालत ने 20 मार्च को दिए गए आदेश में एसएसपी को 23 मार्च को संबंधित दस्तावेजों के साथ सशरीर उपस्थित होने का निर्देश दिया था। सुनवाई के दौरान प्रार्थी पक्ष के अधिवक्ता ने अदालत को बताया कि आरोपित प्रसन्नजीत पंडा जल्द ही निचली अदालत में आत्मसमर्पण (सरेंडर) करेगा। आरोप है कि पंडा के बैंक खाते में एचईसी जमीन सौदे से जुड़ी ठगी की रकम जमा हुई थी, जिसके आधार पर उसे मामले में सह-आरोपी बनाया गया है। इस मामले के मुख्य आरोपित एचईसी के महाप्रबंधक प्रमोद कुमार बेहरा हैं। उनके खिलाफ आरोप है कि उन्होंने एचईसी क्षेत्र में जमीन दिलाने के नाम पर तीन लोगों से सवा करोड़ रुपये से अधिक की ठगी की।

## 'बैंक ब्रांच ऑडिट' विषय पर सेमिनार का आयोजन, पारदर्शिता और गुणवत्ता पर जोर



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की लेखापरीक्षा और आश्वासन बोर्ड, नई दिल्ली की ओर से सोमवार को बरियातू रोड स्थित होटल रमाडा में 'बैंक ब्रांच ऑडिट' विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में चार्टर्ड एकाउंटेंट्स और विद्यार्थियों ने भाग लिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि बैंक ऑफ बड़ौदा के उप-क्षेत्रीय प्रबंधक स्वप्निल श्रीवास्तव ने कहा कि बैंकिंग क्षेत्र में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने में लेखापरीक्षकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने सीए से अपेक्षा की कि वे नए दिशा-निर्देशों और तकनीकों को अपनाते हुए गुणवत्तापूर्ण ऑडिट सुनिश्चित करें। रांची शाखा के अध्यक्ष सीए अनीश जैन ने बताया कि आगामी माह में बैंक शाखाओं के वैधानिक अंकेक्षण का कार्य शुरू होने वाला है, जिसके लिए सीमित समय मिलता है।

## सुप्रियो भट्टाचार्य का केंद्र पर हमला, वैश्विक संकट व चुनावी रणनीति पर उठाए सवाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने सोमवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने देश की वर्तमान स्थिति, वैश्विक संकट और चुनावी राजनीति को लेकर कई सवाल उठाए। वैश्विक संकट पर प्रतिक्रिया देते हुए सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि 24 दिनों तक जारी हालात के बाद प्रधानमंत्री ने लोकसभा में संबोधन दिया, लेकिन देश को स्पष्ट जानकारी नहीं मिली। उन्होंने कहा कि लोग जानना चाहते थे कि इस संकट में भारत की स्थिति क्या है और ऊर्जा, पेट्रोलियम, खाद और विदेशों में




फंसे भारतीयों को लेकर सरकार की क्या योजना है। उनके अनुसार, प्रधानमंत्री पर दबाव साफ दिख रहा था और युद्ध की निंदा करने में देरी हुई। ईरान से भारतीय छात्रों की वापसी पर भी उन्होंने सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि वहां पहले ही शिक्षण संस्थान बंद कर दिए गए थे, ऐसे में इसे बड़ी उपलब्धि नहीं बताया जा सकता।

उन्होंने यह भी कहा कि तेहरान, रियाद, दुबई और मस्कट से सीधी उड़ानें बंद हैं, जिससे लोगों को परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा कि केवल चिंता जताने से काम नहीं चलेगा, ठोस कदम उठाने होंगे। साथ ही उन्होंने इजराइल और अमेरिका की निंदा नहीं करने पर भी सवाल उठाया।

आर्थिक स्थिति पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि देश में संसाधनों की कमी दिख रही है। होटल और रेस्टोरेंट बंद हो रहे हैं और मेस बंद होने से छात्र पढ़ाई छोड़कर घर लौट रहे हैं। उन्होंने एथेनॉल और बायोगैस जैसे मुद्दों पर भी सरकार को घेरा और पूछा कि अगर पर्याप्त खाद उपलब्ध है तो संकट क्यों है। सुप्रियो भट्टाचार्य ने केंद्र सरकार से श्वेत पत्र जारी करने की मांग की।

## एसबीयू में क्लाइमाथॉन का हुआ शुभारंभ



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा सोशल इनीशिएटिव थ्रू डेवलपमेंट एंड ह्यूमैनिटेरियन एक्शन (सीधा) के सहयोग से, राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन रणनीतिक ज्ञान मिशन के अंतर्गत सरला बिरला विश्वविद्यालय में दो दिवसीय ट्रेनिंग-कम-क्लाइमाथॉन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन विश्वविद्यालय के सिविल एवं पर्यावरण अभियांत्रिकी विभाग द्वारा किया गया। इसमें विभिन्न क्षेत्रों–इंजीनियरिंग, विधि, नर्सिंग, प्रबंधन, पत्रकारिता, जनसंचार एवं फार्मास्यूटिकल्स से डेढ़ सौ से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के पहले दिन सीधा द्वारा जलवायु परिवर्तन पर एक विस्तृत परिचय सत्र के साथ हुआ। इसके बाद चार वृत्तचित्रों के माध्यम से वैश्विक परिप्रेक्ष्य प्रस्तुत किया गया। प्रतिभागियों ने लाइफ साइकिल असेसमेंट तथा दैनिक उपयोग की वस्तुओं के संसाधन मानचित्रण पर कार्य किया। इसके उपरांत विचार-विमर्श सत्र आयोजित किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने विभिन्न चुनौतियों पर आधारित रचनात्मक पोस्टर तैयार किए।

प्रतिभागियों को बारह समूहों में विभाजित किया गया, जिनमें प्रत्येक समूह ने खाद्य, जल, अपशिष्ट, वन, स्वास्थ्य, जेंडर, खनन, ऊर्जा, उद्योग, परिवहन, आपदा एवं पारंपरिक पारिस्थितिकी ज्ञान जैसे विषयों पर नवाचारी समाधान प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में सरला बिरला विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो सी जगनाथन, रजिस्ट्रार प्रो श्रीधर डांडिन, विश्वनाथ शाह, रवि रंजन तथा हेमंत कुमार सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। इस अवसर पर कुलपति प्रो. सी. जगनाथन ने विद्यार्थियों को झारखंड की जनजातीय जीवनशैली का अध्ययन कर स्थानीय स्तर पर जलवायु समाधान विकसित करने के लिए प्रेरित करते हुए थिंक ग्लोबल, एक्ट लोकल का संदेश दिया। वहीं श्री विश्वनाथ शाह ने इस प्रकार के कार्यक्रमों को राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण को विशेष महत्व देते हुए चाय के लिए गन्ने के गूदे से बने बायोडिग्रेडेबल बैगास कप का उपयोग किया गया, जिससे सूखे एवं गीले कचरे को न्यूनतम रखा जा सका।

## ऊर्जा विभाग की नियमावली सार्वजनिक नहीं होने पर श्रमिक संघ ने जतायी नाराजगी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ के अध्यक्ष अजय राय ने ऊर्जा विभाग द्वारा बहाली और सेवा शर्तों की नियमावली तैयार किए जाने के बावजूद उसे सार्वजनिक नहीं करने पर नाराजगी जताई है। उन्होंने सरकार से इसे जल्द सार्वजनिक करने की मांग की है। सोमवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में अजय राय ने कहा कि नियमावली को सार्वजनिक नहीं करना बहाली प्रक्रिया में अपारदर्शिता को दर्शाता है। इससे हजारों आउटसोर्सिंग कर्मियों का भविष्य प्रभावित हो रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार जल्द स्थिति स्पष्ट नहीं करती है, तो संघ राज्यव्यापी आंदोलन शुरू करेगा।



उन्होंने कहा कि यह लड़ाई केवल रोजगार की नहीं, बल्कि सम्मान और अधिकारों की भी है। राय ने आरोप लगाया कि वर्षों से विभाग में कार्यरत तकनीकी और गैर-तकनीकी कर्मियों की अनदेखी की जा रही है, जो पूरी तरह अन्यायपूर्ण है। संघ ने मांग की है कि नई नियमावली को तुरंत सार्वजनिक किया जाए और उसमें आउटसोर्सिंग कर्मियों के समायोजन या नियमितीकरण का स्पष्ट प्रावधान किया जाए। साथ ही नई बहाली में वर्तमान कर्मियों को प्राथमिकता, सेवा सुरक्षा, उचित वेतन और वैधानिक लाभ सुनिश्चित किए जाएं। उन्होने कहा कि बीते विधानसभा के बजट सत्र के दौरान ही यह स्पष्ट हो गया था कि राज्य का ऊर्जा विभाग बहाली और सेवा शर्तों से संबंधित नई नियमावली तैयार कर चुका है। इसके बावजूद अब तक इसे सार्वजनिक नहीं किया जाना श्रमिकों के साथ छलावा प्रतीत होता है।

# गुरुजी क्रेडिट कार्ड के लंबित आवेदनों को 15 दिनों में निष्पादित करे बैंक : राधाकृष्ण किशोर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोरो ने गुरुजी क्रेडिट कार्ड में लम्बित आवेदनों को एक पखवाड़े के अंदर निष्पादित करने का निर्देश दिया है। समीक्षा के क्रम में यह पाया गया कि गुरुजी क्रेडिट कार्ड के लिए कुल 5,872 आवेदन विभिन्न बैंकों में दिए गए थे, जिसके विरुद्ध 868 आवेदन अभी भी लंबित पड़े हुए हैं। वित्त मंत्री किशोर ने कहा कि गुरुजी क्रेडिट कार्ड हेमन्त सोरेन सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। अतः इसका निष्पादन तीव्र गति से किया जाए। वित्त मंत्री राधाकृष्ण




किशोर ने अपने संबोधन में कहा कि झारखण्ड राज्य के आर्थिक विकास में बैंकिंग क्षेत्र की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। राज्य में ऋण जमा अनुपात में निरंतर सुधार वित्तीय प्रणाली पर जनता का भरोसा परिलक्षित करता है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि यह प्रगति समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। वित्त मंत्री ने बताया कि पिछले तिमाही ऋण जमा अनुपात 52.28% से बढ़कर 53.63% हुआ है जो धीमा है परन्तु सकारात्मक संकेत है। वित्त मंत्री सोमवार को राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, झारखंड की 94वीं त्रैमासिक बैठक को संबोधित कर रहे थे। प्रोजेक्ट भवन स्थित सभागार में संपन्न बैठक में विशिष्ट अतिथि कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की के अलावा भारतीय रिजर्व बैंक, नाबार्ड, राज्य के सभी अग्रणी बैंक एवं राज्य के 24 जिलों के अग्रणी जिला प्रबंधक भी शामिल हुए। वित्त मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता समावेशी वित्तीय विकास को सुदृढ़ करना है जिसके अंतर्गत बैंक ग्रामीण वंचित तबकों, लघु उद्यमियों, कृषकों एवं स्वरोजगार से जुड़े युवाओं को ऋण उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान देने की जरुरत है। बैठक को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि जमा अनुपात में धीमी सुधार दर्ज की गई परन्तु हमारे 24 जिलों में से 6 जिलों का औसत 40% से कम है, जो एक चिंता का विषय है। इस क्षेत्र में संबंधित LDMS को कार्य योजना के तहत कार्य करने का निर्देश दिया। वित्त मंत्री ने देवघर, पूर्वी सिंहभूम एवं रांची में तीसरी तिमाही (सितंबर 2025) की होने वाली DCC/DLRC की बैठक ससमय आहूत नहीं होने पर अप्रसन्नता व्यक्त की।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रधानमंत्री से मिले भाजपा प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू, शासन प्रमुख के रूप में 8931 दिन पूरे होने पर दी बधाई



**रांची** : झारखंड में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद आदित्य साहू ने सोमवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री को शासन प्रमुख के रूप में 8931 दिन पूर्ण करने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मुलाकात के दौरान आदित्य साहू ने प्रधानमंत्री से विभिन्न मुद्दों पर मार्गदर्शन प्राप्त किया। बताया जा रहा है कि इस अवसर पर संगठनात्मक गतिविधियों और विकास से जुड़े विषयों पर भी चर्चा हुई। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने प्रधानमंत्री के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में देश लगातार प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है।

### झारखंड में 27 और 28 मार्च को गर्जन और वज्रपात होने की संभावना



**रांची** : झारखंड के विभिन्न जिलों में 27 और 28 मार्च को गर्जन के साथ हल्की बारिश और व्रजपात होने की संभावना है। यह जानकारी मौसम विभाग की ओर से सोमवार को दी गई। मौसम विभाग के अनुसार इस दौरान राज्य के विभिन्न जिलों में 30 से 40 किलोमीटर की रफ्तार से तेज हवा चलने की भी संभावना है। इसे लेकर विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। वहीं, पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान सरायकेला में 32 डिग्री और सबसे कम तापमान गुमला में 11.9 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। इधर, सोमवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से आंशिक बादल छाए रहे, लेकिन दोपहर बाद मौसम पूरी तरह साफ हो गया। सोमवार को रांची में अधिकतम तापमान 25.7 डिग्री और न्यूनतम 14.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं जमशेदपुर में अधिकतम 30.1 डिग्री और न्यूनतम 18.4 डिग्री, डाल्टनगंज में अधिकतम 30.2 और न्यूनतम 16.5 डिग्री, बोकारो में अधिकतम 28.1 डिग्री और न्यूनतम 16.5 डिग्री एवं चाईबासा में अधिकतम तापमान 31.4 डिग्री और न्यूनतम तापमान 17.6 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

### रामनवमी पर रांची में लगेगा सेवा शिविर, श्रद्धालुओं का होगा स्वागत

**रांची** : रामनवमी के पावन अवसर पर शुक्रवार को निकलने वाली शोभा यात्रा में शामिल श्रीराम भक्तों के स्वागत के लिए कचहरी चौक स्थित शिविर में विशेष व्यवस्था की गई है। बाबा विद्यापति स्मारक समिति की ओर से इस सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा। समिति के अध्यक्ष जयंत झा ने सोमवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि शिविर में श्रद्धालुओं को कच्चा चना, गुड़ का शरबत और शीतल पेयजल वितरित किया जाएगा, ताकि शोभायात्रा में शामिल लोगों को राहत मिल सके। उन्होंने जानकारी दी कि इस सेवा शिविर का उद्घाटन रोशनी खलखो और उप महापौर नीरज कुमार द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर दोनों अतिथियों को मिथिला पाग, अंगवस्त्र, पुष्प गुच्छ और समिति का स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया जाएगा। अध्यक्ष जयंत झा ने बताया कि रामनवमी को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। शिविर में समिति के पदाधिकारी और स्वयंसेवक पूरी तत्परता के साथ मौजूद रहेंगे और श्रद्धालुओं की सेवा करेंगे।

### विधायक ने किया स्वास्थ्य उपकेंद्र का शिलान्यास



**सिल्ली** : सिल्ली प्रखंड अंतर्गत सोमवार के दिन टुटकी गांव में झारखंड सरकार के 15वें वित्त आयोग अंतर्गत स्वास्थ्य उपकेंद्र के निर्माण कार्य का सिल्ली विधायक अमित महतो की उपस्थिति में बुधनी देवी के द्वारा किया गया। शिलान्यास के दौरान सिल्ली विधायक ने आमजन एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि इस उपकेंद्र का निर्माण हो जाने से जरूरतमंद व्यक्ति लाभान्वित होंगे एवं उन्हें स्वास्थ्य को लेकर भाग दौड़ करने की आवश्यकता नहीं होगी साथ ही लोगों को राहत मिलेगी। स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण से ग्रामीण स्वास्थ्य से संबंधित हर उचित लाभ प्राप्त कर सकेंगे। इसके पश्चात उन्होंने मौके पर संवेदक को सख्त हिदायत दिया कि निर्माण कार्य में मजदूरों को झारखंड सरकार द्वारा निर्धारित तय मजदूरी का भुगतान करें ताकि किसी प्रकार का शिकायत ना हो।उन्होंने उपस्थित ग्रामीण जो से कार्य की गुणवत्ता पर ध्यान रखने एवं सहयोग करने का अपील किया।इस मौके पर जिला परिषद सदस्य (पूर्वी) लक्ष्मी कुमारी, डॉ अखिल महतो, शेखर महतो, किसलय, महेश कुमार, प्रकाश कुशवाहा,समीर ठाकुर, रमेश सिंह, देवेंद्र महतो, चरण महतो, राधेश्याम महतो, जयराम कोईरी, फटीक महतो, सौरभ कोईरी समेत आसपास के ग्रामीण मौजूद रहे।

### पारिवारिक पेंशन में देरी पर हाई कोर्ट का कड़ा रुख, पेंशन समिति व ट्रस्टियों को नोटिस

**रांची** : झारखंड उच्च न्यायालय ने विधवा द्वारा दायर पारिवारिक पेंशन याचिका पर सुनवाई करते हुए झारखंड एडवोकेट्स वेलफेयर पेंशन कमेटी और ट्रस्टी कमेटी को नोटिस जारी किया है। अदालत ने दोनों पक्षों को तीन सप्ताह के भीतर जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। यह याचिका झारखंड एडवोकेट्स वेलफेयर (पेंशन एवं फैमिली पेंशन) नियम, 2012 के तहत दायर की गई है। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति आनंदा सेन की पीठ में हुई। याचिकाकर्ता विधवा ने आरोप लगाया कि उनके पति की मृत्यु के बाद पारिवारिक पेंशन स्वीकृत करने में दो वर्षों से अधिक की अनावश्यक देरी की गई। सुनवाई के दौरान झारखंड स्टेट बार काउंसिल ने अदालत में उपस्थित होकर याचिकाकर्ता के दावे का समर्थन किया और कहा कि उन्हें पेंशन का अधिकार है।

याचिकाकर्ता के पति धनबाद न्यायालय क्षेत्र में अधिवक्ता थे और धनबाद बार एसोसिएशन के सदस्य थे। उन्होंने अगस्त 2022 में 10,000 रुपये की एकमुश्त राशि देकर पेंशन फंड की सदस्यता ली थी और झारखंड बार काउंसिल जर्नल के सदस्य भी थे। नवंबर 2023 में उनके निधन के बाद विधवा ने नियम 15(4) के तहत निर्धारित फार्म-डी में सभी आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन किया, लेकिन अब तक पेंशन स्वीकृत नहीं हुई। याचिकाकर्ता ने संविधान के अनुच्छेद 226 के तहत उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। याचिका में पेंशन के बकाया भुगतान के साथ 12 प्रतिशत ब्याज देने की मांग की गई है।

# सरकारी योजनाओं से जुड़कर आत्मनिर्भर बनें किसान : शिल्पी नेहा तिर्की

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** सिद्धू-कान्हू मैदान में जिला स्तरीय किसान मेला सह प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम का आयोजन जिला कृषि कार्यालय और आत्मा, रामगढ़ के संयुक्त प्रयास से किया गया। मेले में किसानों को आधुनिक खेती, नई तकनीक और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार किसानों की आय बढ़ाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने बताया कि कृषि विभाग की ओर से 80 से अधिक योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनका लाभ उठाकर किसान अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत कर सकते हैं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद विधायक ममता देवी ने क्षेत्र की कृषि समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने गोला प्रखंड के हाट की समस्या और नगर क्षेत्र के किसानों को योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाने की स्थिति पर ध्यान दिलाया। मेले में उत्कृष्ट फसल उत्पादन और नवाचार के लिए कई किसानों को सम्मानित किया गया। साथ ही पात्र लाभार्थियों के बीच कृषि से जुड़ी परिसंपत्तियों का वितरण भी किया गया, जिससे किसानों में उत्साह देखा गया। विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल में किसानों को उन्नत खेती, बीज, तकनीक और योजनाओं की जानकारी दी गई। इससे किसानों को नई जानकारी और बेहतर खेती के तरीके सीखने का अवसर मिला। कार्यक्रम में जिला परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, उप विकास आयुक्त, नगर परिषद के पदाधिकारी, सांसद प्रतिनिधि और 20 सूत्री समिति के सदस्य मौजूद रहे। इसके साथ ही जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए 1000 से अधिक किसानों ने भाग लिया। इस आयोजन ने किसानों को जागरूक करने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित किया।




## एक नजर

### रामनवमी जुलूस को लेकर अखाड़ा समितियों की बैठक समय और नियम तय

**कोडरमा :** जयनगर पूजा प्रबंध समिति दुर्गा मंदिर जयनगर की ओर से रामनवमी के अवसर पर जयनगर के 22 अलग-अलग गांवों के अखाड़ा समिति के पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पूजा प्रबंध समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र भाई मोदी ने की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सभी अखाड़ा समितियां अपने-अपने जुलूस के साथ शाम 4 बजे तक दुर्गा मंदिर परिसर पहुंचेंगी। इसके बाद सभी अखाड़े शाम 6 बजे तक दुर्गा मंदिर परिसर की परिक्रमा करेंगे और फिर वहां से श्री ग्रामदेवी मंदिर जयनगर के लिए प्रस्थान करेंगे। बैठक में यह भी तय किया गया कि जुलूस के दौरान मध्यम साउंड में भक्ति गीत बजाए जाएंगे और पारंपरिक साज-सज्जा के साथ लाठी, डंडा, भाला, गड़ासा, तलवार आदि पारंपरिक हथियारों का प्रदर्शन किया जाएगा। इस अवसर पर अध्यक्ष सुरेंद्र भाई मोदी ने संबोधित करते हुए कहा कि श्रीरामनवमी का पर्व आस्था, अनुशासन और भाईचारे का प्रतीक है। सभी अखाड़ा समितियों से उन्होंने अपील की कि जुलूस को शांतिपूर्ण, व्यवस्थित और मर्यादित तरीके से संपन्न कराएं, ताकि समाज में सौहार्द का संदेश जाए। ओके पर सुरेंद्र प्रसाद मोदी, सतीश पांडे, सुनील सिंह, साहित्य विभिन्न समिति के पदाधिकारी मौजूद थे।

### उज्ज्वला योजना के तहत 358 गैस कनेक्शन का किया गया वितरण

**कोडरमा :** जयनगर केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 3 मार्च तक बनाए गए लाभुकों को पथिक समिधा एचपी गैस ग्रामीण वितरक द्वारा 358 गैस कनेक्शन का वितरण किया गया। कार्यक्रम में जिला पार्षद उपाध्यक्ष निर्मला देवी, प्रखंड प्रमुख अंजू देवी, जिला पार्षद सदस्य केदारनाथ यादव, पंचायत समिति सदस्य सुरेंद्र राणा एवं धानेश्वर राणा उपस्थित रहे। इस मौके पर अतिथियों ने योजना की सराहना करते हुए कहा कि इससे ग्रामीण क्षेत्र के गरीब परिवारों को स्वच्छ ईंधन उपलब्ध हो रहा है, जिससे उनके स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार आ रहा है। कार्यक्रम के दौरान पथिक समिधा एचपी गैस एजेंसी के प्रोपराइटर सुरेंद्र भाई मोदी ने कहा कि एजेंसी विकट परिस्थितियों में भी अपने उपभोक्ताओं को बेहतर सेवा देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने गैस उपयोग के दौरान सुरक्षा उपायों पर भी विशेष जोर देते हुए उपभोक्ताओं को जागरूक किया।

### शहीद दिवस पर गोष्ठी युवाओं को संघर्ष के लिए किया गया प्रेरित

**जयनगर :** अखिल भारतीय नौजवान संघ, कोडरमा इकाई द्वारा निरंकारी भवन गोहाल में शहीद-ए-आजम भगत सिंह, राजगुरु एवं सुखदेव का 95वां शहादत दिवस मनाया गया। इस अवसर पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता संघ के जिला अध्यक्ष रंजन रजक ने की। गोष्ठी को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि आज भी देश में सामाजिक-आर्थिक असमानता बनी हुई है और शहीदों के सपनों का भारत पूरी तरह साकार नहीं हो पाया है। युवाओं से अपील की गई कि वे शहीदों के विचारों से प्रेरणा लेकर समाज में समानता और न्याय के लिए आगे आएं। वक्ताओं ने बेरोजगारी, महंगाई और युवाओं के पलायन जैसे मुद्दों पर चिंता जताते हुए सरकार की नीतियों की आलोचना की। साथ ही महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के शोषण और सामाजिक सुरक्षा जैसे विषयों पर भी आवाज उठाई गई। कार्यक्रम में यह भी कहा गया कि नौजवानों को संगठित होकर अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करना होगा और शहीदों के दिखाए रास्ते पर चलकर देश को बेहतर बनाने का संकल्प लेना होगा।

## रामनवमी को लेकर मरकच्चो थाना परिसर में शांति समिति की हुई बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**मरकच्चो :** रामनवमी पर्व को लेकर प्रखंड मुख्यालय स्थित थाना परिसर में सोमवार को शांति समिति बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रखंड प्रशासन के अधिकारी पंचायत प्रतिनिधि व सामाजिक कार्यकर्ता रामनवमी जुलूस के लाइसेंस धारी, गैर लाइसेंस धारी क्षेत्र के बुद्धिजीवी वर्ग उपस्थित हुए। बैठक कि अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी कोडरमा ओमप्रकाश मंडल ने की। बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड प्रमुख मरकच्चो विजय कुमार सिंह, अंचलाधिकारी परमेश्वर कुशवाहा, बी डी ओ हुलास महतो, इंस्पेक्टर अरविंद कुमार, थाना प्रभारी मरकच्चो नंदकिशोर तिवारी, सुरेन्द्र प्रताप सिंह, भा ज पा जिला उपाध्यक्ष राज कुमार यादव, झा मु मो प्रखण्ड अध्यक्ष दिवाकर तिवारी मुखिया बसन्त साव, जीप सदस्य प्रतिनिधि रवि शंकर तिवारी मंटू, मुख्य रूप से उपस्थित थे। प्रशासनिक पदाधिकारियों ने उपस्थित सभी लोगों से अपील करते हुए शांति सोहार्द तथा भाईचारगी के साथ रामनवमी पर्व मनाने को कहा। थाना प्रभारी नन्दकिशोर तिवारी ने कहा कि रामनवमी का पर्व शांतिपूर्ण तरीके से मनायें एवं सभी थाना क्षेत्र के अखाड़े वाले वोलेंटियर कि तैनाती करें।

## सतगावां सीएचसी में प्रसूता की मौत परिजनों ने लगाया लापरवाही का आरोप

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता





**कोडरमा :** सतगावां प्रखंड स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रसव के बाद एक महिला की हालत बिगड़ने और बाद में मौत हो जाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों ने अस्पताल परिसर में शव रखकर जमकर हंगामा किया और दोषियों पर कार्रवाई व मुआवजे की मांग की। मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम मोदीडीह, पोस्ट बासोडीह निवासी मो० मोहिका आलम ने बताया कि वह अपनी बहन तरन्नून प्रवीण को प्रसव के लिए 22 मार्च 2026 को करीब 1 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतगावां लेकर पहुंचे थे। दोपहर लगभग 3 बजे प्रसव कराया गया, जिसमें छोटा ऑपरेशन भी किया गया। परिजनों का आरोप है कि प्रसव के बाद महिला का अत्यधिक रक्तस्राव होने लगा। इसकी सूचना अस्पताल के डॉक्टरों और नर्सों को दी गई, लेकिन समय रहते उचित उपचार नहीं किया गया। स्थिति लगातार बिगड़ती गई, बावजूद इसके किसी ने गंभीरता नहीं दिखाई। बताया जाता है कि रात करीब 12:30 बजे महिला की हालत नाजुक होने पर उसे सदर अस्पताल, कोडरमा रेफर कर दिया गया। परिजन रात करीब 2 बजे सदर अस्पताल पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मरीज की गंभीर स्थिति बताते हुए इलाज में असमर्थता जताई। अंततः सुबह करीब 4 बजे प्रसूता की मौत हो गई। परिजनों ने आरोप लगाया है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सतगावां में गलत तरीके से ऑपरेशन किए जाने के कारण महिला के शरीर में गंभीर नुकसान हुआ और अत्यधिक रक्तस्राव के चलते उसकी जान चली गई।

## अपराध पर नकेल कसने को पुलिस अलर्ट, बरकाकाना में सघन अभियान



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरकाकाना :** जिले में बढ़ते अपराध पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से पुलिस ने बरकाकाना क्षेत्र में सख्त एंटी-क्राइम चेकिंग अभियान चलाया। वरीय अधिकारियों के निर्देश पर चलाए गए इस विशेष अभियान में पुलिस पूरी तरह सतर्क और सक्रिय नजर आई। बरकाकाना थाना प्रभारी उमा शंकर वर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने क्षेत्र के विभिन्न संवेदनशील स्थानों पर व्यापक चेकिंग अभियान संचालित किया। इस दौरान मुख्य सड़कों और चौक-चौराहों पर बैरिकेडिंग कर हर छोटे-बड़े वाहन को रोककर गहन जांच की गई। बाइक, कार और अन्य वाहनों के कागजातों की बारीकी से जांच करते हुए संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष नजर रखी गई। चेकिंग के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई और उनकी पहचान की पुष्टि की गई। पुलिस ने स्पष्ट किया कि इस तरह की कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना और अपराधियों पर सख्ती से लगाम कसना है। अभियान में एसआई हरदुगन होरों, गृह रक्षक प्रवीण कुमार और सीताराम प्रसाद सहित अन्य पुलिसकर्मी भी मौजूद रहे। सभी ने समन्वय के साथ अभियान को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। पुलिस अधिकारियों ने आम लोगों से अपील की है कि वे कानून व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें। अधिकारियों ने यह भी संकेत दिया कि आने वाले दिनों में इस तरह के अभियान और तेज किए जाएंगे। इस सघन चेकिंग अभियान से क्षेत्र में सक्रिय असामाजिक तत्वों के बीच हड़कंप की स्थिति है, वहीं आम नागरिकों ने पुलिस की इस पहल का स्वागत करते हुए सुरक्षा व्यवस्था पर संतोष जताया है।

## समाज को सशक्त और संगठित करने का मिशन है मंच : मोहित संघई



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**झुमरीतिलैया :** मारवाड़ी युवा मंच झुमरीतिलैया शाखा सत्र 2026-27 का का चुनाव श्री अग्रसेन भवन में संपन्न हुआ। चुनाव पदाधिकारी रितेश दुग्गड़ एवं राज पचीसिया ने चुनावी प्रक्रिया संपन्न कराया।इस अवसर पर मंच के संयोजक अर्जुन संघई ने दोनों चुनाव पदाधिकारी को अंग वस्त्र देखकर सम्मानित किया। इस दौरान अध्यक्ष राहुल जैन ने अपने कार्यों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया इसके उपरांत उन्होंने कहा कि युवा शक्ति राष्ट्र शक्ति होती है और मंच ने एक नई ऊंचाई प्राप्त हुई है और युवाओं का जो सहयोग हमें मिला है वह मिल का पत्थर साबित हुआ है, वहीं राहुल जैन ने मंच के सदस्यों से 30 मार्च को महावीर जयंती कार्यक्रम में पेयजल और शरबत कार्यक्रम आयोजित करने के साथ-साथ, कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की, साथ ही 24 मार्च को शिव वाटिका में संध्या 7:00 बजे से श्याम शरण में आ जा रे तत्वाधान में मासिक अरदास कीर्तन मैं शामिल होने की अपील की, यह कीर्तन श्याम प्रेमी गिरधारी सोमानी एवं मंच के सदस्य हर्षित सोमानी के द्वारा संपन्न होगा इस कार्यक्रम में भी मंच के सदस्यों को शामिल होने का आह्वान किया।

## खेती से आत्मनिर्भर बनीं बीना देवी अब पशुपालन से बढ़ाना चाहती हैं आय, सरकार से बकरी, गाय और शेड की मदद की मांग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** रामगढ़ जिले के मुर्राम बारी गांव की बीना देवी ने अपनी मेहनत और लगन के बल पर यह साबित कर दिया है कि सीमित संसाधनों के बावजूद आत्मनिर्भरता हासिल की जा सकती है। छोटकी लारी में जन्मी बीना देवी आज फूलों और विभिन्न सब्जियों की खेती कर न सिर्फ अपने परिवार का भरण-पोषण कर रही हैं, बल्कि गांव की अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणा बन गई हैं। अब वे खेती के साथ पशुपालन को जोड़कर अपनी आय बढ़ाने की दिशा में कदम बढ़ाना चाहती हैं।

**संघर्ष से सफलता तक का सफर**

बीना देवी का बचपन रजरप्पा थाना क्षेत्र के छोटकी लारी, कोरिया टाड़ में बीता, जहां उन्होंने बचपन से ही खेती-किसानी का अनुभव प्राप्त किया। विवाह के बाद मुर्राम बारी आने पर उन्होंने पारिवारिक जिम्मेदारियों के बीच खेती को ही अपना मुख्य आधार बनाया। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी और निरंतर मेहनत करती रहीं।

**खेती में विविधता से बनाई पहचान**

उन्होंने शुरूआत गेंदा फूलों की खेती से की और धीरे-धीरे अपनी पहचान बनाई। इसके बाद उन्होंने पालक, मेथी, भिंडी, लौकी के साथ-साथ गाजर, धनिया, ब्रोकली और पुदीना की खेती शुरू की। उनकी फसलें ताजा और गुणवत्तापूर्ण होने के कारण आसपास के लोग सीधे उनके खेत से ही खरीदारी करना पसंद करते हैं।

**चुनौतियों के बीच भी कायम रहा हौसला**

बीना देवी बताती हैं कि खेती के शुरूआती दौर में उन्हें मौसम की मार, लागत की कमी और बाजार की अनिश्चितता जैसी कई समस्याओं का सामना करना पड़ा। लेकिन उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और लगातार मेहनत के बल पर अपनी अलग पहचान बनाई।

**पशुपालन से बढ़ाना चाहती हैं आजीविका**

अब बीना देवी खेती के साथ बकरी और गाय पालन शुरू कर अपनी आय को और मजबूत करना चाहती हैं। इसके लिए उन्होंने सरकार से बकरी और गाय उपलब्ध कराने के साथ-साथ पशुओं के लिए शेड निर्माण की सुविधा देने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि उन्हें यह सहयोग मिल जाए, तो वे अपने काम को और बड़े स्तर पर विकसित कर सकती हैं।

**सरकारी सहयोग की दरकार**

स्थानीय लोगों का भी मानना है कि बीना देवी जैसी मेहनती महिलाओं को पशुपालन, सिंचाई, उन्नत बीज और प्रशिक्षण जैसी सुविधाएं मिलनी चाहिए, जिससे वे और आगे बढ़ सकें।

**प्रेरणा बनीं बीना देवी**

आज बीना देवी न केवल अपने परिवार का सहारा बनी हैं, बल्कि गांव की अन्य महिलाओं को भी आत्मनिर्भर बनने की राह दिखा रही हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### ए'ला एंगलाइज विद्यालय में शहीद दिवस पर भव्य आयोजन



**भुरकुंडा :** ए'ला एंगलाइज विद्यालय में शहीद दिवस पूरे सम्मान, अनुशासन और देशभक्ति के वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान अमर स्वतंत्रता सेनानियों भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। विद्यालय परिसर देशप्रेम की भावना से ओत-प्रोत नजर आया, जहां हर छात्र-छात्रा ने शहीदों के बलिदान को याद किया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रार्थना सभा से हुआ। इस दौरान विद्यार्थियों और शिक्षकों ने शहीदों के चित्रों पर पुष्प अर्पित किए और दो मिनट का मौन रखकर उनके सर्वोच्च बलिदान को याद किया। माहौल भावुक होने के साथ-साथ प्रेरणादायक भी रहा, जिसने सभी को आत्ममंथन का अवसर दिया। इसके बाद विद्यार्थियों ने देशभक्ति से प्रेरित भाषण, कविताएं और नाट्य प्रस्तुतियां दीं। इन प्रस्तुतियों ने उपस्थित सभी लोगों के भीतर देश के प्रति गर्व और समर्पण की भावना को और प्रबल किया। बच्चों की प्रस्तुति ने यह साबित किया कि नई पीढ़ी भी देश के इतिहास और शहीदों के योगदान से भली-भांति परिचित है। प्रधानाचार्य विजयंत कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि शहीदों का बलिदान केवल इतिहास का हिस्सा नहीं, बल्कि हमारे जीवन के लिए प्रेरणा है। उन्होंने छात्रों को ईमानदारी, जिम्मेदारी और देशहित को सर्वोपरि रखने की सीख दी। उन्होंने कहा कि एक सच्चा नागरिक वही है जो अपने कर्तव्यों को समझकर उनका पालन करे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान के साथ हुआ। सभी ने एक स्वर में राष्ट्रगान गाकर देश के प्रति अपनी आस्था और सम्मान व्यक्त किया। यह आयोजन विद्यार्थियों के लिए न केवल एक कार्यक्रम, बल्कि एक प्रेरणादायक अनुभव साबित हुआ। इस सफल आयोजन में अंजू पटेल, संजय कुमार, धर्मेश सोनी, जय किशोर प्रसाद महतो, कंचन सोनी, सूरजदेव सिंह, कंचन दास, सिद्धार्थ कुमार, अनुराग मद्धेशिया, गौरव कुमार साहू, कृष्णा अम्बष्टा, सुनील कुमार साव, अजीत शर्मा, अजीत सिंहा, वैभव कुमार, मंतोष कुमार गोप, ट्विंकल पॉल, सपना मिंज, सरिता कुमारी, शबाना खातून, सुमन खलखो, नीतू सिंह, रितिका गुप्ता, गीता प्रसाद, रुचि सिंह, सीमा हेंब्रम, शबनम बानो, चंचला कुमारी, ललिता कुमारी, काजल बनर्जी, सोनी कुमारी, बबीता कुमारी, शीला देवी, वर्षा टेटे और काजल सिंह की भूमिका सराहनीय रही।

### भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को पतरातू में दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि



**पतरातू :** शहादत दिवस के अवसर पर पतरातू स्थित शहीद भगत सिंह चौक पर भावपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें पत्रकारों, बुद्धिजीवियों, समाजसेवियों और क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने भाग लेकर देश के वीर सपूतों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम के दौरान पूरे परिसर में देशभक्ति का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने शहीद भगत सिंह की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। सभी ने एकजुट होकर उनके बलिदान को याद किया और देश के प्रति उनकी अमर सेवाओं को नमन किया। कार्यक्रम में शामिल लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर भी श्रद्धांजलि दी। प्रेस क्लब रामगढ़ के अध्यक्ष वीरू कुमार ने कहा कि भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव सच्चे क्रांतिकारी थे, जिन्होंने देश की आजादी के लिए हंसते-हंसते अपने प्राण न्योछावर कर दिए। उन्होंने कहा कि आज पूरा देश उनके बलिदान को याद करते हुए शहादत दिवस मना रहा है। उनके त्याग और समर्पण से हर नागरिक को प्रेरणा लेनी चाहिए। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि शहीदों का बलिदान हमें देश के प्रति जिम्मेदार बनने की सीख देता है। ऐसे आयोजनों से नई पीढ़ी को इतिहास और राष्ट्रभक्ति के महत्व को समझने का अवसर मिलता है। इस मौके पर नंद कुमार, सलीम अंसारी, सत्येंद्र पाठक, राजीव रंजन, अजीत सोलंकी, संतोष कुमार, वीरेंद्र कुमार भगत, संजय सिन्हा, विनोद कुमार, रघुनंदन प्रसाद, मुनसंब अंसारी, अजय तिवारी, विजेंद्र कुमार, अमित पाठक, सुमित पाठक, मनसूब अंसारी, विनोद करमाली, धीरज पाठक, राजेंद्र रजक, विश्वनाथ राम, बलवंत कुमार सिंह, बालेंद्र साव, कयूम अंसारी, अजीत ठाकुर समेत कई लोग उपस्थित रहे।

### रामगढ़ में मानवता की मिसाल : अधिवक्ता रोहित प्रकाश ने अनाथ बेटी की शादी में किया सहयोग



**रामगढ़ :** आज के दौर में जहां लोग अपने निजी जीवन में व्यस्त रहते हैं, वहीं हेसला वार्ड संख्या-12 में मानवता और संवेदनशीलता की एक प्रेरणादायक मिसाल देखने को मिली। सिविल कोर्ट रामगढ़ के अधिवक्ता रोहित प्रकाश ने एक अनाथ बेटी की शादी में सहयोग कर समाज के सामने एक सकारात्मक उदाहरण प्रस्तुत किया है। बदला हुआ नाम सोनम कुमारी की जिंदगी बचपन से ही कठिनाइयों से भरी रही। महज 5 वर्ष की उम्र में माता-पिता का साया सिर से उठ गया। सीमित संसाधनों के बीच पली-बढ़ी सोनम की शादी 24 मार्च 2026 को तय हुई है। ऐसे समय में रोहित प्रकाश ने आगे आकर उसका साथ दिया। रोहित प्रकाश और उनकी टीम ने बेटी को ड्रेसिंग टेबल, डाइनिंग टेबल और 21 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की। इस सहयोग से बेटी के नए जीवन की शुरूआत को मजबूती मिली। इस पहल में ज्ञान महिला समिति के अध्यक्ष बिनोद जायसवाल की भी अहम भूमिका रही। इस मौके पर रोहित प्रकाश ने कहा कि न्याय केवल अदालतों तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि समाज के जरूरतमंद लोगों तक भी पहुंचना चाहिए। उन्होंने कहा कि हर सक्षम व्यक्ति को आगे आकर जरूरतमंदों की मदद करनी चाहिए, ताकि कोई भी खुद को अकेला महसूस न करे। करीब 10 वर्षों से सिविल कोर्ट में कार्यरत रोहित प्रकाश एक कुशल अधिवक्ता के साथ-साथ संवेदनशील समाजसेवी के रूप में भी पहचाने जाते हैं। वे समय-समय पर गरीब और जरूरतमंद लोगों की मदद करते रहे हैं। स्थानीय लोगों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्य समाज में सकारात्मक बदलाव लाते हैं। उनका मानना है कि यदि हर सक्षम व्यक्ति इसी तरह सहयोग करे, तो कई जरूरतमंदों की जिंदगी संवर सकती है। यह पहल न केवल एक बेटी की शादी में सहयोग है, बल्कि समाज में मानवता और सहयोग की भावना को मजबूत करने का एक सशक्त संदेश भी है।

## एक नजर

### अनुमंडलीय अस्पताल में विश्व यक्ष्मा दिवस पर होगा कार्यक्रम आयोजित

**बरही :** बरही अनुमंडलीय अस्पताल परिसर में मंगलवार को विश्व यक्ष्मा दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में अस्पताल प्रशासन ने पत्र जारी कर विभिन्न लोगों को आमंत्रित किया गया है। इस मौके पर टीबी उन्मूलन को लेकर विशेष जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया जाएगा। कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को यक्ष्मा रोग के लक्षण, बचाव एवं उपचार के प्रति जागरूक किया जाएगा। अस्पताल के उपाधीक्षक ने इस अभियान में जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों एवं आम नागरिकों से सक्रिय भागीदारी की अपील की है, ताकि टीबी मुक्त समाज बनाने के लक्ष्य को हासिल किया जा सके।

### भिवाड़ी हादसे में मृत मजदूरों के श्राद्धक्रम में शामिल हुईं सविता महतो परिजनों को बंधाया ढांढस



**चांडिल :** हरियाणा के भिवाड़ी में हुए दर्दनाक हादसे में ईचागढ़ के दो मजदूरों की मौत के बाद सोमवार को उनके गांव में आयोजित श्राद्धक्रम में सविता महतो शामिल हुईं। उन्होंने मृतकों के परिजनों से मिलकर गहरा शोक व्यक्त किया और हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। मालूम हो कि हरियाणा के दिल्ली–जयपुर हाईवे के कापड़ियावास क्षेत्र स्थित सिगनेचर ग्लोबल सोसाइटी की एक निमार्णाधीन साइट पर खुदाई के दौरान अचानक मिट्टी धंस जाने से बड़ा हादसा हो गया था। इस हादसे में ईचागढ़ के दो समेत कुल छह मजदूरों की मौत हो गई थी। इस दर्दनाक घटना में ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के बुरुहातू निवासी शिव शंकर सिंह मुंडा और हुंडी निवासी परमेश्वर महतो की मौत हो गई थी। सोमवार को दोनों के गांव में श्राद्धक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विधायक सविता महतो पहुंचीं और परिजनों से मिलकर उनका दुख साझा किया। इस दौरान विधायक ने कहा कि यह बेहद दुखद और हृदयविदारक घटना है। बाहर काम करने गए मजदूरों की इस तरह मौत होना पूरे क्षेत्र के लिए बड़ी क्षति है। मालूम हो कि हादसे में मृत सभी मजदूरों के परिजनों को कंपनी की ओर से मुआवजा राशि प्रदान कर दी गई है। विधायक ने कहा कि यदि परिवारों को आगे किसी प्रकार की सहायता की जरूरत होगी तो वह हर स्तर पर सहयोग करने के लिए तैयार हैं। इस अवसर पर झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलू महतो, प्रखंड अध्यक्ष निताई उरांव, कृष्णा किशोर महतो, सपन आदित्यदेव, किशुन किस्कू, आदि काफी संख्या में ग्रामीण व परिजन उपस्थित थे।

### यूथ विंग का भव्य रक्तदान शिविर 13 अप्रैल को, सांसद को सौंपा गया आमंत्रण

# युवाओं से अपील-अधिक से अधिक रक्तदान कर मानवता की सेवा में आगे आएं : मनीष जायसवाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय हजारीबाग यूथ विंग द्वारा आगामी 13 अप्रैल दिन सोमवार को शहर के लक्ष्मी सिनेमा हॉल सभागार में एक भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन को सफल बनाने और जनप्रतिनिधियों की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से संस्था के एक प्रतिनिधि मंडल ने संरक्षक चंद्रप्रकाश जैन एवं अध्यक्ष करण जायसवाल के निर्देश पर हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल से मुलाकात कर उन्हें मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने हेतु औपचारिक आमंत्रण पत्र सौंपा। प्रतिनिधि मंडल में संस्था के उपाध्यक्ष विकास तिवारी, सचिव रितेश खण्डेलवाल, मार्गदर्शक जयप्रकाश खण्डेलवाल एवं संजय कुमार उपस्थित रहे। इस दौरान सदस्यों ने रक्तदान शिविर की तैयारियों और इसके उद्देश्य की विस्तृत जानकारी दी। संस्था ने इस वर्ष 500 यूनिट रक्त संग्रह का लक्ष्य निर्धारित किया है,जिससे जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराया जा सके। शिविर में रक्तदान करने वाले प्रत्येक रक्तदाता को संस्था की ओर से सड़क सुरक्षा की दृष्टिकोण से हेलमेट भेंट देकर सम्मानित किया जाएगा, वही इस कार्यक्रम में हजारीबाग पुलिस विभाग का विशेष सहयोग प्राप्त हो रहा है। इस अवसर पर सांसद मनीष जायसवाल ने संस्था की इस सराहनीय पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है, जिससे अनगिनत लोगों की जान बचाई जा सकती है। उन्होंने युवाओं एवं आम नागरिकों से अपील की कि वे इस सामाजिक कार्य में बढ़-चढ़कर भाग लें और जरूरतमंदों की सहायता के लिए आगे आएं। उन्होंने यह भी कहा कि रक्तदान से किसी स्वस्थ व्यक्ति को कोई हानि नहीं होती, बल्कि यह शरीर के लिए लाभकारी होता है और समाज में सहयोग व एकजुटता की भावना को मजबूत करता है। संस्था के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने कहा कि रक्तदान एक महान सेवा है, जिससे किसी जरूरतमंद को नया जीवन मिल सकता है। हजारीबाग यूथ विंग हर वर्ष इस अभियान को और अधिक व्यापक बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। वहीं अध्यक्ष करण जायसवाल ने बताया कि इस वर्ष संस्था ने बड़ा लक्ष्य निर्धारित किया है, जिसे पूरा करने के लिए युवाओं की भागीदारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी नागरिकों से अपील की कि वे 13 अप्रैल को आयोजित इस शिविर में शामिल होकर रक्तदान करें और समाज सेवा में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। संस्था को उम्मीद है कि समाज के सभी वर्गों का सहयोग इस आयोजन को सफल बनाएगा और यह अभियान मानवता की सेवा का एक प्रेरणादायक उदाहरण बनेगा।

## शहीद भगत सिंह चौक पर सीपीआईएम के द्वारा श्रद्धांजलि कार्यक्रम का किया गया आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**मुरी :** शहीद दिवस के अवसर पर बड़ा मुरी स्थित शहीद भगत सिंह चौक पर सीपीआईएम द्वारा श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान शहीद-ए-आजम भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को गगनचुंबी नारों के बीच लाल झंडा फहराकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।कार्यक्रम में झंडोत्तोलन संतोष कुम्हार द्वारा किया गया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि आज देश को धर्म के नाम पर बांटा जा रहा है, जो भगत सिंह के सपनों के भारत के विपरीत है।उन्होंने कहा कि भगत सिंह का सपना शोषणमुक्त, धर्मनिरपेक्ष और जातिवाद मुक्त समाज का निर्माण करना था, जो आज कहीं दिखाई नहीं देता। सदानंद सोनार ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी केवल भगत सिंह की तस्वीरों तक सीमित रह गई है, जबकि उनके विचारों को समझने और अपनाने की जरूरत है। अरुण महतो ने सामाजिक न्याय के लिए भगत सिंह के विचारों को गांव-गांव तक पहुंचाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में जितेंद्र महतो, दीपक सोनार, अक्लू महतो, राजेश कुम्हार, अमित कुमार, निखिल सोनार, अनुरोध कोइरी,एस. शशिशंकर समेत सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## 40-50 वर्षों से पेयजल संकट झेल रहे पचंदा गांव के ग्रामीण, खराब पड़े चापाकल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड से 26 किलोमीटर दूर आंगों पंचायत स्थित पचंदा गांव के ग्रामीण पेयजल संकट की समस्या से जूझ रहे हैं। गर्मी के दिनों में यह समस्या पहली बार नहीं है बल्कि विगत 40- 50 वर्षों से निरंतर चला आ रहा है। जब भी गर्मी के दिन आती हैं तब गांव में पेयजल की समस्या उभरने लगती है। कुछ वर्ष पूर्व गांव में समाजसेवी कोलेश्वर गंझु के प्रयास से गांव में 2 चापाकल लगवाए गए थे। परंतु दोनों चापाकल खराब पड़े हैं दोनों चापाकल 3 वर्षों से खराब है। पानी के किल्लत के कारण महिलाओं को नदी की तरफ रुख करना पड़ता है। तब कहीं जाकर घर में खाना पकता है ,प्याज बुझती है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के पिंडरा टोला में एक कुआं ऊपर टोला में एक कुआं एवं बीच टोला में एक कुआं है कुल तीन कुआं है जिसमें बीच टोला के कुआं सूखने के कगार पर है। बताते चलें कि पचंडा गांव में लगभग 100 घर हैं जिसमें 4:30 सौ से लेकर 500 लोग निवास करते हैं। आजादी के बाद से पचंडा नदी पर पुल नहीं रहने के कारण लोगों को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। पुल की समस्या को देखते हुए कोलेश्वर गंझु के प्रयास से सरकार के द्वारा पिछले वर्ष से पुल का निर्माण भी कराया जा रहा है।

## सरहुल महोत्सव में थीरके पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा व विधायक सविता महतो





प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**ईचागढ़ :** कुकड़ू प्रखंड क्षेत्र के डाटम गांव के बिरसा चौक में सोमवार को बिरसा मुण्डा सरना समिति द्वारा सरहुल महोत्सव का आयोजन किया गया। सरहुल पूजा में पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा एवं विधायक सविता महतो भी उपस्थित हुए एवं मां सरहुल से क्षेत्र की मंगल कामना किया। आदिवासी रिती रिवाज से नाया द्वारा सरहुल पूजा कर सखुआ पुष्प अर्पित किया गया। लोगों के बीच प्रसाद का वितरण एवं भंडारा का भी आयोजन किया गया। वहीं रांची के तमाड़ के प्राकृतिक सरहुल नृत्य पार्टी, सरहुल युवा समिति तामराना एवं बंगाल के पुरूलिया जिला के कदमडीह सरहुल दल के द्वारा सरहुल नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। वहीं मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि 1929 में फोरेस्ट एक्ट बना, जिसमें वनाधिकार से जनजाति समुदाय को वंचित किया गया। उन्होंने ग्राम सभा के अधिकार में जंगल है, सिर्फ समाज को जागरूक करने की जरूरत है। उन्होंने समाज को नशा से दूर रहने और शिक्षा को अपनाने का अपील किया। उन्होंने सरहुल एवं सेंदरा का परम्परा का इतिहास का भी बखान किया। वहीं विधायक सविता महतो ने जन समुह को संबोधित करते हुए कहा कि सरहुल एक प्राकृतिक पुजा है,जल जंगल जमीन की रक्षा का सीख देता है। सरहुल महोत्सव में पूर्व पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा ने मादल बजाकर एवं विधायक सविता महतो महिलाओं के साथ सरहुल नृत्य कर महोत्सव को और रोमांचक बना दिया। मौके पर आदित्यपुर के मेयर संजय सिंह सरदार, विधायक के आप्त सचिव काबलु महतो,प्रमुख प्रतिमा बाला सिंह पातर,खुदी सिंह सरदार, बंकेश्वर सिंह मुण्डा, अजित सिंह मुण्डा,पप्पू वर्मा, सारथी महतो, मंगल सिंह मुण्डा,रामलाल सिंह मुण्डा , गोरा चांद सिंह मुण्डा, उमेश सिंह मुण्डा आदि उपस्थित थे।

## एनएमडीसी कोल कंपनी के खिलाफ एकजुट हुए ग्रामीण, कंपनी के खिलाफ दिखा आक्रोश



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव :** एनएमडीसी रहने कोल खानम कंपनी की नीतियों और समस्याओं को लेकर स्थानीय ग्रामीणों का आक्रोश बढ़ता जा रहा है। अपनी मांगों को मजबूती से रखने और हक-अधिकार की लड़ाई लड़ने के लिए ग्रामीणों ने एक विशाल बैठक कर रोहने प्रभावित अधिकार मोर्चा₹ की नई अस्थायी संचालन समिति का गठन किया है। इस नई समिति में सर्वसम्मति से विजय यादव को अध्यक्ष चुना गया है। ग्रामीणों का मानना है कि एक मजबूत नेतृत्व ही कंपनी के खिलाफ उनकी आवाज को बुलंद कर सकता है।समिति का पूर्ण विवरण बैठक में संगठन को विस्तार देते हुए निम्नलिखित पदाधिकारियों की घोषणा की गई। अध्यक्ष विजय यादव, सचिव महेश यादव, उपाध्यक्षसत्येंद्र कुमार, रोहित कुमार साहू, जैकब सोरेन, पप्पू खान, धनु यादव, सुभाष प्रजापति, जगदीश राम सह सचिवराजेश साव, सुरेश प्रजापति, सुदामा रजक, बासुदेव यादव, अशोक पासवान, गणेश सोरेन,कोषाध्यक्ष बादल कुमार । सह कोषाध्यक्ष खिरोधर प्रजापति, दीपू प्रजापति, विकाश कुमार यादव को बनाया गया वहीं संरक्षक मंडल आंदोलन को सही दिशा देने और अनुभवी मार्गदर्शन के लिए एक संरक्षक मंडल का भी चुनाव किया गया है, जिसमें नागेश्वर यादव, बेचन साव, सुरेश राम रजक, लालचंद यादव, धनेश्वर साव, मनोज यादव, जागो एक्का, गणेश मांझी, किशोर हंसदा, उमेश सोरेन, चंदन गंझू, बालेश्वर गंझू, सीताराम यादव, शोले नायक, राजू मुर्मू, हीरालाल सोरेन और शिकारी टुडू शामिल हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### थाना प्रभारी ने चलाया अवैध शराब भट्ठी के खिलाफ अभियान



**पटमदा :** पटमदा थाना प्रभारी विष्णु चरण भोगता ने थाना क्षेत्र के माचा जंगल में चल रहे अवैध शराब भट्ठी को विनष्ट किया गया। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी विष्णु चरण भोगता ने बताया कि नशा मुक्ति मेरी प्राथमिकता में है। वही शराब का सेवन कर वाहन चलाने वालों पर भी आगामी त्यौहार के दौरान विशेष नजर रखा जाएगा। वही अवैध शराब कारोबारियों को भी सुधर जाने की चेतावनी दी गई। इस दौरान पटमदा थाना के पुलिस बल भी अभियान में शामिल थे। वही किसी की गिरफ्तारी नहीं हो पाई। वही पटमदा थाना परिसर में ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों के साथ नशा मुक्ति सहित सड़क सुरक्षा पर जागरूकता अभियान चलाने का संकल्प दिलाया गया।

### शहादत दिवस पर भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को दी गई श्रद्धांजलि



**ईचागढ़ :** सोमवार को हमारे देश के आजादी आंदोलन के गैर–समझौतावादी धारा के महान क्रांतिकारी शहीद–ए–आजम भगत सिंह, सुखदेव एवं राजगुरु का शहादत दिवस है। इस अवसर पर छात्र संगठन ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स ऑर्गेनाइजेशन सिंहभूम कॉलेज कमिटी की ओर से शहादत दिवस का कार्यक्रम कॉलेज में मनाया गया। शहीद भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरु के फोटो पर माल्यार्पण के पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित एआईडीएसओ सरायकेला खरसावां जिला अध्यक्ष विशेश्वर महतो ने कहा कि भगत सिंह ने अपने छोटे से जीवन में राजनीतिक एवं दार्शनिक समझ के साथ संघर्ष की जो मिसाल पेश की वह आज भी प्रेरणा का स्रोत है। मात्र 24 वर्ष की आयु में उन्होंने ब्रिटिश हुकूमत की नींव हिला दी। भगत सिंह और उनके साथियों ने एक ऐसे भारत का सपना देखा था, जहाँ शोषण न हो, इंसान की पहचान धर्म–जाति से नहीं बल्कि इंसानियत से हो, और हर व्यक्ति को रोटी, कपड़ा और मकान मिले। लेकिन आजादी के बाद भी गरीबी, बेरोजगारी, महंगाई, अशिक्षा, भ्रष्टाचार और बढ़ते अपराध जैसी समस्याएं बनी हुई हैं। आज भी मूलभूत सुविधाएं पूरी तरह सब तक नहीं पहुंच पाई हैं। वर्तमान व्यवस्था के खिलाफ जनता में आक्रोश बढ़ रहा है, लेकिन शासक वर्ग द्वारा भगत सिंह जैसे क्रांतिकारियों के विचारों को दबाने और भुलाने की कोशिश की जा रही है। युवाओं को भटकाने के लिए भोगवादी संस्कृति को बढ़ावा दिया जा रहा है। स्कूलों को बंद कर शराब दुकानों को खोला जा रहा है, अश्लील सिनेमा साहित्य, अग्रेसिव गेम्स और हिंसक वेब सीरीज को बढ़ावा देकर छात्रों के चारित्रिक गुणों को नष्ट कर हिंसक और असंवेदनशील बनाया जा रहा है। इसीलिए आज जरूरत है इन साजिशों को समझें और भगत सिंह के विचारों को अपनाएं। आज के कार्यक्रम में जिला सचिव युधिष्ठिर प्रमाणिक, कॉलेज कमिटी अध्यक्ष कान्हू टुडू, सचिव राजा प्रामाणिक व साथ में रोहित प्रामाणिक, विक्रम मुंडा, ठाकुरदास प्रामाणिक आदि उपस्थित थे।

### योगेंद्र साव को कांग्रेस से निष्कासन किए जाने के विरोध में कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन



**बड़कागांव :** पूर्व मंत्री योगेंद्र साव को झारखंड प्रदेश कांग्रेस पार्टी द्वारा 3 वर्ष के लिए निष्कासित किए जाने के विरुद्ध में बड़कागांव के कांग्रेसियों ने विरोध प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन सोमवार को बड़कागांव स्थित समाधान भवन के प्रांगण में किया गया। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे ने कहा कि पूर्व मंत्री योगेंद्र साव 2013 अधिनियम के तहत विस्थापितों को मुआवजा दिलाने व रोजगार दिलाने को लेकर के आंदोलन कर रहे थे । इसके बावजूद भी उनका घर को एनटीपीसी द्वारा गिरा दिया गया। जिससे विचलित होकर पूर्व मंत्री ने अपनी पीड़ा व्यक्त किया था। इसी कारण कांग्रेस के झारखंड प्रदेश कमेटी ने उन्हें 3 वर्षों के लिए निष्कासित कर दिया गया। जो बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के हर कांग्रेसियों को अपमान लगा। जमाल सगीर ने कहा कि प्रदेश कमेटी ने जल्दी बाजी में यह निर्णय लिया है। इसलिए पूर्व मंत्री योगेंद्र साव का निलंबन वापस किया जाए। इसके बाद कांग्रेसियों ने निर्णय लिया कि पूर्व मंत्री योगेंद्र साव को कांग्रेस से निकाले जाने को लेकर रामनवमी पर्व के बाद प्रदेश कांग्रेस के कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया जाएगा। कांग्रेसियों का कहना है कि पूर्व मंत्री योगेंद्र साव, पूर्व विधायक निर्मला देवी एवं पूर्व विधायक अंबा प्रसाद के नेतृत्व में कांग्रेस को मजबूती मिली थी। क्षेत्र विधानसभा क्षेत्र में लगातार तीन बार कांग्रेस को जीत दिलाई। पूर्व मंत्री केवल टेबल पॉलीटिशियन नहीं हैं,बल्कि जमीनी नेता है। यह हमेशा जनता की बीच में रहकर ज्वलंत मुद्दों को उठाते रहते हैं।

# मुखिया जनप्रतिनिधियों के उन्मुखीकरण पर कार्यशाला का हुआ आयोजन, उत्कृष्ट कार्य को लेकर जनप्रतिनिधि हुए सम्मानित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** मंत्री दीपिका पांडेय सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के मुखियागण हेतु एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन बहुउद्देशीय परीक्षा भवन, विनोबा भावे विश्वविद्यालय, हजारीबाग में किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पंचायत स्तर पर सुशासन को सुदृढ़ करना, विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करना तथा जनप्रतिनिधियों की क्षमता संवर्धन करना था। अपने संबोधन में माननीय मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा ग्राम एवं ग्रामीणों के समग्र विकास हेतु अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं, जिन्हें धरातल पर उतारने में मुखियागण की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि 318 करोड़ रुपये की राशि इस प्रमंडल की ग्राम पंचायतों को उपलब्ध कराई गई है तथा शेष राशि 31 मार्च तक उपलब्ध करा दी जाएगी। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए "ज्ञान केंद्र" योजना के अंतर्गत 928 केंद्र स्थापित किए गए हैं, जहां बेंच, डेस्क, पुस्तकें, कंप्यूटर एवं इंटरनेट जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। उन्होंने कहा कि धनबाद जिला उत्कृष्ट कार्य करते हुए एक मॉडल के रूप में उभरकर सामने आया है, जिससे अन्य जिलों को प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। माननीय मंत्री ने बताया कि पंचायतों की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति हेतु प्रत्येक पंचायत को 15,000 रुपये प्रतिमाह उपलब्ध कराए जा रहे हैं, जिससे पेयजल, स्वच्छता एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित की जा सकें। उन्होंने गर्मी को देखते हुए सभी मुखियागण से जल जीवन मिशन के तहत प्रत्येक घर तक नल के माध्यम से पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने का अनुरोध किया, ताकि किसी भी ग्रामीण को जल संकट का सामना न करना पड़े। माननीय मंत्री ने यह भी अवगत कराया कि राज्य बजट का 34 प्रतिशत हिस्सा महिलाओं एवं बच्चों के लिए आवंटित किया गया है। साथ ही पंचायत केंद्रों एवं पंचायत भवनों में आधार कार्ड निर्माण सहित विभिन्न जनोपयोगी सेवाएं प्रारंभ करने की दिशा में विभाग कार्यरत है।


**कार्यालय जिला परिषद्, कोडरमा**

ddczpkoderma@gmail.com

**अतिअल्पकालीन नीलामी**

**हाट–बाजार, बासोडीह (बरियारडीह), सतगावां प्रखंड**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वर्ष 2026–27 (1 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 तक) के लिए जिला परिषद् अन्तर्गत सैरात हाट–बाजार, बासोडीह (बरियारडीह) प्रखंड–सतगावां की बंदोबस्ती उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद्, कोडरमा के सभागार कक्ष जिला ग्रामीण विकास भाखा, कोडरमा में निम्नांकित तिथि एवं समय को सम्पन्न की जायेगी।

| क्र0 | सैरात का नाम | सुरक्षित जमा राशि | जमानत की राशि | नीलामी की तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | बासोडीह हाट–बाजार (बरियारडीह) प्रखंड–सतगावां | 1,10,400.00 | 11,040.00 | 30.03.2026 05.00 अप0 |

इच्छुक व्यक्ति / फर्म उपरोक्त कॉलम 4 में अंकित राशि के बैंक ड्राफ्ट के साथ आवश्यक दस्तावेज संलग्न कर नीलामी भुरु होने के एक घंटे पूर्व तक जमा कर नीलामी में भाग ले सकते हैं। कॉलम 4 में अंकित राशि का बैंक ड्राफ्ट **उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद्, कोडरमा** के पदनाम से देय तथा बैंक ऑफ महाराष्ट्र, कोडरमा शाखा में भुगतेय होगा। उक्त नीलामी से संबंधित नियम एवं भार्त्त जिला परिषद्, कोडरमा के कार्यालय सूचना पट्ट तथा कोडरमा जिले के वेबसाईट www.koderma.nic.in पर देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद्, कोडरमा।

PR.NO. 375846 Panchayati Raj(25-26):D

# नक्सल मुक्त भारत की संकल्पना होने लगी साकार

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने भारत को नक्सल-मुक्त बनाने की समय सीमा 31 मार्च 2026 तय की थी। इसलिए यह जानना जरूरी है कि क्या सचमुच सरकार ने इतनी बड़ी सफलता हासिल कर ली है? क्या अब नक्सल हिंसा में किसी नागरिक को बेवजह जान नहीं गंवानी पड़ेगी? यह कहने में अब किसी को संकोच नहीं होना चाहिए कि भारत सचमुच वामपंथी उग्रवाद को जड़ से उखाड़ फेंकने में ऐतिहासिक सफलता हासिल कर चुका है। आंकड़े इसके गवाह हैं। जहां 2014 में नक्सल प्रभावित जिलों की संख्या 126 थी, वह 2025 के अंत तक घटकर सिर्फ तीन ही रह गई और उनमें भी कोई बड़ा नक्सली नेता जीवित या सक्रिय नहीं बचा। यानी नक्सल हिंसा से मुक्ति की संकल्पना सच होने लगी है। एक समय था जब छत्तीसगढ़, झारखंड, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश और बिहार समेत आधा दर्जन राज्यों में रेड कॉरिडोर स्थापित था। जहां से नक्सली बड़े बड़े हिंसक अभियान चलाते थे। लेकिन 2014 के बाद शुरू हुए नक्सल उन्मूलन अभियान ने तस्वीर बदल कर रख दी है। एक दशक से भी कम समय में नक्सल प्रभावित इलाकों में 600 से ज्यादा नए और आधुनिक पुलिस थाने बनाए गए हैं और हर जगह आसानी से सुरक्षा बलों को पहुंचाने के लिए महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे तैयार किए गए हैं। लेकिन जो नक्सली हिंसा छोड़कर मुख्यधारा में लौटने के लिए तैयार हुए, उन्हें आत्मसमर्पण के लिए सम्मानजनक जीवन के विकल्प भी दिए गए। उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों के लोगों के लिए विकास और सुरक्षा की योजनाएं ईमानदारी से लागू की गई हैं और और जिन अतिवादियों ने फिर भी हिंसा का मार्ग नहीं छोड़ा, उनके सफाए के लिए सीएपीएफ (केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल) को पूर्ण अधिकार दे दिया गया। सुरक्षा बलों को जब ऑपरेशन वाले क्षेत्र के नक्शे, हेलीकॉप्टर और अन्य सभी जरूरी संसाधन उपलब्ध कराए गए तो कुछ समय बाद ही नक्सलियों की बादशाहत खत्म होने लगी। घात लगाकर हमलों और छापों के जरिए निर्दोष लोगों को मारने वाले नक्सली खुद को बचाने में ही परेशान होने लगे। सबसे बड़ी बात यह रही कि नक्सल विरोधी अभियानों में नियमित सैनिकों को शामिल नहीं किया गया। इतिहास की बात करें तो 60 के दशक में नक्सल आंदोलन का जन्म बंगाल में आदिवासियों के खिलाफ पुलिस और जमींदारों के बीच संघर्ष के कारण हुआ, लेकिन जब पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना के नेता माओ जेडोंग इस आंदोलन के वैचारिक केंद्र बन गए तो इसका स्वरूप भारतीय सरकारों के खिलाफ विद्रोह के रूप में बदल गया। नक्सलियों के लिए हथियार पश्चिम बंगाल में ही बनाए जाने लगे। कोलकाता का प्रेसीडेंसी कॉलेज नक्सलवाद का गढ़ बन गया। फिर सान्याल और मजूमदार के गुट वाली वामपंथी पार्टी ने हिंसक क्रांति का मार्ग चुना और भारतीय राज्य की नींव को ही उखाड़ फेंकने का विचार फैलाया। बाद में कुछ राजनीतिक पार्टियां भी सत्ता के लिए नक्सलियों का इस्तेमाल करने लगीं। वर्ष 2004 में जब पीपुल्स वार ग्रुप और माओइस्ट कॉम्युनिस्ट सेंटर का विलय हुआ तो हिंसा उन इलाकों में भी फैल गई जहां पहले शांति थी। भारतीय सत्ता के खिलाफ लगातार हिंसक संघर्ष देखा गया। छत्तीसगढ़ का दंतेवाड़ा नक्सल गतिविधियों का एक बहुत बड़ा केंद्र बन गया। वर्ष 2010 में 76 सी आरपीएफ जवानों का कत्ल हुआ तो 2012 में छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले के कलेक्टर का अपहरण हो गया और फिर 2013 में सलवा जुडूम शुरू करने वाले महेंद्र कर्मा समेत कई बड़े नेताओं और सुरक्षा कर्मियों की हत्या नक्सलियों ने कर दी। लेकिन 2014 में अपनी सरकार बनाने से पहले ही नरेन्द्र मोदी ने छत्तीसगढ़ की धरती से ही यह ऐलान कर दिया कि धरती को लाल करने का नारा देने वाले या तो धरती को हरा-भरा करने के उद्देश्य के साथ मुख्यधारा में लौट आएं या फिर आरपार की लड़ाई के लिए तैयार हो जाएं। जब गृह मंत्री के रूप में अमित शाह ने जिम्मेदारी संभाली तो तय हो गया कि अब भारत वामपंथी उग्रवाद को सहन नहीं करेगा और इसे पूरी तरह से खत्म करने का अभियान शुरू किया जाएगा।

# तेज होती हथियारों की होड़ और अस्थिर होती विश्व व्यवस्था

**ललित गर्ग**

तेज होती हथियारों की होड़ और अस्थिर होती विश्व व्यवस्था आज मानव सभ्यता के सामने सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक बनकर खड़ी है। दुनिया एक ऐसे मोड़ पर पहुंच गई है जहां युद्ध केवल सीमाओं पर लड़े जाने वाले संघर्ष नहीं रह गए हैं, बल्कि उनका प्रभाव पूरी वैश्विक अर्थव्यवस्था, ऊर्जा व्यवस्था, पर्यावरण, सृष्टि-संतुलन, खाद्य सुरक्षा और सामाजिक स्थिरता तक पहुंच रहा है। पश्चिम एशिया में बढ़ता तनाव, ईरान और इजरायल के बीच हमलों का नया दौर, अमेरिका की रणनीतिक भूमिका, रूस-यूक्रेन युद्ध और चीन-ताइवान तनाव जैसे अनेक घटनाक्रम मिलकर यह संकेत दे रहे हैं कि दुनिया एक बार फिर हथियारों की दौड़ और शक्ति संतुलन की राजनीति की ओर लौट रही है। यह स्थिति केवल राजनीतिक या सामरिक नहीं, बल्कि मानवीय संकट का संकेत भी है, क्योंकि जब दुनिया हथियारों पर ज्यादा खर्च करती है तो विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यावरण जैसे क्षेत्र पीछे छूट जाते हैं।

आज हर देश अपनी सुरक्षा के नाम पर हथियार खरीद रहा है, सेना को मजबूत कर रहा है और सैन्य बजट बढ़ा रहा है। यह एक ऐसी दौड़ बन गई है जिसमें कोई भी देश पीछे नहीं रहना चाहता। लेकिन विडंबना यह है कि जितने अधिक हथियार बढ़ रहे हैं, दुनिया उतनी ही असुरक्षित होती जा रही है। सुरक्षा की यह मानसिकता वास्तव में असुरक्षा का ही परिणाम है। एक देश हथियार बढ़ाता है तो दूसरा देश भी हथियार बढ़ाता है और इस तरह एक अविश्वास का वातावरण बन जाता है। यह अविश्वास ही युद्ध की जमीन तैयार करता है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि आने वाले वर्षों में दुनिया का सैन्य खर्च कई गुना बढ़ जाएगा और यह पैसा मानव विकास के बजाय विनाश की तैयारी में खर्च होगा। यह स्थिति मानव सभ्यता के लिए शुभ संकेत नहीं है। पश्चिम एशिया का संकट इस समय दुनिया के लिए सबसे बड़ा खतरा बनता दिखाई दे रहा है। ईरान और इजरायल के बीच बढ़ते हमले, समुद्री मार्गों की सुरक्षा को लेकर तनाव और बड़े देशों की प्रत्यक्ष या परोक्ष भागीदारी ने इस क्षेत्र को युद्ध के कगार पर खड़ा कर दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा समुद्री मार्ग खोलने की चेतावनी को खारिज करते हुए ईरान ने इजरायल पर हमलों का नया दौर शुरू किया है, जिससे यह संकट और अधिक गंभीर हो गया है। यदि यह संघर्ष लंबा चलता है तो इसका प्रभाव केवल इस क्षेत्र तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरी दुनिया पर पड़ेगा, क्योंकि यह क्षेत्र दुनिया की ऊर्जा आपूर्ति का केंद्र है।

दुनिया की अर्थव्यवस्था का बड़ा हिस्सा तेल और गैस पर निर्भर है और पश्चिम एशिया तेल उत्पादन का सबसे बड़ा क्षेत्र है। यदि वहां युद्ध बढ़ता है या समुद्री मार्ग बाधित होते हैं तो तेल की कीमतें तेजी से बढ़ेंगी। तेल महंगा होगा तो पेट्रोल-डीजल महंगा होगा, परिवहन महंगा होगा, उत्पादन लागत बढ़ेगी और अंततः हर वस्तु महंगी हो जाएगी। यानी एक वैश्विक महंगाई का दौर शुरू हो सकता है। महंगाई बढ़ने से गरीब और मध्यम वर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित होगा। इसके साथ ही वैश्विक अर्थव्यवस्था मंदी की ओर भी जा सकती है। पहले से ही कई देश आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं और यदि ऊर्जा संकट बढ़ता है तो स्थिति और गंभीर हो जाएगी। भारत जैसे देश भी इस स्थिति से अछूते नहीं रह सकते, क्योंकि भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा आयात करता है। इसी खतरे को देखते हुए भारत सरकार ने ऊर्जा आपूर्ति, पेट्रोल-डीजल, गैस और उर्वरकों की उपलब्धता बनाए रखने को लेकर तैयारी शुरू कर दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंत्रियों के साथ आपात बैठक कर ऊर्जा आपूर्ति को सुचारू बनाए रखने और संभावित संकट से निपटने की रणनीति पर चर्चा की। केवल केंद्र सरकार की तैयारी पर्याप्त नहीं होगी, राज्य सरकारों को भी इस स्थिति को समझते हुए ऊर्जा संरक्षण, आपूर्ति प्रबंधन और आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने की दिशा में कदम उठाने होंगे।

इस पूरे परिदृश्य में सबसे बड़ी चिंता यह है कि दुनिया युद्ध को रोकने के बजाय उसकी तैयारी ज्यादा कर रही है। युद्ध शुरू करना आसान होता है, लेकिन उसे रोकना बहुत कठिन होता है। इतिहास गवाह है कि कई युद्ध ऐसे हुए जो कुछ दिनों के लिए शुरू हुए लेकिन वर्षों तक चलते रहे और उन्होंने पूरी दुनिया को प्रभावित किया। आज भी यदि पश्चिम एशिया का युद्ध फैलता है तो यह केवल दो या तीन देशों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि बड़े देशों की भागीदारी से यह वैश्विक संघर्ष का रूप ले सकता है। इसलिए यह जरूरी हो गया है कि विश्व के बड़े देश आगे बढ़कर युद्ध विराम की पहल करें और वार्ता का रास्ता निकालें। अमेरिका की भूमिका इस पूरे संकट में बहुत महत्वपूर्ण है। यदि अमेरिका चाहे तो वह इजरायल पर दबाव डाल सकता है, ईरान के साथ वार्ता शुरू करा सकता है और संयुक्त राष्ट्र के माध्यम से युद्ध विराम की दिशा में कदम उठा सकता है। कूटनीति का रास्ता हमेशा युद्ध से बेहतर होता है, क्योंकि युद्ध में अंततः नुकसान सभी का होता है। युद्ध में सैनिक मरते हैं, नागरिक मरते हैं, शहर बर्बाद होते हैं, अर्थव्यवस्था टूटती है और आने वाली पीढ़ियां तक उसके दुष्परिणाम झेलती हैं। इसलिए आज दुनिया को हथियारों की दौड़ नहीं, शांति की दौड़ की जरूरत है।

हथियारों की होड़ का सबसे बड़ा नुकसान यह है कि इससे विकास रुक जाता है। दुनिया के कई देश ऐसे हैं जहां आज भी लोग गरीबी, भूख, बीमारी और अशिक्षा से जूझ रहे हैं, लेकिन सरकारें शिक्षा और स्वास्थ्य पर खर्च बढ़ाने के बजाय हथियारों पर खर्च बढ़ा रही हैं। यह मानवता के साथ एक तरह का अन्याय है। यदि दुनिया का सैन्य बजट का एक छोटा हिस्सा भी शिक्षा और स्वास्थ्य पर खर्च कर दिया जाए तो दुनिया से गरीबी और भूख को काफी हद तक खत्म किया जा सकता है। लेकिन दुर्भाग्य से दुनिया की राजनीति अभी भी शक्ति संतुलन और सैन्य प्रभुत्व के इर्द-गिर्द घूम रही है। आज आवश्यकता इस बात की है कि विश्व नेतृत्व यह समझे कि असली शक्ति हथियारों में नहीं, बल्कि अर्थव्यवस्था, विज्ञान, शिक्षा और मानव विकास में होती है। जो देश अपने नागरिकों को बेहतर जीवन देता है, वही वास्तव में शक्तिशाली देश होता है। युद्ध और हथियार केवल विनाश लाते हैं, विकास नहीं। इसलिए दुनिया को यह तय करना होगा कि उसे हथियारों की दुनिया बनानी है या मानवता की दुनिया।

यदि वर्तमान परिस्थितियों में युद्ध नहीं रुके और हथियारों की होड़ इसी तरह बढ़ती रही तो आने वाले वर्षों में दुनिया को महंगाई, बेरोजगारी, आर्थिक मंदी, ऊर्जा संकट और सामाजिक अस्थिरता जैसे अनेक संकटों का सामना करना पड़ सकता है। यह स्थिति पूरी मानवता के लिए खतरनाक होगी। इसलिए अब समय आ गया है कि विश्व के सभी देश अपने संकीर्ण राष्ट्रीय हितों से ऊपर उठकर वैश्विक हितों के बारे में सोचें और युद्ध के बजाय शांति, सहयोग और सहअस्तित्व का मार्ग अपनाएं। मानव सभ्यता का भविष्य हथियारों से नहीं, बल्कि शांति, संवाद और सहयोग से सुरक्षित हो सकता है। यही समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है और यही मानवता की सबसे बड़ी जिम्मेदारी भी।

युद्ध का अंधेरा मानवता को केवल विनाश, महंगाई, भय और अस्थिरता देता है, जबकि दुनिया को आज शांति, संवाद और स्थिरता का उजाला चाहिए, और इस दिशा में भारत की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो सकती है। आज वैश्विक परिदृश्य में भारत केवल एक उभरती अर्थव्यवस्था नहीं बल्कि एक नैतिक शक्ति के रूप में देखा जा रहा है, और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का व्यक्तित्व एक ऐसे विश्व नेता के रूप में उभरा है जो युद्ध नहीं, संवाद-संघर्ष नहीं, सहयोग और हिंसा नहीं, सहअस्तित्व की बात करता है। भारत बुद्ध, महावीर और गांधी की अहिंसा की परंपरा का देश है, इसलिए भारत यदि सक्रिय कूटनीतिक पहल करे, युद्धरत देशों के बीच संवाद का सेतु बने, संयुक्तराष्ट्र के मंच पर युद्ध विराम की ठोस पहल करे, तो वह विश्व राजनीति को नई दिशा दे सकता है। मोदी यदि शांति, अहिंसा, वैश्विक संवाद और आर्थिक सहयोग के चार सूत्रों पर विश्व को साथ लाने की पहल करें तो भारत वास्तव में विश्व शांति का मार्गदर्शक बन सकता है और युद्ध की दिशा में बढ़ती दुनिया को शांति और स्थिरता की दिशा में मोड़ने में ऐतिहासिक भूमिका निभा सकता है।

# युद्ध की आपदा में अवसर खोजती भाजपाई राजनीति – महंगाई की आग में जलती जनता

**विजय शंकर नायक**

आज का भारत एक ऐसे दौर से गुजर रहा है, जहाँ वैश्विक अस्थिरता, युद्ध जैसे हालात, और आर्थिक दबावों का सीधा असर आम नागरिकों के जीवन पर पड़ रहा है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चल रहे संघर्षों और भू-राजनीतिक तनावों ने न केवल वैश्विक अर्थव्यवस्था को झकझोर दिया है, बल्कि विकासशील देशों की आंतरिक आर्थिक स्थिति को भी अस्थिर कर दिया है। भारत भी इससे अछूता नहीं है। किंतु सबसे गंभीर प्रश्न यह है कि इन संकटों के बीच देश की सत्ता में बैठी सरकार किस प्रकार प्रतिक्रिया दे रही है – क्या वह जनता को राहत देने का प्रयास कर रही है, या इन आपदाओं में अवसर खोजकर अपनी नीतियों को आगे बढ़ा रही है?

पिछले कुछ समय में यह धारणा तेजी से मजबूत हुई है कि वर्तमान सरकार, विशेषकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), संकट की घड़ी में भी राजनीतिक लाभ की संभावनाएँ तलाशने में अधिक सक्रिय है। यह आरोप यूँ ही नहीं उठता, बल्कि इसके पीछे ठोस परिस्थितियाँ और अनुभवजन्य सच्चाइयाँ हैं, जिनका सामना देश की आम जनता रोजमर्रा के जीवन में कर रही है।

### महंगाईः आम आदमी की सबसे बड़ी समस्या

महंगाई आज देश की सबसे ज्वलंत समस्या बन चुकी है। पिछले दो हफ्तों में आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में जिस प्रकार से वृद्धि देखी गई है, उसने आम नागरिकों की आर्थिक स्थिति को बुरी तरह प्रभावित किया है। रसोई गैस सिलेंडर, पेट्रोल-डीजल, खाद्य तेल, सब्जियाँ, अनाज–लगभग हर आवश्यक वस्तु की कीमतों में लगातार वृद्धि हो रही है।

यह केवल आर्थिक आँकड़ों का खेल नहीं है, बल्कि यह उस वास्तविकता का चित्रण है जिसे हर घर, हर परिवार, हर व्यक्ति महसूस कर रहा है। एक मजदूर, जिसकी दैनिक आय सीमित है, उसके लिए अब दो वक्त की रोटी जुटाना भी चुनौती बन गया है। एक मध्यम वर्गीय परिवार, जो अपने बच्चों की शिक्षा और घर के खर्चों को संतुलित करने की कोशिश करता है, वह भी इस बढ़ती महंगाई के बोझ तले दबता जा रहा है।

### युद्ध और वैश्विक संकटः बहाना या वास्तविक कारण

सरकार की ओर से अक्सर यह तर्क दिया जाता है कि वैश्विक स्तर पर युद्ध और आर्थिक संकट के कारण महंगाई बढ़ रही है। निश्चित रूप से, अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव, आपूर्ति श्रृंखला में बाधाएँ, और भू-राजनीतिक तनाव जैसे कारक महंगाई को प्रभावित करते हैं। लेकिन यह सवाल भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि क्या सरकार ने इन परिस्थितियों से निपटने के लिए पर्याप्त और प्रभावी कदम उठाए हैं?

क्या यह संभव नहीं था कि सरकार समय रहते आवश्यक वस्तुओं पर नियंत्रण के उपाय करती? क्या यह जरूरी नहीं था कि आम जनता को राहत देने के लिए करों में कमी की जाती, या सब्सिडी के माध्यम से राहत प्रदान की जाती? जब संकट वैश्विक है, तो समाधान भी संवेदनशील और जनहितकारी होना चाहिए।

### नीतियों की दिशाः जनहित या राजनीतिक लाभ?

भाजपा सरकार की नीतियों पर अक्सर यह आरोप लगाया जाता है कि वे जनहित से अधिक राजनीतिक लाभ को ध्यान में रखकर बनाई जाती हैं। चुनावी समय में बड़े-बड़े वादे किए जाते हैं, लेकिन जब जनता को वास्तविक राहत की आवश्यकता होती है, तब नीतियाँ कठोर और जनविरोधी प्रतीत होती हैं।

महंगाई के इस दौर में भी सरकार की प्राथमिकताएँ स्पष्ट रूप से दिखाई देती हैं। एक ओर जहां आम जनता महंगाई से जूझ रही है, वहीं दूसरी ओर बड़े कॉरपोरेट घरानों को कर में छूट और अन्य सुविधाएँ प्रदान की जाती हैं। यह असंतुलन समाज में असमानता को और बढ़ाता है।

### गरीब और कमजोर वर्ग पर सबसे ज्यादा असर

महंगाई का सबसे ज्यादा असर समाज के कमजोर वर्गों पर पड़ता है। गरीब, दलित, आदिवासी, और मजदूर वर्ग पहले से ही सीमित संसाधनों में जीवन यापन करता है। जब आवश्यक वस्तुओं की कीमतें बढ़ती हैं, तो इन वर्गों के लिए जीवन और भी कठिन हो जाता है।

राशन की दुकानों पर लंबी कतारें, रोजगार के अवसरों की कमी, और बढ़ती बेरोजगारी–ये सभी समस्याएँ एक साथ मिलकर एक गंभीर सामाजिक संकट का रूप ले रही हैं। ऐसे में सरकार की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है कि वह इन वर्गों को विशेष राहत प्रदान करे।

### मध्यम वर्ग की बढ़ती परेशानी

मध्यम वर्ग को अक्सर देश की आर्थिक रीढ़ कहा जाता है, लेकिन आज यही वर्ग सबसे ज्यादा दबाव में है। न तो उसे गरीबों की तरह सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ मिलता है, और न ही वह अमीर वर्ग की तरह आर्थिक रूप से सुरक्षित है।

बढ़ती महंगाई, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं की बढ़ती लागत, और स्थिर आय–इन सभी कारणों से मध्यम वर्ग की स्थिति दिन-ब-दिन खराब होती जा रही है। यह वर्ग अब अपने भविष्य को लेकर चिंतित है।

### सरकार की जिम्मेदारी और जवाबदेही

लोकतंत्र में सरकार की सबसे बड़ी जिम्मेदारी होती है कि वह जनता के प्रति जवाबदेह रहे। संकट के समय में यह जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। जनता यह उम्मीद करती है कि सरकार उसकी समस्याओं को समझेगी और उनके समाधान के लिए ठोस कदम उठाएगी।

लेकिन जब सरकार इन समस्याओं को नजरअंदाज करती है या उन्हें कम करके आंकती है, तो जनता में असंतोष बढ़ता है। यह असंतोष धीरे-धीरे एक बड़े जनआंदोलन का रूप ले सकता है।

### क्या होना चाहिए समाधान?

महंगाई पर नियंत्रण के लिए सरकार को कई स्तरों पर काम करने की आवश्यकता हैः

* **आवश्यक वस्तुओं पर मूल्य नियंत्रण**
* **पेट्रोल-डीजल पर करों में कमी**
* **गरीबों के लिए सब्सिडी और राहत पैकेज**
* **रोजगार के अवसरों में वृद्धि**
* **सार्वजनिक वितरण प्रणाली को मजबूत करना**

इन उपायों के माध्यम से ही जनता को राहत दी जा सकती है।

### निष्कर्ष

आज देश एक महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़ा है। एक ओर वैश्विक संकट हैं, तो दूसरी ओर आंतरिक चुनौतियाँ। ऐसे समय में सरकार की भूमिका निर्णायक होती है। यदि सरकार जनता के हित में काम करती है, तो वह इन चुनौतियों को अवसर में बदल सकती है। लेकिन यदि वह केवल राजनीतिक लाभ को प्राथमिकता देती है, तो यह देश के लिए घातक साबित हो सकता है।

महंगाई केवल एक आर्थिक समस्या नहीं है, बल्कि यह सामाजिक और राजनीतिक स्थिरता से भी जुड़ी हुई है। यदि इसे समय रहते नियंत्रित नहीं किया गया, तो इसके गंभीर परिणाम हो सकते हैं।

अंततः, यह समय है जब सरकार को जनता के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझना होगा और ठोस कदम उठाने होंगे। जनता अब जागरूक है और अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाने के लिए तैयार है।

**(वरिष्ठ कांग्रेस नेता, झारखंड)**

## सूडोकु नवताल- 7743

✱✱✱✱✱ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| | 6 | | 8 | 9 | | | 7 | 5 |
| 3 | | | 1 | | | | | 2 |
| | 3 | | 4 | | | | 6 | |
| 6 | | 2 | | 1 | | 4 | | 3 |
| | 8 | | | | 5 | | 2 | |
| 2 | | | | | 3 | | | 1 |
| 5 | 1 | | | 7 | 6 | | 4 | |
| | 9 | | | 4 | | | 3 | 6 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7742 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |

# खान के सपा में जाने से बसपा को नुकसान की उम्मीद कम

**संजय सक्सेना**

उत्तर प्रदेश की राजनीति में एक बार फिर दल बदल का खेल शुरू हो गया है। बहुजन समाज पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता और पार्टी के प्रमुख मुस्लिम चेहरे के रूप में जाने जाने वाले डॉ. एम. एच. खान ने समाजवादी पार्टी का दामन थाम लिया है। अखिलेश यादव ने खुद उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस घटना को लेकर राजनीतिक गलियारों में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। एक तरफ इसे मायावती के लिए बड़ा झटका बताया जा रहा है, तो दूसरी तरफ जानकार यह भी कह रहे हैं कि डॉ. खान के जाने से बसपा को जमीनी स्तर पर बहुत अधिक नुकसान होने की संभावना नहीं है। पहले यह समझना जरूरी है कि डॉ. एम. एच. खान बसपा में क्या भूमिका निभा रहे थे। वे पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता थे और मुस्लिम समुदाय में पार्टी का चेहरा माने जाते थे। जब भी बसपा को मुस्लिम मतदाताओं तक अपनी बात पहुंचानी होती थी, डॉ. खान आगे आते थे। टेलीविजन की बहसों में, सार्वजनिक मंचों पर और पत्रकारों से बातचीत में वे बसपा के पक्ष में जोरदार तर्क रखते थे। उनकी बोलने की क्षमता और तर्क करने का तरीका उन्हें एक प्रभावशाली प्रवक्ता बनाता था। लेकिन राजनीति केवल बोलने से नहीं चलती। राजनीति में जमीनी ताकत की अहमियत सबसे ज्यादा होती है। और यहीं पर डॉ. खान की सीमाएं सामने आती हैं। वे एक बौद्धिक और वाकपटु नेता हैं, लेकिन गांव-गांव में उनकी पहुंच नहीं है। जिला स्तर पर, बूथ स्तर पर उनका कोई संगठन नहीं है। मुस्लिम मतदाताओं के बीच उनकी अपनी कोई व्यक्तिगत पकड़ नहीं है, जो उनके साथ किसी दूसरी पार्टी में चली जाए। ऐसे में उनके बसपा छोड़ने से पार्टी को कितना वास्तविक नुकसान होगा, यह सोचने वाली बात है।

बसपा और मुस्लिम मतदाताओं का रिश्ता हमेशा से जटिल रहा है। मायावती ने कई बार मुस्लिम उम्मीदवारों को टिकट देकर और मुस्लिम हितों की बात करके इस समुदाय को अपनी तरफ खींचने की कोशिश की है। लेकिन मुस्लिम मतदाता हमेशा यह देखता है कि उसका वोट कहां जाने से उसके हित सबसे अधिक सुरक्षित रहेंगे। उत्तर प्रदेश में मुस्लिम मतदाता लंबे समय से समाजवादी पार्टी के साथ रहा है। अखिलेश यादव के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी ने मुस्लिम मतदाताओं का भरोसा काफी हद तक बनाए रखा है। ऐसे में जब डॉ. खान जैसे नेता बसपा छोड़कर समाजवादी पार्टी में जाते हैं, तो इसका संदेश प्रतीकात्मक रूप से जरूर जाता है। यह संदेश यह है कि मुस्लिम समुदाय का बसपा से मोहभंग हो रहा है। यह संदेश मायावती की उस कोशिश को नुकसान पहुंचाता है, जिसमें वे मुस्लिम समुदाय को अपने पाले में लाने की लगातार जुगत भिड़ाती रहती हैं। लेकिन प्रतीकात्मक नुकसान और जमीनी नुकसान में फर्क होता है।अब सवाल यह उठता है कि अखिलेश यादव को डॉ. खान को शामिल करने से क्या मिलेगा। समाजवादी पार्टी के लिए यह एक चतुर राजनीतिक चाल है। डॉ. खान एक पढ़े-लिखे और मुखर नेता हैं। पार्टी उन्हें अपने मीडिया अभियानों में, बहसों में और मुस्लिम समुदाय तक अपनी बात पहुंचाने में इस्तेमाल कर सकती है। इसके अलावा, बसपा से किसी वरिष्ठ नेता का आना यह भी दिखाता है कि समाजवादी पार्टी की ताकत बढ़ रही है और विपक्षी खेमे में उसकी साख मजबूत है।

मायावती के लिए यह घटना एक और कारण से परेशान करने वाली है। बसपा पिछले कुछ वर्षों से लगातार कमजोर होती जा रही है। पार्टी के कई वरिष्ठ नेता या तो पार्टी छोड़ चुके हैं या किनारे कर दिए गए हैं। संगठन कमजोर हुआ है, चुनावी प्रदर्शन खराब हुआ है और पार्टी की जमीनी पकड़ घटी है। ऐसे दौर में डॉ. खान जैसे एक प्रमुख प्रवक्ता का जाना, भले ही जमीनी नुकसान न पहुंचाए, लेकिन पार्टी की छवि को और कमजोर करता है। राजनीति में कभी-कभी प्रतीकों की ताकत बहुत बड़ी होती है। जब कोई नेता पार्टी छोड़ता है, तो वह एक संदेश देता है। यह संदेश उन लोगों तक भी जाता है, जो अभी भी पार्टी में हैं। यह संदेश उन मतदाताओं तक भी जाता है, जो पार्टी को वोट देने के बारे में सोच रहे हैं। डॉ. खान का जाना बसपा के भीतर मौजूद उन लोगों को भी सोचने पर मजबूर करेगा, जो पार्टी के भविष्य को लेकर संशय में हैं। हालांकि, यह भी सच है कि बसपा का मूल वोट आधार दलित समुदाय है। मायावती की असली ताकत उत्तर प्रदेश के दलित मतदाताओं में है। मुस्लिम मतदाता बसपा के लिए एक अतिरिक्त जोड़ रहे हैं, मूल आधार नहीं। इसलिए एक मुस्लिम प्रवक्ता के जाने से पार्टी के मूल ढांचे को कोई विशेष खतरा नहीं है।डॉ. खान की यह पार्टी पलटी उत्तर प्रदेश की राजनीति की उस पुरानी परंपरा का हिस्सा है, जिसमें नेता अपने हित और मौके देखकर पार्टियां बदलते रहते हैं। यह परंपरा न नई है, न अनोखी। लेकिन जब यह होता है, तो राजनीतिक समीकरणों पर इसका असर जरूर पड़ता है, चाहे वह असर बड़ा हो या छोटा। कुल मिलाकर, यह कहा जा सकता है कि डॉ. एम. एच. खान का बसपा छोड़कर समाजवादी पार्टी में जाना मायावती के लिए एक प्रतीकात्मक झटका जरूर है। यह उनकी मुस्लिम मतदाताओं को साधने की कोशिशों को थोड़ा कमजोर करता है। लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि डॉ. खान एक जनाधार वाले नेता नहीं हैं। उनके जाने से बसपा के वोट बैंक पर सीधा असर पड़ने की संभावना बहुत कम है। राजनीति में असली ताकत जमीन से आती है, और वह जमीन डॉ. खान के पास नहीं थी। इसलिए यह घटना मायावती के लिए एक सीमित नुकसान है, विनाशकारी नहीं।

## दैनिक पंचांग

**24 मार्च 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




**मंगलवार** 2026 वर्ष का 83 वा दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** बसंत।
**विक्रम संवत्** 2083 **शक संवत्** 1948
**मास** चैत्र **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** षष्ठी 16.08 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** रोहिणी 19.05 बजे को समाप्त।
**योग** प्रीति 09.08 बजे को समाप्त।
**करण** तैतिल 16.08 बजे तदनन्तर गर 02.58 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 4.9 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 01° 20'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872658
**जूलियन दिन** 2461123.5
**कलियुग संवत्** 5128
**कल्पारंभ संवत्** 1972949128
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** सव्वाल
**तारीख** 04
**विशेष** यमुना छठ, रोहिणी व्रत।

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मीन में | मेष | 07.07 बजे से |
| चंद्र | वृष में | वृष | 08.47 बजे से |
| मंगल | कुंभ में | मिथुन | 10.46 बजे से |
| बुध | कुंभ में | कर्क | 12.59 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | सिंह | 15.15 बजे से |
| शुक्र | मीन में | कन्या | 17.27 बजे से |
| शनि | मीन में | तुला | 19.38 बजे से |
| राहु | कुंभ में | वृश्चिक | 21.52 ब.से |
| केतु | सिंह में | धनु | 00.08 बजे से |
| राहुकाल | | मकर | 02.14 बजे से |
| 3.00 से 4.30 | | कुंभ | 04.00 बजे से |
| बजे तक | | मीन | 05.33 बजे से |

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ**- **शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### लचरागढ़ में रामनवमी पूजा की तैयारी तेज

**कोलेबिरा** : प्रखंड क्षेत्र के लचरागढ़ स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण में रविवार देर शाम रामनवमी पूजा की तैयारी को लेकर एक विशेष बैठक आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से रामनवमी समिति का गठन किया गया। समिति में अध्यक्ष के रूप में नीतीश अग्रवाल, उपाध्यक्ष नीरज साव, सचिव अंकित अग्रवाल और कोषाध्यक्ष अंकित साव को जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं सदस्य के रूप में अजय साव, राजेश अग्रवाल, गौतम जैन, आनंद जैन, विनय अग्रवाल, तिलु अग्रवाल, प्रभात सेठिया, अंकित अग्रवाल, मनोज सेठिया, रिकी अग्रवाल, पवन अग्रवाल, गिरींद्र सिंह,रमेश अग्रवाल सहित अन्य ग्रामीणों को शामिल किया गया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि 27 मार्च (शुक्रवार) को रामनवमी का पर्व बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर लचरागढ़ के सभी प्रतिष्ठान दोपहर 2 बजे से बंद रखने का फैसला लिया गया है। बैठक में रामनवमी पूजा में शामिल होने के लिए अगल-बगल सभी गांवों को निमंत्रण देने हेतु चर्चा हुई।

### सिमडेगा पुलिस के द्वारा फ्लैग मार्च किया गया

**सिमडेगा** : सोमवार को पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन में आगामी रामनवमी पर्व के मद्देनजर शांति एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने हेतु सिमडेगा पुलिस के सिमडेगा द्वारा फ्लैग मार्च किया गया। फ्लैग मार्च का उद्देश्य आमजन में सुरक्षा की भावना को सुदृढ़ करना तथा असामाजिक तत्वों को कड़ा संदेश देना था। इस दौरान पुलिस बल ने शहर के विभिन्न संवेदनशील एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में भ्रमण कर लोगों से शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से पर्व मनाने की अपील की। पुलिस अधीक्षक महोदय ने कहा कि रामनवमी के अवसर पर जिले में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं। सभी नागरिकों से अनुरोध है कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें तथा किसी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। फ्लैग मार्च में पुलिस पदाधिकारी एवं जवान बड़ी संख्या में शामिल हुए। प्रशासन द्वारा पर्व को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्धता व्यक्त की गई है।

### सिमडेगा में मंईयां सम्मान योजना की राशि का हुआ भुगतान




**सिमडेगा** : मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना के तहत मार्च माह की सम्मान राशि का भुगतान जिले के सभी लाभुकों को कर दिया गया है। मार्च माह हेतु जिले के कुल 89371 लाभुको को प्रति लाभुक 2500 रुपये की दर से कुल 223427500 (बाईस करोड़ चौंतीस लाख सत्ताईस हजार पाँच सौ रुपये ) सम्मान राशि आधार आधारित भुगतान प्रणाली के माध्यम से सीधे लाभुकों के खातों में राशि हस्तांतरित की गई। सहायक निदेशक, जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, आशा मैक्सिमा लकड़ा ने बताया कि महिलाओं को आर्थिक तौर पर स्वावलंबी बनाने एवं विभिन्न आर्थिक गतिविधियों में उनको भागीदारी बढ़ाने, को ध्यान में रखते हुए निदेर्शानुसार भुगतान प्रक्रिया सुचारू रूप से पूरी की गई है और प्रत्येक लाभुक तक समय पर राशि पहुँचाने का लक्ष्य सफलतापूर्वक हासिल हुआ है। इस योजना से जिले की हजारों बहनों को प्रतिमाह आर्थिक संबल मिलता है, जिससे उनके परिवारों को भी सीधा लाभ पहुंच रहा है।

# गांव का पानी गांव में रहे इसके लिए सभी अपने अपने घरों में सोखपीट जरूर बनाएं : उपायुक्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : सोमवार को विश्व जल दिवस 2026 के उपलक्ष्य में जिले के चास प्रखंड अंतर्गत हैंसाबातु ग्रामीण जलापूर्ति योजना के वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट के प्रांगण में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। उक्त कार्यशाला का शुभारंभ उपायुक्त अजय नाथ झा एवं उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद जल सहिया द्वारा स्वागत गान के रूप में जल वंदना किया। कार्यक्रम का उद्देश्य जल संरक्षण के प्रति आमजनों में जागरूकता बढ़ाना तथा स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सामूहिक प्रयासों को प्रोत्साहित करना था। इस दौरान जल स्त्रोतों के संरक्षण, वर्षा जल संचयन, जल के समुचित उपयोग एवं जल प्रदूषण रोकने के उपायों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम में उपायुक्त अजय नाथ झा ने कहा कि जल ही जीवन का आधार है और इसकी एक-एक बूंद का संरक्षण आवश्यक है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे दैनिक जीवन में जल का दुरुपयोग न करें और जल बचाने के लिए छोटे-छोटे प्रयासों को अपनाएं। इस अवसर पर उपायुक्त एवं उप विकास आयुक्त द्वारा हैंसाबातु जलापूर्ति योजना के वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण भी किया गया, जहां उपस्थित लोगों को जल शुद्धिकरण की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने बताया कि किस प्रकार आधुनिक तकनीकों के माध्यम से पानी को स्वच्छ और सुरक्षित बनाया जाता है। मौके पर उप विकास आयुक्त शताब्दी मजूमदार, अनुमंडल पदाधिकारी बेरमो तेनुघाट मुकेश मछुआ, जिला शिक्षा पदाधिकारी जगरनाथ लोहरा, कार्यपालक अभियंता पेयजल स्वच्छता मिशन चास रामप्रवेश राम एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी चास प्रदीप कुमार सहित स्थानीय ग्रामीणों ने भाग लिया। उपायुक्त अजय नाथ झा ने कहा कि पानी के सभी स्त्रोतों को बचाएं तथा गांव का पानी गांव में रहे इसके लिए सभी लोगों को अपने अपने घरों में सोखपीट बनाना चाहिए जिससे घर का पानी घर में रहे। उन्होंने यह भी कहा कि जो पानी नल के माध्यम से सभी घरों में जा रहा है तथा उपयोग कर वह पानी सभी के घरों से निकलती है उस पानी को जल संचय कर इसका प्रयोग करें। उपायुक्त अजय नाथ झा ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि विश्व जल दिवस केवल एक दिवस मनाने का कार्यक्रम नहीं, बल्कि जल संरक्षण के प्रति हमारी जिम्मेदारी को समझने का अवसर है। उन्होंने कहा कि बढ़ती जनसंख्या और बदलते पर्यावरणीय हालात के बीच जल संसाधनों का संरक्षण अत्यंत आवश्यक हो गया है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिले में संचालित सभी जलापूर्ति योजनाओं का नियमित निरीक्षण किया जाए, ताकि लोगों को स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध हो सके। साथ ही उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे जल का विवेकपूर्ण उपयोग करें और वर्षा जल संचयन को अपनाकर जल संकट से निपटने में सहयोग करें। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि जल संरक्षण एक सामूहिक प्रयास है और इसमें समाज के हर वर्ग की भागीदारी जरूरी है।

## शहीदों के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता: डॉ. लक्ष्मी सरकार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**कोडरमा** : रमेश प्रसाद यादव शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में सोमवार को आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के तत्वावधान में शहीद दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के समन्वयक के रूप में सहायक प्राध्यापक विनोद यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. लक्ष्मी सरकार ने कहा कि, शहीद दिवस हमें उन महान क्रांतिकारियों की याद दिलाता है, जिन्होंने देश की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। उन्होंने कहा कि 23 मार्च 1931 को भारत के महान क्रांतिकारी भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव को अंग्रेजों ने फांसी दे दी थी। उनके बलिदान ने पूरे देश में स्वतंत्रता की अलख जगाई और युवाओं को देश के लिए समर्पित होने की प्रेरणा दी। डॉ. सरकार ने कहा कि देश की आजादी लाखों वीरों के त्याग और बलिदान से मिली है, इसलिए हमें उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाते हुए राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए। इस मौके पर महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापकगण, शिक्षकेत्तर कर्मचारीगण एवं छात्र-प्रशिक्षु उपस्थित रहे।

## कोडरमा : पुलिस हिरासत में मौत पर आक्रोश कांग्रेस ने की थाना प्रभारी की गिरफ्तारी की मांग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**जयनगर** : जयनगर थाना क्षेत्र के परसाबाद कटिया नीमाडीह निवासी विजय यादव की पुलिस हिरासत (हाजत) में हुई मौत ने पूरे जिले और राज्य में तूल पकड़ लिया है। इस गंभीर मामले को लेकर कोडरमा जिला कांग्रेस कमेटी ने कड़ा रुख अपनाते हुए पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए हैं। कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रकाश रजक ने वीडियो के माध्यम से बताया कि 20 तारीख की सुबह लगभग 10:30 बजे जयनगर थाना हाजत में विजय यादव की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि विजय यादव को पति-पत्नी के आपसी विवाद के मामले में पुलिस पिकेट लाया गया था, जहाँ कथित तौर पर पुलिस द्वारा पिटाई के बाद उन्हें जयनगर थाना ले जाया गया। परिजनों का आरोप है कि पुलिस की बर्बरता और थर्ड डिग्री टॉर्चर के कारण ही विजय यादव की मृत्यु हुई है। जिलाध्यक्ष प्रकाश रजक ने इस घटना को पुलिस प्रशासन पर एक बड़ा धब्बा बताते हुए निम्नलिखित मांगें रखी हैं: थाना प्रभारी की गिरफ्तारी: जयनगर थाना प्रभारी उमानाथ सिंह के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर अविलंब उनकी गिरफ्तारी की जाए। उच्च स्तरीय जाँच: इस मामले की जाँच किसी रिटायर्ड जज की अध्यक्षता में गठित विशेष टीम द्वारा कराई जाए। कठोर दंडात्मक कार्रवाई: केवल लाइन हाजिर करना पर्याप्त नहीं है, क्योंकि यह एक छोटी कार्रवाई है। दोषी अधिकारियों पर कड़ी से कड़ी सजा सुनिश्चित हो झारखंड पुलिस का नारा है 'सेवा ही लक्ष्य', लेकिन आज आम जनमानस का पुलिस पर से विश्वास उठ रहा है। अगर इस मामले में जल्द कार्रवाई नहीं हुई, तो कांग्रेस पार्टी सड़क पर उतरकर उग्र आंदोलन करेगी। प्रकाश रजक, जिलाध्यक्ष, कोडरमा कांग्रेस प्रकाश रजक ने चेतावनी दी है कि वे इस मामले को राज्य के मंत्रियों और विधायकों के माध्यम से झारखंड विधानसभा में उठाएंगे। साथ ही, कोडरमा जिले में पुलिस के बढ़ते दमन के खिलाफ संसद में भी सवाल उठाने की तैयारी की जा रही है। उन्होंने हाल ही में कोडरमा थाना के 'पैंथर जवानों' द्वारा की गई कथित अभद्रता का भी हवाला दिया।

## बाल श्रम के खिलाफ बांसजोर में चला अभियान, प्रतिष्ठानों में चला विशेष निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सिमडेगा** : जिले में बाल एवं किशोर श्रम पर प्रभावी रोक लगाने के उद्देश्य से सोमवार को बांसजोर प्रखंड में विशेष निरीक्षण अभियान चलाया गया। झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार, श्रम अधीक्षक कार्यालय एवं बाल कल्याण समिति की संयुक्त टीम ने विभिन्न दुकानों,होटलों और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया। अभियान के दौरान टीम ने प्रतिष्ठानों में जाकर बाल श्रम की स्थिति का गहन निरीक्षण किया और संचालकों को बाल श्रम निषेध से संबंधित कानूनों की विस्तृत जानकारी दी। अधिकारियों ने चेतावनी दी कि 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों से किसी भी प्रकार का कार्य कराना दंडनीय अपराध है और ऐसा पाए जाने पर संबंधित संचालकों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। निरीक्षण के दौरान किसी भी प्रतिष्ठान में बाल श्रम करते हुए बच्चे नहीं मिले, जिसे अधिकारियों ने राहत भरी स्थिति बताते हुए संतोष व्यक्त किया। हालांकि, टीम ने सभी संचालकों को भविष्य के लिए सख्त हिदायत दी कि बाल श्रम से पूरी तरह दूर रहें, अन्यथा कार्रवाई तय है। जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव मरियम हेमरोम ने कहा कि बच्चों का भविष्य शिक्षा से जुड़ा है, न कि मजदूरी से। उन्होंने कहा कि बाल श्रम समाज के समग्र विकास में बाधक है, इसलिए इसे समाप्त करने के लिए प्रशासन के साथ-साथ आम जनता की सक्रिय भागीदारी बेहद आवश्यक है। उन्होंने लोगों से अपील की कि कहीं भी बाल श्रम की जानकारी मिले तो तुरंत प्रशासन को सूचित करें, ताकि बच्चों को सुरक्षित वातावरण और शिक्षा का अधिकार मिल सके। श्रम अधीक्षक ओम प्रकाश सिंह के नेतृत्व में संचालित इस अभियान में श्रम विभाग व पारा लीगल वोलेंटियर सहित कई पुलिसकर्मी शामिल रहे।

## मॉडर्न पब्लिक स्कूल में शहीद दिवस पर अमर बलिदानियों को दी गई श्रद्धांजलि

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**कोडरमा** : मॉडर्न पब्लिक स्कूल, कोडरमा के प्रांगण में 'शहीद दिवस' के अवसर पर देश के महान क्रांतिकारी भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के बलिदान को याद करते हुए एक श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की निदेशिका संगीता शर्मा द्वारा वीर शहीदों के चित्रों पर श्रद्धापूर्वक माल्यार्पण के साथ हुआ। तत्पश्चात, प्रधानाचार्य जी.सी. वर्मा ने उनके साथ सम्मिलित होकर पुष्पांजलि अर्पित की। इसके उपरांत विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी पुष्प अर्पित कर अमर बलिदानियों को अपनी श्रद्धांजलि दी। सभा को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य जी.सी. वर्मा ने कहा, हमारे वीर क्रांतिकारियों का त्याग और राष्ट्रप्रेम प्रेरणा का अटूट स्रोत है। उन्होंने उपस्थित शिक्षक वृंद को प्रेरित करते हुए कहा कि जीवन में उचित आचरण, अनुशासन और उच्च नैतिक मूल्यों को अपनाना ही शहीदों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। कार्यक्रम के अंत में निदेशिका संगीता शर्मा ने सभी को संबोधित करते हुए राष्ट्र के मूल्यों को सदैव सर्वोपरि रखने का आह्वान किया। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि हमें देश के सिद्धांतों और गौरव को हमेशा आगे रखना चाहिए। इस श्रद्धांजलि सभा का मुख्य उद्देश्य समाज में देशभक्ति और उच्च नैतिक मूल्यों की भावना को जागृत करना है। अंततः, यह कार्यक्रम राष्ट्र के प्रति कर्तव्यबोध और सामूहिक समर्पण के साथ संपन्न हुआ।

# जनगणना-2027 के लिए डिजिटल प्रशिक्षण शुरू अधिकारियों को दी गई तकनीकी जानकारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सिमडेगा** : भारत की जनगणना-2027 को पूर्णतः डिजिटल माध्यम से संपन्न करने के उद्देश्य से समाहरणालय सभागार, सिमडेगा में जिला प्रशासन द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में जिला, अनुमंडल, शहर, चार्ज एवं अपर चार्ज जनगणना पदाधिकारियों के लिए दो दिवसीय तथा तकनीकी सहायकों के लिए एक दिवसीय सत्र निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम का पहला चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना पर केंद्रित है। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त-सह-प्रधान जिला जनगणना पदाधिकारी कंचन सिंह, जिला जनगणना पदाधिकारी-सह-अपर समाहर्ता ज्ञानेन्द्र, अपर जिला जनगणना पदाधिकारी -सह- प्रभारी जिला सांख्यिकी पदाधिकारी श्रीमती अरुणा कुमारी, उप निदेशक जनगणना कार्य निदेशालय झारखंड रांची गजेंद्र गुप्ता तथा सांख्यिकीय अन्वेषक-सह-सिमडेगा के नोडल प्रतीक सिंह द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त कंचन सिंह ने अधिकारियों को प्रशिक्षण को गंभीरता से लेने तथा जनगणना कार्य को पूर्ण जिम्मेदारी, पारदर्शिता और सटीकता के साथ संपन्न करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, जिसके आधार पर भविष्य की योजनाएं एवं नीतियां तैयार की जाती हैं। अतः सभी संबंधित पदाधिकारी अपने दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी और सजगता से करें। उपायुक्त ने यह भी निर्देश दिया कि आम नागरिकों एवं जनप्रतिनिधियों को जनगणना प्रक्रिया की समुचित जानकारी दी जाए, ताकि किसी प्रकार की भ्रांति या जानकारी के अभाव की स्थिति उत्पन्न न हो और सभी के सहयोग से यह कार्य सफलतापूर्वक पूरा किया जा सके। साथ ही उन्होंने जनगणना-2027 की मार्गदर्शिका का गहन अध्ययन कर उसी के अनुरूप कार्य करने पर जोर दिया। प्रशिक्षण के दौरान जनगणना निदेशालय के उप निदेशक गजेंद्र गुप्ता ने प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकान गणना की विस्तृत प्रक्रिया की जानकारी दी। अधिकारियों को उनके कर्तव्यों से अवगत कराते हुए बताया गया कि किस प्रकार प्रगणक द्वारा सटीक एवं प्रमाणिक आंकड़ों का इंट्री पोर्टल में निर्धारित डिजिटल प्रणाली में अपलोड किया जाएगा। उसका निगरानी पर्यवेक्षक द्वारा की जायेगी। साथ ही कार्यों की समय-सीमा और उसके पूर्णता की जानकारी उन्हें दिखाई देगी।

## संक्षिप्त खबरें

### चैती छठ को लेकर गरगा डैम के फाटक खुलेंगे, प्रशासन ने जारी की सतर्कता अपील

**बोकारो** : प्रशासन द्वारा आस्था के महापर्व चैती छठ के अवसर पर गरगा डैम के फाटक खोलने की जानकारी जारी की है। सोमवार (आज) शाम 06 बजे एवं मंगलवार (कल) सुबह 08 बजे डैम के फाटक खोले जाएंगे। इस संबंध मेंअनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) चास प्रांजल ढांडा ने आम नागरिकों से विशेष सतर्कता बरतने की अपील की है। उन्होंने कहा है कि गरगा नदी के किनारे एवं निचले इलाकों में रहने वाले लोग निर्धारित समयावधि के दौरान नदी किनारे जाने से परहेज करें। प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि जलस्तर बढ़ने की संभावना को देखते हुए सुरक्षा के सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। किसी भी प्रकार की आपात स्थिति से बचने के लिए लोगों से प्रशासनिक निदेर्शों का पालन करने का आग्रह किया गया है। अनुमंडल प्रशासन ने आमजन से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि सभी लोग सतर्क रहें और सुरक्षित स्थानों पर ही रहे।

### बोकारो सदर अस्पताल में जटिल दंत ऑपरेशन सफल, हड्डी में फंसा टूटा दांत निकाला



**बोकारो** : सोमवार को सिविल सर्जन डॉ अभय भूषण प्रसाद ने बताया कि सदर अस्पताल बोकारो में डॉ निकेत चौधरी एवं डॉ तुलिका सिंह डेन्टल सर्जन सदर अस्पताल बोकारो की टीम ने हडडी के अन्दर फंसे हुए टूटे दांत का ऑपरेशन कर सफलता पूर्वक निकाला, जिसके लिये सदर की डेन्टल टीम बधाई के पात्र है। डॉ तुलिका डेन्टल सर्जन सदर अस्पताल बोकारो ने बताया कि एक मरीज जिसका नाम अनिल कुमार था। उसने अपने दांत का ऑपरेशन अपने गांव के आस पास किसी प्राईवेट डाक्टर से कराया और फिक्स दांत लगवाया। कुछ दिनों के बाद उसके दांत में काफी दर्द था। पिछले सप्ताह दर्द को लेकर सदर अस्पताल कें दन्त ओ0पी0डी0 में आया। डा0 तुलिका सिंह द्वारा एक्सरे करके देखा गया जिससे पता चला कि दांत का टुकडा हडडी के अन्दर फंसा हुआ है और ऊपर से फिक्स दांत (ब्रिज) लगा दिया गया है। डा0 तुलिका ने मरीज को आप्रेशन करने के लिये कहा और उन्हें आज दिनांक 23/03/2026 को बुलाया गया। जिसका आज सफलता पूर्वक आप्रेशन डॉ निकेत चौधरी, डा0 तुलिका सिंह एवं उनकी टीम द्वारा किया गया, जिससे मरीज काफी प्रसन्न हुआ और महीनो के दर्द से उसको निजात मिल सका। उपाधीक्षक सदर अस्पताल डॉ एनपी सिंह ने बताया कि इस तरह के आप्रेशन की सुविधा सदर अस्पताल बोकारो में उपलब्ध है और इस वक्त सदर अस्पताल की डेन्टल टीम भी काफी सक्रिय है। यदि इस तरह की समस्या किसी भी व्यक्ति को हो तो नि:संकोच सदर अस्पताल के डेन्टल ओ0पी0डी0 में सम्पर्क करें और सफलतापूर्वक इलाज कराये। आप्रेशन के दौरान डा0 निकेत चौधरी जिला नोडल पदाधिकारी एन0ओ0एच0पी0, डा0 तुलिका सिंह डेन्टल सर्जन सदर अस्पताल बोकारो, संजय राम दन्त स्वास्थ्य विज्ञानी, मोती कुमारी, अन्नू कुमारी, महेश कुमार दन्त सहायक आदि उपस्थित रहें।

### सुशील कुमार बागे महाविद्यालय कोलेबिरा में बीए/ बीकॉम का नामांकन प्रारंभ

**कोलेबिरा** : प्रखंड क्षेत्र के अंतर्गत रांची विश्वविद्यालय द्वारा स्थापित एस, के बागे महाविद्यालय कोलेबिरा में नए शैक्षणिक सत्र (26-30)के लिए नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। महाविद्यालय में बीए/ बीकॉम कला /वाणिज्य के अंतर्गत 2026 30 के लिए विद्यार्थियों का नामांकन शुरू कर दिया गया है। नामांकन से संबंधित जानकारी हेतु दिए गए नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। 9608660608 महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो, अनूप कुमार गुप्ता ने सभी अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने बच्चों के उज्जवल भविष्य, सुदृढ़ चरित्र निर्माण और संस्कारिक शिक्षा के लिए इस अवसर का लाभ बतलाए। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय में छात्रों को केवल पुस्तक आधारित शिक्षा ही नहीं बल्कि नैतिक मूल्यों से परिपूर्ण शिक्षा प्रदान किया जाता है। उन्होंने आगे कहा कि विद्यालय में महाविद्यालय में योग्य प्रशिक्षित और समर्पित एवं अनुभवी शिक्षक शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन में बच्चों का गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सर्वांगीण विकास सुनिश्चित किया जाता है। जिससे वे आत्मविश्वासी और जिम्मेदार नागरिक बन सके। इस महाविद्यालय प्रांगण में आधुनिक लाइब्रेरी, प्रयोगशाला, पुस्तकालय, वाई फाई नेट, इत्यादि मौजूद है। सभी पाठयक्रम गतिविधियां जैसे NCC/NSS की पाठ्यक्रम भी विद्यार्थियों को दिया जाता है। बालक, बालिकाओं के लिए छात्रावास की सुविधा, खेल मैदान तथा पढ़ाई के लिए अनुकूल वातावरण उपलब्ध है । साथ ही सभी विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति की सुविधा कल्याण विभाग की ओर से प्राप्त होती है।साथ ही खेल से परीपूर्ण पाठयक्रम गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों की प्रतिभा को निकालने का निरंतर प्रयास किया जाता है। प्राचार्य महोदय ने शीघ्र नामांकन करने का आग्रह करते हुए कहा कि वे अपने बच्चों को उत्कृष्ट शैक्षणिक परंपरा से जोड़े ताकि उनका भविष्य उज्वल बना सके।

### डायन बताकर हत्या करने वाले तीन दोषियों को उम्रकैद

**सिमडेगा** : सिमडेगा पुलिस के वैज्ञानिक अनुसंधान एवं उत्कृष्ट अभियोजन के फलस्वरूप सभी गवाहों को ससमय न्यायालय में उपस्थित कराया गया, जिसके फलस्वरूप माननीय न्यायालय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, सिमडेगा के न्यायालय महोदय के द्वारा आज दिनांक-23 .03 .2026 को जलडेगा थाना काण्ड संख्या- 40/22, दिनांक- 25.10.2022 धारा- (6)452/34, 323/ 34,364/ 34,302/34 भा0द0वि0 एवं 3/4 जादु टोना प्रथा की रोकथाम अधिनियम के आरोपी 1. गेवरियल कन्डुलना 2. अभिराम टोपनो 3. जेम्स टोपनो सभी को आजीवन कारावास और प्रत्येक को एकतीस (31,000) रू0 जुमार्ना से दण्डित किया गया। अभियोजन पक्ष से अपर लोक अभियोजक निशी कच्छप के द्वारा पैरवी की गयी। अनुसंधानकर्ता अरूनीश रौशन।

### पोक्सो काण्ड के आरोपी को मिली 10 वर्ष का कारावास और 35,000 रू0 जुर्माने की सजा

**सिमडेगा** : सिमडेगा पुलिस के वैज्ञानिक अनुसंधान एवं उत्कृष्ट अभियोजन के फलस्वरूप सभी गवाहों को ससमय न्यायालय में उपस्थित कराया गया, जिसके फलस्वरूप माननीय न्यायालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह विशेष न्यायाधीश सिमडेगा के न्यायालय के द्वारा आज दिनांक-23 .03 .2026 को महिला थाना काण्ड संख्या-13/23, दिनांक- 10 .06 .2023 धारा- (6)376(3)/511,363,504 भा0द0वि0 के आरोपी राजकुमार तिर्की को 10 वर्ष का कारावास और पैतीस हजार (35,000) रू0 जुमार्ना से दण्डित किया गया। अभियोजन पक्ष से अपर लोक अभियोजक निशी कच्छप के द्वारा पैरवी की गयी। अनुसंधानकर्ता पु0अ0नि0 मंजूश्री कुंकल।

### कोडरमा रामनवमी महासमिति की हुई बैठक

**कोडरमा** : रामनवमी पूजा के शुभ अवसर पर प्रत्येक वर्ष भी भांति इस वर्ष भी कोडरमा रामनवमी महासमिति के द्वारा 27 मार्च को कोडरमा में भव्य झांकी सह शौर्य प्रदर्शन प्रतियोगिता को सफल बनाने हेतु अखाड़ा समितियों के साथ महासमिति के संरक्षक सह विश्व हिंदू परिषद हजारीबाग विभाग प्रमुख प्रवीण चंद्रा, मनोज कुमार रझुन्नू रकी उपस्थिति में महासमिति के अध्यक्ष राजकुमार यादव की अध्यक्षता एवं महासचिव धरतीपुत्र महेश भारती के संचालन में संपन्न हुई।

## एक नजर

### 25 मार्च को निकलेगी भव्य रामनवमी शोभायात्रा

**साहिबगंज:** आगामी 25 मार्च बुधवार को रामनवमी के पावन पर्व पर साहिबगंज नगर में एक विशाल और भव्य पैदल शोभायात्रा का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन समिति में विश्व हिंदू परिषद् बजरंग दल ने शहर के सभी रामभक्तों और धर्मप्रेमियों से इस शोभायात्रा में भारी संख्या में शामिल होने की अपील की है। यह शोभायात्रा शाम 4:30 बजे मां तारा मंदिर से पूरे उत्साह, गाजे-बाजे और डीजे के साथ प्रारंभ होगी। यह भव्य शोभायात्रा विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के जिला संयोजक करण सिंह यादव के नेतृत्व में निकाली जाएगी। इस पावन अवसर पर लाल बाबा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। शोभायात्रा का मार्ग मां तारा मंदिर से शुरू होकर यह यात्रा नगर थाना, चौक बाजार, बाटा रोड, रेलवे स्टेशन, कॉलेज रोड, पूर्वी फाटक, एसडीओ कोठी होते हुए गुजरेगी। इस पूरी पैदल यात्रा का विधिवत और शांतिपूर्ण समापन गंगा जी के पावन तट पर किया जाएगा।आयोजन समिति ने बताया कि शोभायात्रा पूर्णतः शांतिपूर्ण और अनुशासित होगी, जिसमें प्रशासन के सभी दिशा-निर्देशों का पालन किया जाएगा। नगर के सभी श्रद्धालुओं से निवेदन है कि समय पर मां तारा मंदिर पहुंचकर इस भव्य शोभायात्रा में शामिल हों और धर्म लाभ उठाएं।

### बाइक चोरी की कोशिश नाकाम, एक आरोपी गिरफ्तार

पूर्वी सिंहभूम: टेल्को थाना क्षेत्र स्थित टीआरएफ कॉलोनी में सोमवार को बाइक चोरी की एक कोशिश को सुरक्षा गार्ड की सतर्कता ने नाकाम कर दिया। कॉलोनी निवासी विवेक पांडे की बाइक को निशाना बनाकर दो युवक उसे चोरी करने पहुंचे थे, लेकिन समय रहते उनकी हरकत पकड़ में आ गई। जानकारी के अनुसार, दोनों युवक चोरी की नीयत से बाइक के पास पहुंचे और उसे लेकर भागने की कोशिश कर रहे थे। इसी दौरान वहां ड्यूटी पर मौजूद सुरक्षा गार्ड की नजर उन पर पड़ गई। गार्ड ने तुरंत सक्रियता दिखाते हुए दोनों को पकड़ने की कोशिश की। हालांकि इस दौरान एक युवक मौके से फरार हो गया, लेकिन दूसरे को गार्ड और स्थानीय लोगों की मदद से पकड़ लिया गया। ७पकड़े गए युवक की पहचान राहुल कामत के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों में गुस्सा फैल गया और उन्होंने आरोपित की पिटाई कर दी। बाद में उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया। टेल्को थाना प्रभारी सुरेश प्रसाद ने बताया कि गिरफ्तार आरोपित से पूछताछ की जा रही है और फरार साथी की तलाश भी जारी है।

# डीसी की अध्यक्षता में विभिन्न विकास योजनाओं की प्रगति पर विस्तृत समीक्षा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में डीएमएफटी, अनाबद्ध निधि, आकांक्षी मद एवं नीति आयोग सहित अन्य मदों से संचालित योजनाओं की प्रगति को लेकर समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे।उपायुक्त ने वित्तीय वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 के विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए सभी विभागीय अधिकारियों को समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक योजना का फील्ड-लेवल पर निगरानी के साथ क्रियान्वयन हो ताकि आमजन को शीघ्र लाभ मिल सके। बैठक में कार्यपालक अभियंता नृप, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, भवन प्रमंडल, असैनिक शल्य चिकित्सा, नगर परिषद एवं समेकित जनजातीय विकास अभिकरण द्वारा संचालित योजनाओं की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। इस दौरान जिन महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर विशेष चर्चा की गई, उनमें प्रमुख रूप से– मंडरो प्रखंड के दामिन भिट्ठा पंचायत अंतर्गत ग्राम बेतौना में सौर ऊर्जा आधारित जलापूर्ति योजना, साहेबगंज स्थित शकुंतला सहाय घाट में स्थायी घाट निर्माण एवं सौंदर्यीकरण कार्य, मंडरो, आंगनबाड़ी केन्द्र वार्ड सं-06 का भवन निर्माण, प्रखण्ड बरहेट अन्तर्गत ग्राम लबरी में पीडब्लूडी सड़क से स्कूल भवन तक पीसीसी सड़क निर्माण।, मंडरो प्रखण्ड अन्तर्गत एचएससी छोटा बेतौन में चहारदिवारी सह अन्य कार्य, मंडरो प्रखण्ड अन्तर्गत एचएससी कौड़ीखुटौना में चहारदिवारी सह अन्य निर्माण कार्य, मंडरो प्रखण्ड अन्तर्गत एचएससी सिरसा में चहारदिवारी सह अन्य निर्माण कार्य, मंडरो प्रखण्ड अन्तर्गत एचएससी तेतरिया में चहारदिवारी सह अन्य निर्माण कार्य, मंडरो प्रखण्ड अन्तर्गत एचएससी देवदांड़ में चहारदिवारी सह अन्य निर्माण कार्य, बरहेट प्रखण्ड अन्तर्गत मध्य विद्यालय बरहेट में क्लास रूम एवं शौचालय का निर्माण कार्य, पतना प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम तलबड़ीया फुटबॉल मैदान का गैलेरी का निर्माण। उर्दू मध्य विद्यालय साहेबगंज वार्ड नं-15 में चहारदिवारी का निर्माण, पतना प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम सुगनीबासा में डीप बोरिंग सह सोलर पानी टंकी निर्माण, पतना प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम लखीपुर में हटियापाड़ा में बंदरगोड़ा जाने वाले नाली में 66 का पुलिया सहित पीसीसी सड़क निर्माण, पतना प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम घटियारी में सुरई मुर्मू के घर से कैनाल तक पीसीसी सड़क निर्माण, पतना प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत आमडंडा संथाली में बांसपहाड़ पीडब्लूडी सड़क महुआ पेड़ से चण्डोला सीमा तक पुलिया सहित पीसीसी सड़क निर्माण, पतना प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत आमडंडा संथाली में बांसपहाड पीडब्लूडी सड़क महुआ पेड़ से चण्डोला सीमा तक पुलिया सहित पीसीसी सड़क निर्माण, पतना प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम बड़ा दिग्धी में महेन्द्र भगत के घर से दिग्धी स्कूल होते हुए चन्दना ग्राम तक पीसीसी सड़क निर्माण, पतना प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम केशरो में सनत मुर्मू घर से बबलु मुर्मू घर तक पीसीसी सड़क निर्माण, बरहेट प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम लबरी ग्रामीण सड़क से श्रीराम घर होते हुए चन्दराय घर तक पीसीसी सड़क निर्माण, बरहेट प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम संजोरी 36 पीडब्लूडी सड़क से हेसा घुटू टोला तक पीसीसी सड़क निर्माण, बरहेट प्रखण्ड अन्तर्गत ग्राम कुण्डली में आरईओ सड़क से बबलु हांसदा घर तक पीसीसी सड़क निर्माण।

## पाकुड़ मंडल कारा में देर रात औचक छापेमारी, सुरक्षा व्यवस्था पाई गई दुरुस्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पाकुड़ :** जिले के उपायुक्त मनीष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक निधि द्विवेदी के निदेर्शानुसार रविवार देर रात मंडल कारा में विशेष औचक छापेमारी अभियान चलाया गया। यह अभियान अनुमंडल पदाधिकारी साईमन मरांडी एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी डीएन आजाद के नेतृत्व में विभिन्न थानों की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा संचालित किया गया। इस दौरान कारा अधीक्षक भी मौजूद रहे। छापेमारी के दौरान अधिकारियों एवं पुलिस बल ने मंडल कारा के पुरुष एवं महिला कैदी वार्ड, कैदी अस्पताल, किचन सहित सभी महत्वपूर्ण स्थानों का गहन निरीक्षण किया। सर्च अभियान के दौरान किसी भी प्रकार का आपत्तिजनक, प्रतिबंधित अथवा संदिग्ध सामान बरामद नहीं हुआ। इससे जेल की सुरक्षा व्यवस्था के सुदृढ़ एवं नियंत्रण में होने की पुष्टि हुई। निरीक्षण के बाद अनुमंडल पदाधिकारी साईमन मरांडी ने बताया कि आगामी पर्व-त्योहारों को ध्यान में रखते हुए विधि-व्यवस्था एवं सुरक्षा मानकों की समीक्षा के उद्देश्य से यह अभियान चलाया गया। उन्होंने कहा कि सभी वार्ड नियमों के अनुरूप पाए गए और कहीं भी किसी प्रकार की अवैध गतिविधि नहीं मिली।

## पीएम कुसुम योजना : सोलर पंप अधिष्ठापन को लेकर जिला स्तरीय समिति की हुई बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पाकुड़ :** जिले के उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री कुसुम योजना के तहत सिंचाई कार्य के लिए सोलर पंप की आपूर्ति एवं अधिष्ठापन को लेकर जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में योजना के क्रियान्वयन, लाभुकों के चयन तथा प्रखंडवार प्राप्त आवेदनों की समीक्षा की गई। बैठक की शुरूआत में जिला कृषि पदाधिकारी ने जानकारी दी कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में 20 मार्च तक विभिन्न प्रखंडों से कुल 100 आवेदनों का जांच प्रतिवेदन प्राप्त हुआ है। इनमें से 90 किसानों को योग्य तथा 10 किसानों को अयोग्य घोषित किया गया है। प्रखंडवार विवरण के अनुसार हिरणपुर से 04, लिट्टीपाड़ा से 03, महेशपुर से 67, पाकुड़ से 04, अमड़ापाड़ा से 03 तथा पाकुड़िया से 09 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें कुल 90 किसान पात्र पाए गए। वहीं महेशपुर प्रखंड के 10 आवेदन अयोग्य घोषित कर अस्वीकृत किए गए। जिला कृषि पदाधिकारी ने बताया कि योग्य एवं अयोग्य किसानों की सूची समिति की अनुशंसा के बाद जेडा कार्यालय, रांची को भेजी जाएगी। साथ ही अयोग्य किसानों द्वारा जमा राशि की वापसी के लिए भी आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। समिति ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि प्रखंडों से प्राप्त जांच प्रतिवेदन के आधार पर कुल 100 लाभुकों की सूची तैयार कर निदेशक, जेडा रांची को प्रेषित की जाए। इस संबंध में उपायुक्त ने नोडल पदाधिकारी सह जिला कृषि पदाधिकारी को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि पीएम कुसुम योजना के माध्यम से किसानों को सोलर पंप उपलब्ध कराकर सिंचाई सुविधा को मजबूत किया जा रहा है, जिससे कृषि उत्पादन में वृद्धि के साथ किसानों की आय में भी सुधार होगा।

## बना करोड़ों साल पुराने जीवाश्मों का खजाना कोलकाता से पहुंचे शोधार्थियों ने किया अध्ययन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**साहिबगंज :** जिला इन दिनों करोड़ों वर्ष पुराने जीवाश्म के एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में तेजी से उभर रहा है। जिले के विभिन्न इलाकों में प्राचीन जीवाश्मों की लगातार मिल रही मौजूदगी ने न सिर्फ वैज्ञानिकों बल्कि देशभर के शोधार्थियों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है। इसी कड़ी में पश्चिम बंगाल के कोलकाता स्थित सरोजिनी नायडू विश्वविद्यालय के 30 से अधिक जियोलॉजी के छात्र-छात्राएं अध्ययन और शोध के उद्देश्य से साहिबगंज पहुंचे। भूवैज्ञानिक पदाधिकारी सह मॉडल कॉलेज राजमहल के प्राचार्य डॉ.रंजीत सिंह के मार्ग दर्शन में यह टीम तालझारी प्रखंड के वृंदावन क्षेत्र में पहुंची,जहां जीवाश्मों की प्रचुरता देखी जा रही है। वृंदावन पहुंचकर छात्र- छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के खंडित जीवाश्मों का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने स्थल पर ही प्रारंभिक जांच कर जीवाश्मों की संरचना,बनावट और संभावित आयु का अध्ययन किया। इसके साथ ही वैज्ञानिक परीक्षण के लिए कई महत्वपूर्ण नमूने एकत्रित कर अपने साथ ले गए,जिससे भविष्य में और विस्तृत शोध संभव हो सकेगा। इस अध्ययन दौरे के दौरान कोलकाता से आए डॉ.तौहीन राय सहित अन्य शोधार्थी और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। सभी ने क्षेत्र में पाए जा रहे जीवाश्मों को बेहद महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि यह इलाका भूवैज्ञानिक दृष्टि से काफी समृद्ध है। स्थानीय स्तर पर भी इस खोज को लेकर उत्साह का माहौल है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि इन जीवाश्मों का संरक्षण और व्यवस्थित वैज्ञानिक अध्ययन किया जाए, तो साहिबगंज न केवल झारखंड बल्कि पूरे देश के प्रमुख भूवैज्ञानिक और शैक्षणिक केंद्रों में अपनी पहचान बना सकता है। साथ ही, यह क्षेत्र भविष्य में भू-पर्यटन के रूप में भी विकसित हो सकता है, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी लाभ मिलेगा।

## पंचायत समिति की अहम बैठक में बाल संरक्षण व विकास योजनाओं की हुई समीक्षा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हिरणपुर :** जिले के हिरणपुर प्रखंड के घाघरजानी स्थित सभागार में सोमवार को पंचायत समिति की बैठक प्रखंड प्रमुख रानी सोरेन की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में उप प्रमुख, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और पंचायत समिति सदस्य शामिल हुए। बैठक की शुरूआत बाल कल्याण समिति के गठन से की गई, जिसमें उप प्रमुख को समिति का अध्यक्ष नामित किया गया। अधिकारियों ने बताया कि यह समिति क्षेत्र में बाल संरक्षण, बाल विवाह पर रोक तथा बच्चों से जुड़े सामाजिक मुद्दों के समाधान में सक्रिय भूमिका निभाएगी। इसके अलावा सामाजिक सुरक्षा सहायता केंद्र को और प्रभावी बनाने पर भी चर्चा हुई। बैठक के दौरान आवास योजना, मनरेगा, शिक्षा, सार्वजनिक वितरण प्रणाली, स्वास्थ्य और कृषि विभाग से जुड़ी योजनाओं की समीक्षा की गई। विभागीय अधिकारियों ने अपने-अपने कार्यों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। आपूर्ति विभाग के पदाधिकारी ने जानकारी दी कि अप्रैल माह के राशन का वितरण शुरू कर दिया गया है, जिससे लाभुकों को समय पर अनाज मिल सकेगा। वहीं प्रभारी कृषि पदाधिकारी ने बताया कि मुगाडांगा क्लस्टर में मूंग बीज का वितरण किया जा रहा है, जिससे क्षेत्र में दलहन उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा और किसानों को लाभ होगा।

## डीसी ने आईटीडीए, कल्याण एवं समाज कल्याण विभाग की योजनाओं की समीक्षा की

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** डीसी-सह-जिला दंडाधिकारी हेमंत सती की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में आईटीडीए, कल्याण एवं समाज कल्याण विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यों की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान समाज कल्याण विभाग की समीक्षा करते हुए डीसी ने आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण एवं संचालन की प्रगति की जानकारी ली तथा पोषण ट्रैकर में नियमित प्रविष्टि सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों में सेविका एवं सहायिका के चयन प्रक्रिया में तेजी लाने तथा सभी रिक्त पदों को शीघ्र भरने के निर्देश भी दिए। इसके अतिरिक्त सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, पोषण ट्रैकर ऐप, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना एवं कन्यादान योजना सहित अन्य योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। डीसी ने इन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, पारदर्शिता एवं निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करने पर बल दिया। कल्याण विभाग की समीक्षा के क्रम में मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक लाभुकों को जोड़ने के निर्देश दिए गए। साथ ही कल्याण विभाग द्वारा संचालित विद्यालयों का नियमित निरीक्षण करने, छात्रावास निर्माण कार्यों की प्रगति तथा कब्रिस्तान घेराबंदी कार्यों की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में परियोजना निदेशक आईटीडीए संजय कुमार दास, सीडीपीओ एवं महिला पर्यवेक्षिका सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## मेरा युवा भारत के द्वारा शहीदी दिवस मनाया

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**साहिबगंज :** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के अधीन मेरा युवा भारत साहेबगंज के द्वारा शहीदी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर गैस गोदाम से भगत सिंह चौक तक पदयात्रा निकाला गया। पदयात्रा के दौरान शहीद भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु अमर रहे, इंकलाब जिंदाबाद, भारत माता जय की नारे लगते रहे। भगत सिंह चौक पर पदयात्रा में उपस्थित रहे मुख्य अतिथि दशरथ सहानी, नायक सूबेदार भारतीय बॉडर फोर्स, भगत सिंह युवा क्लब के अध्यक्ष गौरव कुमार सुमन, रानी लक्ष्मी बाई, युवा कल्ब की अध्यक्ष छोटी कुमारी, उपेंद्र कुमार स्वामी विवेकानंद युवा क्लब के अध्यक्ष, बीटीएस युवा क्लब के अध्यक्ष अजय कुमार, राज कोचिंग सेंटर के शिक्षक रविकांत तांती, माय भारत के एमटीएस राहुल यादव ने बारी बारी से शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मो कौशर अंसारी ने बताया कि

23 मार्च को, भारत ने राष्ट्र की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले युवा क्रांतिकारियों, शहीद भगत सिंह, शहीद शिवराम राजगुरु और शहीद सुखदेव थापर के साहस और बलिदान को याद किया। शहीद दिवस केवल एक स्मृति नहीं है, बल्कि एक शक्तिशाली अनुस्मारक है कि राष्ट्र निर्माण की जिम्मेदारी अब हम सभी पर है। साथ ही माय भारत के चंदन कुमार ने बताया कि इसी भावना के साथ, माय भारत मेरी जिम्मेदारी" विषय के तहत शहीद दिवस 2026 प्रस्तुत करता है, जो आज के युवाओं को जागरूक कार्य, नागरिक जिम्मेदारी और राष्ट्र के भविष्य को आकार देने में सक्रिय भागीदारी के माध्यम से बलिदान की विरासत को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करता है। इस अवसर पर दर्जनों छात्र, छात्राएं, और लोगों की उपस्थिति रही।

## संक्षिप्त खबरें

### मलीकपाड़ा में 63 केवी का नया ट्रांसफार्मर स्थापित, ग्रामीणों को मिली बड़ी राहत



**पाकुड़ :** जिले के सदर प्रखंड अंतर्गत पंचायत इलामी के टोला मलीकपाड़ा में सोमवार, 23 मार्च 2026 को झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस महासचिव डॉ. तनवीर आलम की पहल पर 63 केवी क्षमता का नया ट्रांसफार्मर स्थापित किया गया। इस कार्य से क्षेत्र में लंबे समय से चली आ रही बिजली की समस्या का समाधान होने की उम्मीद जगी है। बताया जाता है कि मलीकपाड़ा एवं आसपास के क्षेत्रों में पिछले कई महीनों से बिजली आपूर्ति बाधित रहती थी, जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। खासकर गर्मी के मौसम में बिजली की कमी ने जनजीवन को प्रभावित कर दिया था। ऐसे में नए ट्रांसफार्मर की स्थापना से अब नियमित और बेहतर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी। इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह पहल क्षेत्र के विकास और जनसेवा के प्रति डॉ. तनवीर आलम की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। उन्होंने हमेशा आम जनता की समस्याओं को प्राथमिकता देते हुए समाधान की दिशा में कार्य किया है। मौके पर ग्राम प्रधान अब्दुस समद सहित कई गणमान्य ग्रामीण मौजूद रहे। सभी ने इस सराहनीय पहल के लिए डॉ. तनवीर आलम के प्रति आभार व्यक्त किया और उम्मीद जताई कि भविष्य में भी इसी तरह क्षेत्र के विकास के लिए कार्य होते रहेंगे।

### कृषि यंत्रीकरण उप मिशन : 80% अनुदान पर मिलेंगे आधुनिक कृषि यंत्र



**पाकुड़ :** जिले के उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए केंद्र प्रायोजित पीएम-आरकेवीवाई योजना अंतर्गत कृषि यंत्रीकरण उप मिशन उपयोजना की जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कृषि उपकरण बैंक की स्थापना हेतु कृषि यंत्रों के वितरण के अनुमोदन पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में समिति द्वारा जिले के 06 महिला सखी मंडलों का चयन किया गया, जिन्हें इस योजना के तहत लाभ प्रदान किया जाएगा। इन सखी मंडलों के माध्यम से कृषि उपकरण बैंक स्थापित किए जाएंगे, जिससे समूह आधारित खेती को बढ़ावा मिलेगा। भूमि संरक्षण पदाधिकारी सुचीत एक्का ने जानकारी दी कि इस उपयोजना के तहत लगभग 10 लाख रुपये के पैकेज पर 80 प्रतिशत तक अनुदान दिया जाएगा। इस पैकेज में मिनी ट्रैक्टर, रीपर, पावर टिलर, रोटावेटर, केजव्हील, कल्टीवेटर सहित अन्य आधुनिक कृषि यंत्र शामिल हैं। चयनित सखी मंडल अपनी आवश्यकतानुसार कृषि यंत्रों का चयन कर पैकेज तैयार करेंगे तथा यंत्रों की खरीद करेंगे। उन्होंने बताया कि इस पहल से सखी मंडलों को खेती के कार्यों में आत्मनिर्भरता मिलेगी और बुआई से लेकर कटाई तक सभी कार्य समय पर एवं बेहतर ढंग से संपन्न किए जा सकेंगे। उपायुक्त ने कहा कि कृषि यंत्रीकरण से श्रम की बचत होगी, उत्पादन में वृद्धि होगी और किसानों की आय में भी सकारात्मक सुधार देखने को मिलेगा। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को योजना के प्रभावी, पारदर्शी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला प्रोग्राम मैनेजर सहित भूमि संरक्षण पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### पाकुड़ में हथियार के साथ दो युवक गिरफ्तार, पुलिस ने की त्वरित कार्रवाई




**पाकुड़ :** नगर थाना क्षेत्र में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो युवकों को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 22 को गुप्त सूचना मिली थी कि सिद्धो-कान्हू पार्क के पास कुछ लोग आपस में झगड़ा कर रहे हैं और उनके पास हथियार भी मौजूद है। सूचना के सत्यापन के बाद नगर थाना पुलिस एवं टाइगर मोबाइल टीम को तत्काल मौके पर भेजा गया। पुलिस के पहुंचते ही दो युवक भागने लगे, जिन्हें खदेड़कर पकड़ लिया गया। तलाशी के दौरान एक आरोपी के पास से एक देशी कट्टा बरामद किया गया। इस मामले में नगर थाना कांड संख्या 56/2026, दिनांक 23 मार्च 2026 के तहत आर्म्स एक्ट की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई है। गिरफ्तार दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। गिरफ्तार आरोपियों के नाम साल्फी शेख, पिता स्व. अजिमुद्दीन शेख, निवासी - मनीरामपुर, थाना मुफस्सिल, जिला पाकुड़ सागीर शेख, पिता स्व. असगर शेख, निवासी - अंजना, थाना मुफस्सिल, जिला पाकुड़। बरामद सामान एक देशी कट्टा छापेमारी टीम में शामिल अधिकारी नगर थाना के अवर निरीक्षक अयोध्या सिंह सहित टाइगर मोबाइल के पुलिसकर्मी इस कार्रवाई में शामिल रहे। वहीं पुलिस अधीक्षक कार्यालय की ओर से बताया गया कि जिले में अपराध नियंत्रण के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है और अवैध हथियार रखने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### जिला स्तरीय उन्मुखीकरण प्रशिक्षण सह कार्यशाला का सफल आयोजन



**साहिबगंज:** झारखंड शिक्षा परियोजना साहिबगंज के तत्वाधान में समावेशी शिक्षा प्रभाग के तहत शैक्षिक प्रशासकों, प्राथमिक माध्यमिक एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों, अभिभावकों, आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं कार्यकताओं का जिला स्तरीय उन्मुखीकरण प्रशिक्षण सह कार्यशाला का उद्घाटन जिला शिक्षा पदाधिकारी साहिबगंज, जिला शिक्षा अधीक्षक साहेबगंज तथा प्रभाग प्रभारी संजय कुमार तिवारी के दीप प्रज्वलन के साथ संपन्न हुआ। अतिथियों का स्वागत तथा विषय प्रवेश करते हुए जिला शिक्षा अधीक्षक ने दिव्यांग बच्चों के उत्थान, विकास एवं यून्नयन हेतु सबों के समन्वय का आह्वान किया साथ ही दिव्यांगों की शिक्षा के सशक्तिकरण हेतु जागरूक, संवेदनशील तथा मददगार सिद्ध होने के लिए सभी स्टेक होल्डर को बधाई दिया। जिला शिक्षा पदाधिकारी डॉक्टर दुगार्नंद झा ने समावेशी बच्चों को दिए जाने वाले विभिन्न लाभकारी सरकारी योजनाओं तथा परियोजना द्वारा प्रदत लाभ की समुचित जानकारी प्रदान करते हुए यथेष्ट प्रोत्साहन दिया। उन्होंने दिव्यांगों के कर्मियों को नहीं बल्कि उनके सपनों एवं हौसले को उजागर करने हेतु प्रतिभागियों को प्रेरित किया।

## संक्षिप्त डायरी

### महिला को 12 बार चाकू से गोद मार डाला, बचाने आई बेटी पर भी हमला

**पटना (एजेंसी)** जक्कनपुर में एक सनकी युवक ने महिला और उसकी बेटी को चाकू से गोद दिया। पड़ोस के लोग दोनों को अस्पताल ले गए, जहां महिला की मौत हो गई। 17 साल की बेटी की कलाई पर चाकू लगा है। इलाज के बाद उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। घटना को अंजाम देने वाला राजा ई-रिक्शा चलाता है। वह फरार है। महिला मीठापुर में ठेले पर सब्जी बेचती थी। सात-आठ साल से उसके पति घर नहीं आए हैं। वह बिहार से बाहर रहते हैं। पुलिस सूत्रों की मानें तो राजा लंबे समय तक महिला के साथ ही किराया के घर में रहा। दो माह पहले महिला ने अलग घर ले लिया और बेटी के साथ रहने लगी। उसकी बेटी राजा को घर आने नहीं दे रही थी। इसी से नाराज राजा ने घटना को अंजाम दिया। एएसपी सदर अभिनव ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। आरोपी घर में घुसते ही महिला पर करने लगा ताबड़तोड़ हमला महिला खाना बना रही थी। बेटी कमरे में थी। राजा घर में घुसा और महिला पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिया। महिला के चिल्लाने पर बेटी बचाने के लिए दौड़कर आई तो राजा ने उस पर भी चाकू से वार कर दिया। उसकी बांह में चाकू लगा और वह लहूलुहान हो गई। महिला के शरीर पर जख्म के करीब 12 गहरे निशान हैं। बच्ची के चिल्लाने की आवाज सुन आसपास के लोग पहुंचे। बाइक से दोनों को अस्पताल ले गए। इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस अस्पताल पहुंची। एफएसएल की टीम ने भी घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किया है। गिड़गिड़ाती रही बेटी, अंकल! मेरी मां को छोड़ दीजिए महिला का मायका पत्रकारनगर इलाके में है। उसके मायके के लोग भी पहुंचे। पुलिस ने महिला के भाई का बयान दर्ज किया। महिला की बेटी ने पुलिस को बताया कि मैंने राजा अंकल को कहा कि मां को छोड़ दीजिए लेकिन वह चाकू से वार करता रहा। मुझे भी चाकू मारा। राजा मेरी मां को परेशान करता था। मां ने उसका फोन उठाना बंद कर दिया था। राजा स्मैकियर, रामकृष्णानगर और मलाही पकड़ी ठिकाना राजा के साथ ई-रिक्शा चलाने वालों से भी पुलिस ने पूछताछ की है। पुलिस को पता चला कि राजा स्मैक का आदी है। वह किराया पर जक्कनपुर इलाके में ही रहता था। हालांकि उसका स्थायी पता रामकृष्णानगर और मलाही पकड़ी है। पुलिस ने दोनों जगहों पर छापेमारी की, लेकिन वह नहीं मिला। पुलिस ने महिला का मोबाइल जब्त किया है और जांच कर रही है।

### केंद्रीय मंत्री बोलीं- 2036 ओलिंपिक में बिहार को मिल सकता है मौका

**पटना (एजेंसी)** बिहार के खेल-खिलाड़ियों को आगे ले जाने के उद्देश्य से रविवार को यहां स्पोर्ट्स कॉन्क्लेव का आयोजन हुआ। केंद्रीय खेल राज्यमंत्री रक्षा खड्से और बिहार की खेल मंत्री श्रेयसी सिंह ने खेल-खिलाड़ियों के संबंध में क्रमशः केंद्र व राज्य सरकार के विजन को रखा। मंत्रियों ने कहा कि स्पोर्ट्स कॉन्क्लेव में सामने आए सुझावों को अप्रैल में होने वाले राष्ट्रीय चिंतन शिविर में रखा जाएगा। बिहार अब खेल के क्षेत्र में नई पहचान बनाने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। आगे यह रफ्तार और तेज होगी। केंद्रीय खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे ने कहा कि बिहार सरकार द्वारा मनरेगा के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में मिनी स्टेडियम और खेल मैदान विकसित करने की पहल को केंद्र सरकार ने अपनाया है और अब इसे पूरे देश में लागू किया जाएगा। इस वर्ष के बजट में लाई गई नई योजना के तहत इसी मॉडल को राष्ट्रीय स्तर पर लागू किया जा रहा है। रक्षा खडसे ने बिहार दिवस के मौके पर राज्य सरकार के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि केंद्र सरकार खेलों के विकास के लिए राज्यों को हर संभव सहयोग देने को तैयार है। बच्चों को स्कूल स्तर से ही खेल और स्पोर्ट्स साइंस के प्रति जागरूक करना जरूरी है। सरकार खेल को स्कूल से कॉलेज तक अनिवार्य बनाने पर विचार कर रही है। उन्होंने बिहार में आयोजित खेलो इंडिया का उदाहरण देते हुए बताया कि इससे राज्य की संस्कृति और पहचान देश भर में पहुंची। रक्षा खड्से ने कहा कि 2036 के ओलिंपिक को लेकर बिहार में जो विजन और पैशन दिख रहा है, वैसे पूरे देश में कहीं नहीं है। स्पोर्ट्स को आगे बढ़ाने के लिए जिस तरह से सरकार व स्पोर्ट्स से जुड़े अधिकारी जुनून के साथ काम कर रहे हैं। यही चीज बिहार को खेल के क्षेत्र में आगे लेकर जाएगी। बिहार देश भर में डेवलपिंग स्पोर्ट्स का हब बनता जा रहा है। अब लोगों को सोंच बदलने की आवश्यकता है। सभी को यह मानना होगा कि स्पोर्ट्स लाइफ स्टाइल का हिस्सा है। कहा कि यूथ को सक्षम बनाने के लिए स्पोर्ट्स से जोड़ना जरूरी है। इससे डिप्रेशन, एंजाइटी आदि से छुटकारा के साथ टाइम मैनेजमेंट व लीडरशिप डेवलप होता है।

### अमीनों ने मांगें पूरी करने के लिए 31 तक का दिया अल्टीमेटम

**पटना (एजेंसी)** राज्य के अंचलों, डीसीएलआर और जिला भू-अर्जन कार्यालयों में काम करने वाले 1767 अमीनों ने अपनी मांगें पूरी करने के लिए 31 मार्च तक का अल्टीमेटम दिया है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के आश्वासन पर सोमवार को सभी जिला मुख्यालय पर एक दिवसीय धरना को टाल दिया है। रविवार को बिहार राजस्व अमीन संघ की पटना में बैठक हुई, जिसमें ये निर्णय लिए गए। अमीन अपनी 5 सूत्री मांगों को लेकर 20 मार्च से ही काला बिल्ला लगाकर नौकरी कर रहे हैं। संघ ने 17 मार्च को राजस्व विभाग के प्रधान सचिव को पत्र लिखकर आगाह किया था कि उनकी मांगें पूरी नहीं हुई तो राज्य के सभी नियमित अमीन अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने के लिए बाध्य हो जाएंगे। बिहार राजस्व अमीन संघ के अध्यक्ष विशाल कुमार और महामंत्री रवि कुमार सिंह ने कहा कि अमीन का कार्य पूर्णतः तकनीकी एवं क्षेत्रीय प्रकृति का है। अमीनों को उनके कार्य प्रकृति के अनुरूप न तो उचित वेतनमान दिया गया है, न ही आवश्यक संसाधन एवं सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। पदोन्नति के अवसर समाप्त कर दिए गए हैं। अंचल/अनुमंडल स्तरीय कार्यालयों में कार्यरत 1100 से अधिक राजस्व सेवा अधिकारी के साथ अंचल कार्यालयों में काम कर रहे 3500 नियमित राजस्व कर्मचारी पहले से ही हड़ताल पर हैं। अब 1767 नियमित अमीन भी आंदोलन पर उतरे तो राज्य के सभी 537 अंचल कार्यालय में कोई काम नहीं हो पाएगा। ये ही जमीन संबंधी समस्याओं का निपटारा करते हैं। अंचलों में बीते 9 मार्च से दाखिल-खारिज, परिमार्जन, लगान संबंधित आवेदनों का निपटारा नहीं हो रहा है। 537 अंचलों में रोज परिमार्जन के 10000, म्यूटेशन के 5500 और मापी के 1050 आवेदन आते हैं। वहीं परिमार्जन के 40 लाख और म्यूटेशन के 5 लाख मामले लंबित हैं।

### अब 15 दिन पहले ही एआई से आंधी-तूफान की सूचना मिलेगी

**पटना (एजेंसी)** एआई के जरिए अब 15 दिन पहले ही साइक्लोन और आंधी-तूफान की जानकारी मिलेगी। इसके लिए तकनीकी का प्रयोग कर पहले से उपलब्ध डाटा का विश्लेषणा कया जाएगा। ये बातें विधान परिषद में रविवार को स्पेस एप्लीकेशन सेंटर (इसरो) के निदेशक निलेश एम देसाई ने कहीं। उन्होंने कहा कि बिहार मौसम सेवा केंद्र (बीएमएसके) और सैक-इसरो पिछले तीन वर्षों से विभिन्न विषयों पर काम कर रहे हैं। इसमें आपदा प्रबंधन जैसे- बाढ़, भूकंप, वज्रपात, शीतलहर, लू, आंधी-तूफान आदि के पूवार्नुमान मुख्य हैं। छठ पूजा जैसे बड़े अवसरों पर भीड़ नियंत्रण के लिए सैटेलाइट के प्रयोग से इसका प्रबंधन किया जा सकता है। राज्य के विभिन्न शहरों की वायु गुणवत्ता का पता लगा सकते हैं। इस मौके पर विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह ने निलेश एम देसाई द्वारा लिखित पुस्तक अंतरिक्ष से बिहार का विमोचन किया। अवधेश नारायण सिंह ने कहा कि अंतरिक्ष से बिहार का अर्थ है कि अंतरिक्ष से बिहार कैसा दिखता है। कार्यक्रम में उप सभापति प्रो. (डॉ.) राम वचन राय, मुख्य सचेतक सत्तारूढ़ दल संजय कुमार सिंह, बिहार विधान परिषद के सदस्य समीर कुमार सिंह, प्रभारी सचिव शंकर कुमार, डॉ. रश्मि शर्मा, डॉ. मनीष परमार, दीपक कुमार सिंह सहित अन्य सदस्य और पदाधिकारी मौजूद थे।

## नीतीश कुमार का जहानाबाद दौराः विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास, जीविका दीदियों के हुनर को सराहा

**समृद्धि यात्राः जहानाबाद को 252 करोड़ का 'गिफ्ट' देकर अब अरवल रवाना होंगे सीएम नीतीश**



**पटना (एजेंसी)** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की समृद्धि यात्रा आज जहानाबाद में हुई. यहां उन्होंने 252 करोड़ का गिफ्ट दिया. इस दौरान सीएम नीतीश जनसंवाद कार्यक्रम में भी शामिल हुए. मंच से उन्होंने सरकार की उपलब्धियां गिनवाई और लालू-राबड़ी शासनकाल पर हमला भी बोला. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जहानाबाद में आज 182 करोड़ रुपए की 73 योजनाओं का शिलान्यास और 70 करोड़ रुपए की 88 योजनाओं का उद्घाटन किया. इस दौरान उन्होंने जीविका दीदियों की ओर से लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण किया. साथ ही सिलाई प्रशिक्षण-सह-वस्त्र उत्पादन केंद्र का उद्घाटन भी किया. इसके अलावा जिले में चल रही विकास योजनाओं के बारे में जानकारी ली. लालू-राबड़ी शासनकाल पर क्या बोले? जहानाबाद में जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया. मंच से सीएम नीतीश कुमार ने बिहार सरकार की अब तक की उपलब्धियां गिनवाई. इसके साथ ही लालू-राबड़ी शासनकाल पर निशाना भी साधा. सीएम नीतीश कुमार ने कहा, पहले बहुत बुरा हाल था. पहले स्वास्थ्य सुविधाएं उचित नहीं थी. साथ ही लालू प्रसाद की तरफ से राबड़ी देवी को मुख्यमंत्री बनाने को लेकर भी हमला बोला. सम्राट चौधरी ने की जमकर तारीफ जहानाबाद के जनसंवाद कार्यक्रम में डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की खूब तारीफ की. सम्राट चौधरी ने कहा, उन्होंने न्याय के साथ विकास किया है और पीएम मोदी के सपनों को पूरा कर रहे हैं. पीएम मोदी और सीएम नीतीश लगातार बिहार की समृद्धि के लिए काम कर रहे हैं. हम आश्वस्त करते हैं इतिहास के पन्ने में जब-जब मगध की चर्चा होगी, तब बिहार की चर्चा होगी और नीतीश कुमार की चर्चा होगी. आगे भी नीतीश कुमार के ही मार्गदर्शन में बिहार की सरकार चलती रहेगी. अरवल में भी सीएम नीतीश करेंगे यात्रा सीएम नीतीश के जहानाबाद आने से पहले सुरक्षा के लिहाज से भी खास इंतजाम किए गए थे. सीएम सिक्योरिटी की टीम ने सभी जगहों का निरीक्षण किया था और चप्पे-चप्पे पर कड़ी नजर रखी जा रही थी. जहानाबाद के बाद अब सीएम नीतीश अरवल जायेंगे. जिले में वह 63 करोड़ रुपए की लागत वाली 22 योजनाओं का शिलान्यास करेंगे. साथ ही 90 करोड़ रुपए की 250 योजनाओं का उद्घाटन करेंगे.

## पटना में बुलेट बाइक की टक्कर से दो की मौत

**पटना (एजेंसी)** पटना के परसा बाजार थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात एक तेज रफ्तार बुलेट बाइक की टक्कर से दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। यह घटना सिमरा हाईवे पर हुई। हादसे के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क जाम कर टायर जलाकर विरोध प्रदर्शन किया। जानकारी के अनुसार, सिमरा के पास मजदूरी कर घर लौट रहे पिंटू दास को तेज रफ्तार बुलेट बाइक ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि पिंटू दास उछलकर सड़क किनारे जा गिरे। इसी क्रम में बुलेट बाइक अनियंत्रित होकर सड़क के डिवाइडर से टकरा गई। इस हादसे में बाइक घटना की सूचना मिलते ही भारी संख्या में ग्रामीण मौके पर जमा हो गए। उन्होंने पटना-डोभी हाईवे मार्ग को टायर जलाकर बंद कर दिया

## कन्हौली-शेरपुर रिंग रोड के लिए मिले 74 आवेदन

**पटना (एजेंसी)** कन्हौली-शेरपुर रिंग रोड का निर्माण जल्द ही शुरू होने वाला है. इसके लिए 74 आवेदन मिले हैं. इसके साथ ही बिहटा और मनेर अंचल में इसके लिए लगभग 177 एकड़ की जमीन का अधिग्रहण किया जाएगा. बिहार में कई सारे रोड प्रोजेक्ट्स पर काम किए जा रहे हैं. जिलों के बीच कनेक्टिविटी को मजबूत किया जा रहा है. इसी क्रम में कन्हौली-शेरपुर रिंग रोड को लेकर अपडेट आ गया है. कन्हौली-शेरपुर सेक्शन में पटना रिंग रोड के निर्माण में जमीन अधिग्रहण में तेजी आएगी. जमीन अधिग्रहण को लेकर बिहटा और मनेर अंचल में मुआवजे को लेकर 74 रैयतों ने आवेदन दिए हैं. जमीन के कागजातों की हो रही जांच जानकारी के मुताबिक, रैयतों की ओर से जमीन के दिए गए कागजात के जांच की प्रक्रिया चल रही है. रैयतों को मुआवजा वितरण में तेजी लाने के लिए फरवरी महीने में दोनों अंचलों में कैंप लगा कर प्रचार-प्रसार हुआ था. साथ ही रैयतों से आवेदन लिए गए थे. इसके अलावा अधिगृहीत जमीन में जिन रैयतों की जमीन है, वे जिला भू-अर्जन कार्यालय में भी जमीन के कागजात के साथ आवेदन कर रहे हैं. कब से शुरू होगा निर्माण कार्य? रैयतों को मुआवजा वितरण होने पर मॉनसून के बाद सितंबर-अक्टूबर से रिंग रोड का निर्माण कार्य शुरू होने की संभावना है. कन्हौली-शेरपुर के बीच सड़क निर्माण के लिए 177 एकड़ जमीन अधिग्रहण होना है. रिंग रोड के बनने से लोगों को कई सुविधाएं मिल सकेंगी. रिंग रोड के बन जाने के बाद भारी गाड़ियों को शहर के अंदर आने की जरूरत नहीं पड़ेगी. वे सीधे रिंग रोड का इस्तेमाल करेंगे, जिससे शहर में ट्रैफिक जाम की समस्या काफी हद तक कम हो जाएगी. सड़क के निर्माण से फायदा और लागत इस प्रोजेक्ट के पूरा होने में 777.79 करोड़ रुपए खर्च किए जाने की संभावना है. केंद्र और राज्य सरकार मिलकर इस खर्च को बराबर-बराबर वहन करेंगी. पहले फंडिंग को लेकर अड़चन थी, लेकिन सहमति बनने के बाद रास्ता साफ हो गया है. कन्हौली के पास एक बड़ा जंक्शन बनाया जाएगा, जो कई प्रमुख सड़कों को जोड़ेगा. कन्हौली गोलंबर को जोड़ने के लिए करीब 1.5 किलोमीटर लंबा रैंप भी बनाया जाएगा. इससे यातायात और ज्यादा सुगम होगा. यह सड़क पटना, सारण और वैशाली जिलों से होकर गुजरेगी. साथ ही शेरपुर-दिघवारा गंगा पुल और कच्ची दरगाह-बिदुपुर पुल से इसका कनेक्शन होगा.

## बिहार में बदलेगा मौसम का मिजाज, 26 मार्च से शुरू होगा बारिश और आंधी का दौर

**पटना (एजेंसी)** बिहार में मौसम तेजी से बदल रहा है. मौसम विज्ञान केंद्र पटना के मुताबिक पहले गर्मी बढ़ेगी, फिर 26-27 मार्च से बारिश और आंधी का दौर शुरू होगा. मौसम विभाग ने कई जिलों में येलो अलर्ट जारी किया है और इस दौरान वज्रपात का खतरा भी है. लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है. बिहार में मौसम इन दिनों तेजी से बदल रहा है. मौसम विज्ञान केंद्र पटना के मुताबिक आने वाले कुछ दिनों में लोगों को गर्मी और बारिश दोनों का असर देखने को मिलेगा. फिलहाल राज्य में सुबह-शाम हल्की ठंड महसूस हो रही है. सबसे कम तापमान समस्तीपुर और सिवान के जीरादेई इलाके में करीब 15.7 डिग्री दर्ज किया गया है. पटना में आने वाले दिनों में दिन का तापमान 34 डिग्री तक जा सकता है. इससे दोपहर में गर्मी बढ़ेगी. 26 मार्च से बदलेगा मौसम यह गर्मी ज्यादा दिनों तक नहीं रहेगी. 26 मार्च से मौसम का मिजाज बदलने लगेगा. पश्चिमी बिहार के पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, गोपालगंज, सिवान, सारण, बक्सर, भोजपुर, अरवल, रोहतास, कैमूर और औरंगाबाद में येलो अलर्ट जारी किया गया है. इन जगहों पर तेज हवा, बादल और हल्की बारिश हो सकती है. इसी दौरान पटना, वैशाली, मुजफ्फरपुर और गया में आसमान में बादल छाए रहेंगे. इससे गर्मी से थोड़ी राहत मिल सकती है. 27 मार्च को ऐसा रहेगा हाल 27 मार्च को बारिश का असर पूरे बिहार में फैलने की संभावना है. उत्तर बिहार के सीतामढ़ी, शिवहर, मधुबनी, सुपौल, अररिया, किशनगंज, पूर्णिया, कटिहार, मधेपुरा और सहरसा में बिजली गिरने का खतरा बताया गया है. दरभंगा, समस्तीपुर, बेगूसराय, खगड़िया, लखीसराय, शेखपुरा, नालंदा, नवादा और जहानाबाद में भी मौसम खराब रह सकता है और तेज हवा चल सकती है.बिहार की ताजा खबरों के लिए क्लिक करें सतर्क रहने की सलाह

## मामूली 'झूले' के लिए चलीं लाठियां और पत्थर, महिलाओं-बच्चों समेत कई लहूलुहान



**पटना (एजेंसी)** बिहार के मुजफ्फरपुर में रविवार शाम एक छोटा सा विवाद अचानक हिंसक झड़प में बदल गया. झूले को लेकर शुरू हुई कहासुनी इतनी बढ़ गई कि दो गुट आमने-सामने आ गए और लाठी-डंडों के साथ जमकर पथराव हुआ. इस घटना में महिलाओं और बच्चों समेत कई लोग घायल हो गए, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई. बिहार के मुजफ्फरपुर में रविवार की शाम कुछ ऐसा ही खौफनाक मंजर देखने को मिला. वर्चस्व की जंग और झूले के विवाद ने देखते ही देखते हिंसक रूप ले लिया, जहां 50 से ज्यादा लोग लाठी-डंडों और पत्थरों के साथ एक-दूसरे की जान लेने पर उतारू हो गए. सीसीटीवी में कैद हुई इस वारदात ने पूरे शहर को दहला दिया है. झूले से शुरू हुई बात और सड़कों पर बरसने लगे पत्थर मुजफ्फरपुर के नगर थाना क्षेत्र स्थित चतुर्भुज स्थान और पुरानी गुदरी इलाके में रविवार की शाम खुशियों के बजाय चीख-पुकार में बदल गई. हाफिज चौक पर लगे एक झूले को लेकर शुरू हुआ मामूली विवाद दो गुटों के बीच वर्चस्व की लड़ाई बन गया. स्थानीय लोगों के अनुसार, मैंगो और लक्की नाम के दो युवकों के बीच पहले से ही तनातनी चल रही थी, लेकिन रविवार को यह गुस्सा फूट पड़ा. देखते ही देखते दोनों पक्षों के समर्थक लाठी-डंडे लेकर आमने-सामने आ गए. शुक्ला रोड की तरफ से आए दर्जनों नकाबपोश युवकों ने ईंट-पत्थरों से हमला बोल दिया, जिससे पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई और लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे. सीसीटीवी में कैद खौफनाक मंजर इस हिंसक झड़प की सबसे दुखद बात यह रही कि हमलावरों ने घर के बाहर मौजूद महिलाओं और मासूम बच्चों तक को नहीं बख्शा. पत्थरबाजी और लाठीचार्ज में कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिन्हें आनन-फानन में स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है.
पूरी वारदात इलाके में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है, जिसमें साफ देखा जा सकता है कि कैसे उपद्रवी सरेआम कानून की धज्जियां उड़ा रहे हैं. पुलिस अब इन फुटेज के आधार पर उन चेहरों की पहचान कर रही है जिन्होंने शांतिपूर्ण माहौल को दंगों जैसी स्थिति में धकेल दिया.
मुख्य आरोपी गिरफ्तार घटना की सूचना मिलते ही नगर थाना प्रभारी अनुज कुमार के नेतृत्व में भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा और स्थिति को नियंत्रित किया. पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी मयूर, मैंगो और लक्की को हिरासत में ले लिया है. तनाव को देखते हुए संवेदनशील इलाकों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है और पुलिस ने शांति बनाए रखने के लिए फ्लैग मार्च भी निकाला है

## ट्रेन के तत्काल टिकट के लिए आ गया नया रूल, धांधली पर ऐसे लगाया ब्रेक



**पटना (एजेंसी)** ट्रेन के लिए तत्काल टिकट में हो रही धांधली पर ब्रेक लगाया गया. 'क्यू-मित्र' से रेलवे के यात्रियों को काफी राहत मिली. पिछले लगभग 13 दिनों से इस नए सिस्टम का इस्तेमाल सफलतापूर्वक किया जा रहा है. साथ ही यात्रियों की तरफ से पॉजिटिव रिस्पॉन्स भी मिल रहा है.क्ल्ल्ल्लि फ्रं६८२ः ट्रेन के इंस्टेंट टिकट सिस्टम से जुड़ी लंबे समय से चली आ रही शिकायतों, लंबी लाइनें, अव्यवस्था और धोखाधड़ी से होने वाली परेशानी का समाधान निकाल लिया गया है. सोनपुर डिवीजन की ओर से तत्काल टिकट के लिए ह्यक्यू-मित्रह्ण की शुरूआत की गई है. इससे टिकट प्रक्रिया पारदर्शी, निष्पक्ष और तनावमुक्त हो गई है. कैसे काम करता है क्यू-मित्र? रेलवे अधिकारियों के अनुसार, क्यू-मित्र पूरी तरह से मशीन बेस्ड और ऑटोमेटिक प्रणाली है. इसमें यात्री आधार-आधारित सत्यापन और चेहरे की पहचान का उपयोग कर-के सेल्फ-सर्विस कियोस्क के माध्यम से टोकन प्राप्त करते हैं. टोकन पर यात्री की फोटो, सीरियल नंबर और समय डिस्प्ले होता है, जबकि लाइन की स्थिति डिजिटल डिस्प्ले पर दिखाई देती है. क्यू-मित्र से हो रहा ये फायदा यह सिस्टम हर एक आधार कार्ड को हर दिन एक टोकन तक सीमित करती है, जिससे दलाली और धोखाधड़ी वाली बुकिंग पर अंकुश लगता है. इस सिस्टम के लागू होने के बाद से स्टेशनों पर भीड़भाड़, धक्का-मुक्की और विवादों में काफी कमी आई है. एक और खास बात यह भी है कि इस पूरी प्रक्रिया में कर्मचारियों की भूमिका बेहद लिमिटेड कर दी गई है, जिससे किसी भी प्रकार की अनियमितता या गड़बड़ी की संभावना लगभग खत्म हो जाती है. क्या कहना है यात्रियों और रेलवे का? नए सिस्टम को लेकर यात्रियों का कहना है कि अब उन्हें बिना किसी सिफारिश या परेशानी के निष्पक्ष रूप से इंस्टेंट टिकट मिल रहे हैं. रेलवे का कहना है कि क्यू-मित्र सिस्टम पिछले 13 दिनों से सफलतापूर्वक चल रही है और यात्रियों से इसे लेकर बेहद पॉजिटिव प्रतिक्रिया मिली है. सोनपुर डिवीजन ने इसे डिजिटल इंडिया और स्मार्ट रेलवे की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है

## बिहार में जमीन सर्वे पर लगा ब्रेक, 4.6 करोड़ आवेदन अभी भी पेंडिंग

**पटना (एजेंसी)** बिहार सरकार की सबसे महत्वाकांक्षी 'जमीन सर्वे और डिजिटलाइजेशन' योजना अब खुद संकट में घिर गई है. 4.6 करोड़ से अधिक आवेदनों का अंबार और अधिकारियों की भारी कमी ने सरकार के दावों की हवा निकाल दी है. बिहार में जमीन रिकॉर्ड को डिजिटल और पारदर्शी बनाने की महत्वाकांक्षी योजना अब सवालों के घेरे में है. तय समयसीमा नजदीक है, लेकिन जमीनी हकीकत इससे काफी पीछे दिखाई दे रही है. राज्यभर में सर्वे, म्यूटेशन और रिकॉर्ड अपडेट की प्रक्रिया धीमी पड़ गई है, जिससे आम लोगों की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है. 4.6 करोड़ आवेदन लंबित बिहार में जमीन विवादों को खत्म करने और रिकॉर्ड को पारदर्शी बनाने के लिए शुरू किया गया भूमि सर्वे अब खुद विवादों और देरी के भंवर में है. सरकारी आंकड़ों के अनुसार, राज्यभर में म्यूटेशन, सुधार और रिकॉर्ड अपडेट से जुड़े 4.6 करोड़ से अधिक आवेदन धूल फांक रहे हैं. आलम यह है कि हर गुजरते दिन के साथ नए आवेदनों की संख्या तो बढ़ रही है, लेकिन निपटारे की रफ्तार कछुआ चाल से भी धीमी है. अंचल कार्यालयों (CO ड्डा) में म्यूटेशन के लिए चक्कर काट रहे आम लोगों का सब्र अब जवाब देने लगा है. भ्रष्टाचार और लेटलतीफी के बीच यह योजना अपने लक्ष्य से कोसों दूर नजर आ रही है. अधिकारियों की कमी बनी बड़ी वजह इस धीमी रफ्तार के पीछे की सबसे बड़ी वजह राजस्व कर्मियों और अंचल अधिकारियों (CO) की भारी कमी है. उपलब्ध अधिकारियों पर पहले से ही काम का भारी दबाव है, ऊपर से सरकार ने भूमि सर्वे के साथ ह्यमहादलित विकास मिशनह्ण और ह्यभू-अभियानह्ण जैसी अन्य योजनाओं की जिम्मेदारी भी उन्हीं के कंधों पर डाल दी है. कई जिलों में अधिकारी या तो अवकाश पर हैं या अन्य प्रशासनिक कार्यों में व्यस्त हैं, जिससे फाइलें महीनों तक एक ही टेबल पर रुकी रहती हैं. सरकार ने बिना पर्याप्त मैनपावर और संसाधनों के इतनी बड़ी योजना की डेडलाइन तय कर दी, जो अब एक ह्यसिस्टम फेलियरह्ण की ओर बढ़ रही है. गांवों में बढ़ रही परेशानी, विवाद का खतरा इस प्रशासनिक सुस्ती का सबसे खौफनाक असर बिहार के गांवों में देखने को मिल रहा है. समय पर जमीन के कागजात और डिजिटल रिकॉर्ड न मिलने के कारण किसानों को बैंक लोन लेने और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. रिकॉर्ड अपडेट न होने से ग्रामीण इलाकों में जमीन से जुड़े आपसी विवाद और हिंसक झड़पें बढ़ गई हैं.. योजना की शुरूआत तो बड़े लक्ष्य के साथ हुई, लेकिन संसाधनों की कमी ने इसे कमजोर कर दिया. अगर जल्द सुधार नहीं किया गया, तो यह महत्वाकांक्षी योजना तय समय पर पूरी नहीं हो पाएगी और सरकार के लिए यह बड़ा झटका साबित हो सकता है.

## पवन सिंह की बढ़ी मुश्किलें, स्टेज पर एक्ट्रेस को छूना पड़ा भारी, महिला आयोग ने थमाया नोटिस

**पटना (एजेंसी)** भोजपुरी इंडस्ट्री के ह्यपावर स्टारह्ण पवन सिंह एक नए विवाद में घिरते नजर आ रहे हैं. एक वायरल वीडियो के बाद हरियाणवी एक्ट्रेस अंजलि राघव की शिकायत पर मामला महिला आयोग तक पहुंच गया है. आयोग ने नोटिस जारी कर 2 अप्रैल को फरीदाबाद में पेश होने का निर्देश दिया है. भोजपुरी इंडस्ट्री के चर्चित स्टार पवन सिंह एक वायरल वीडियो के बाद नए विवाद में घिर गए हैं. हरियाणवी एक्ट्रेस अंजलि राघव की शिकायत पर मामला अब महिला आयोग तक पहुंच गया है, जिसने उन्हें नोटिस जारी कर पेश होने का निर्देश दिया है. इस घटनाक्रम ने न सिर्फ सोशल मीडिया पर बहस छेड़ दी है, बल्कि उनकी छवि पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं. क्या है पूरा विवाद? भोजपुरी सिनेमा के दिग्गज गायक और अभिनेता पवन सिंह अक्सर अपने गानों और विवादों को लेकर चर्चा में रहते हैं, लेकिन इस बार मामला काफी गंभीर नजर आ रहा है. करीब चार महीने पहले उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में एक भव्य स्टेज शो का आयोजन हुआ था, जहां पवन सिंह और मशहूर हरियाणवी मॉडल अंजलि राघव एक साथ परफॉर्म कर रहे थे. इसी शो का एक वीडियो सोशल मीडिया पर आग की तरह फैल गया है, जिसमें पवन सिंह द्वारा अंजलि राघव को असहज तरीके से छूने का आरोप लगा है. अंजलि ने अब इस मामले को लेकर हरियाणा महिला आयोग का दरवाजा खटखटाया है, जिसके बाद आयोग ने कड़ा रुख अपनाते हुए पवन सिंह को 2 अप्रैल को फरीदाबाद कार्यालय में तलब किया है. आपत्तिजनक प्रोपेगेंडा का आरोप अंजलि राघव ने अपनी शिकायत में कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं. एक्ट्रेस का आरोप है कि कार्यक्रम के दौरान उनकी सहमति के बिना वीडियो बनाया गया और बाद में उसे गलत तरीके से वायरल कर दिया गया, जिससे उन्हें भारी मानसिक तनाव और सामाजिक अपमान झेलना पड़ा. हरियाणा महिला आयोग की चेयरपर्सन रेनू भाटिया के अनुसार, अंजलि ने शिकायत में कहा है कि उनकी कमर पर हाथ रखा गया था. हालांकि, शुरूआती तौर पर एक्ट्रेस को लगा था कि शायद उनके कपड़ों पर लगा कोई ह्यप्राइस टैगह्ण हटाया जा रहा है, लेकिन बाद में जब वीडियो वायरल हुआ और उनके खिलाफ आपत्तिजनक प्रोपेगेंडा चलाया गया, तो उन्होंने कानूनी रास्ता चुनने का फैसला किया. 2 अप्रैल का दिन होगा अहम सोशल मीडिया पर इस वीडियो के वायरल होने के बाद से ही पवन सिंह को लगातार ट्रोलिंग का सामना करना पड़ रहा है. जहां पवन सिंह के प्रशंसक इसे महज एक गलतफहमी बता रहे हैं,
वहीं दूसरी ओर अंजलि राघव के समर्थक इसे महिला गरिमा के खिलाफ मान रहे हैं. अब 2 अप्रैल की सुनवाई हैं, जहां महिला आयोग दोनों पक्षों को आमने-सामने बैठाकर पूछताछ करेगा. यदि पवन सिंह अपनी सफाई में आयोग को संतुष्ट नहीं कर पाते हैं, तो उनकी छवि और करियर पर इसका गहरा असर पड़ सकता है. भोजपुरी और हरियाणवी इंडस्ट्री के बीच छिड़ी यह वैचारिक जंग एक बड़े कानूनी विवाद का रूप ले चुकी है.








# समर वेडिंग के लिए परफेक्ट हैं फ्लोरल लहंगे

गर्मी का मौसम शुरु हो गया है। इस मौसम में अगर आपको किसी शादी में जाना हो तो सबसे पहले मन में यही ख्याल आता है कि इतनी गर्मी में डीप कलर के हेवी लहंगे या साड़ियां पहनी कैसे जाएगी। तो आपकी इस समस्या का हल है फ्लोरल लहंगे। लाइट और ब्राइट कलर्स के फ्लोरल लहंगे समर वेडिंग के लिए परफेक्ट चॉइस है।

### ट्रेडिशनल अवतार

लाइट पिंक कलर की चिकनकारी वर्क वाली स्कर्ट के साथ पतले स्ट्रैप वाली ब्लाउज और फ्लोरल दुपट्टा...यह लुक इस लुक को अपनी किसी दोस्त या रिश्तेदार के शादी में ट्राई कर सकती हैं।

लॉन्ग फ्लोरल लहंगे के लुक वाली स्कर्ट संग मैचिंग केप डिजाइन वाली क्रॉप टॉप और खुले बाल में बेहद खूबसूरत लगेंगी। ब्राइडस्मेड के तौर पर भी आप इस लुक को गर्मी के मौसम की शादियों में ट्राई कर सकती हैं।

ऑफ वाइट कलर का फ्लोरल लहंगा स्कर्ट, मैचिंग दुपट्टा और डीप ग्रीन कलर की ब्लाउज। गर्मियों में जब लाइट और ब्राइट कलर्स का ट्रेंड रहता है, ऐसे में यह लहंगा परफेक्ट चॉइस है।

### सिंपल लुक

अगर आपको भी लाइट कलर्स पसंद हैं तो किसी दोस्त या रिश्तेदार की समर वेडिंग में इस लुक को ट्राई कर सकती हैं। पाउडर ब्लू कलर और पिंक कलर का यह लहंगा देखने में भले ही बेहद सिंपल हो लेकिन यह आपको अलग और डिफरेंट लुक देगा।



# ब्राइडल लुक को और खास बना देंगे नथ के ये डिजाइन

भारतीय दुल्हन के श्रृंगार में चार चांद लगाने का काम करती है नथ जो चेहरे की खूबसूरती को और भी बढ़ा देती है। अगर आप भी जल्द ही शादी के बंधन में बंधने वाली हैं तो नथ लेते समय इसके नए डिजाइंस के बारे में एक बार जरूर जान लें।

दुल्हन बनने की तैयारी कर रहीं हैं और कपड़ों के साथ ही सही ज्वैलरी डिजाइंस को चुनना जरुरी है। ज्वैलरी का सबसे खास हिस्सा होता है नाक की नथ और इसके कई सारे डिजाइन आपको बाजार में मिल जाएंगे।

रिंग वाली नथ- अगर आप बहुत सिम्पल सी नथ पहनना चाहती हैं तो रिंग वाली नथ ट्राई कर सकती हैं।

जड़ाऊ नथ- जड़ी हुई नथ शादी के दिन बेहद खास लुक देती है। आप इसे जड़ाऊ लंहगे के साथ पहन सकती है।

मल्टीपल चेन वाली नथ- अगर आप ज्वैलरी डिजाइन के साथ प्रयोग करना चाहती हैं तो तीन चैन वाली नथ को पहनकर देखिए यह आपके चेहरे का लुक ही बदल देगी। इसके साथ हैवी मांगटीका भी बहुत अच्छा लगता है।

ब्रांज नथ- इसे प्योर गोल्ड से बनाया जाता है जो हल्का सा डल लुक देता है।

हूप नथ- बड़ी सी नथ पहनने से अच्छा है कि आप छोटी सी ही नोज रिंग पहनें। यह पहनने और कैरी करने में आसान रहती है।



# त्वचा की हर समस्या का समाधान रखता है शहद, जानिए इसके फायदे

जब भी स्किन केयर की बात होती है तो हम नेचुरल आइटम्स पर अधिक फोकस करना पसंद करते हैं। इससे स्किन को किसी भी तरह के नुकसान होने की संभावना काफी हद तक कम हो जाती है। वहीं, दूसरी ओर यह नेचुरल इंग्रीडिएंट्स हर तरह की स्किन के लिए अच्छे माने जाते हैं। इन्हीं स्किन केयर इंग्रीडिएंट्स में से एक है शहद। शहद को लंबे समय से कभी स्किन केयर पैक तो कभी यूं ही इस्तेमाल किया जाता रहा है। इसमें गजब के मॉइश्चराइजिंग गुण होते हैं, जो आपकी स्किन को अधिक स्वस्थ और बेहतर बनाते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको शहद से स्किन को मिलने वाले कुछ गजब के फायदों पर चर्चा कर रहे हैं-

### मिलती है ग्लोइंग स्किन

अगर आप अपनी स्किन को नेचुरली हेल्दी व ग्लोइंग बनाना चाहती हैं तो इसके लिए शहद से अधिक बेहतर उपाय और कोई नहीं है। शहद में त्वचा को चमकदार बनाने के गुण होते हैं और यह उपयोग के बाद यह आपके फेस पर चमक के साथ-साथ नमी भी बनाए रखता है। रूखी स्किन की महिलाएं तो इसे इस्तेमाल करती हैं ही, साथ ही साथ यह ऑयली, एक्ने और अन्य स्किन के लिए भी उतनी ही फायदेमंद है।

### निशानों को करे हल्का

शहद में प्राकृतिक एंटीसेप्टिक गुण होते हैं जो घाव भरने और निशानों को मिटाने में मदद करते हैं। ऐसे में अगर आप अपनी स्किन पर किसी तरह के निशान को हल्का करना चाहते हैं तो ऐसे में शहद के इस्तेमाल से वह धीरे-धीरे मिटने लगते हैं। आप एक्ने के दाग-धब्बों को मिटाने के लिए शहद का इस्तेमाल स्पॉट ट्रीटमेंट के रूप में कर सकते हैं।

### एजिंग के साइन्स को करे रिवर्स

अगर आप अपनी स्किन को अधिक लंबे समय तक जवां-जवां बनाए रखना चाहती हैं तो ऐसे में शहद का इस्तेमाल करना एक अच्छा विचार हो सकता है। शहद में मौजूद प्राकृतिक एंटीऑक्सीडेंट होते हैं, जो उम्र बढ़ने के संकेतों को कम करने में मदद करते हैं। शहद चेहरे पर झुर्रियों और महीन रेखाओं की उपस्थिति को नियंत्रित करने में मदद कर सकता है। इतना ही नहीं, शहद को चेहरे पर लगाने से स्किन की इलास्टिसिटी बेहतर होती है, जिससे वह जवां और चमकदार दिखती है। आप हर सप्ताह शहद का मास्क लगा सकती हैं और अपनी स्किन को अधिक यंगर बना सकती हैं।

### सनबर्न से राहत

अगर आपकी स्किन पूरे दिन धूप में रहने के कारण डैमेज हो रही है तो ऐसे में शहद आपकी मदद कर सकता है। धूप से झुलसी त्वचा के कारण स्किन में रेडनेस, सूखापन और जलन महसूस होती है। ऐसे में अपनी स्किन को ठंडक प्रदान करने के लिए आप एक भाग कच्चे शहद को दो भाग एलोवेरा जेल के साथ मिक्स करें और सीधे प्रभावित जगह पर लगाएं। याद रखें कि आप मिश्रण को रगड़ें नहीं, बल्कि इसकी लेयर लगाकर ऐसे ही छोड़ दें। यह उपाय ना केवल सनबर्न से राहत दिलाएगा, बल्कि आपकी स्किन के रंग-रूप में भी सुधार करने में मदद करेगा।

# खूबसूरत बाल के लिए अपनायें ये उपाय

आजकल प्रदूषण और सही डाइट ना लेने के कारण कम उम्र में ही बाल सफेद होने लगते हैं। ऐसे में आयुर्वेदिक नुस्खों को अपनाकर आप बालों की समस्याओं से राहत पा सकती हैं। कई बार ध्यान न देने की वजह से लोगों के बाल रूखे-सूखे और बेजान होने के साथ कम उम्र में ही झड़ने लगते हैं। ऐसे में अपने बालों को फिर से लंबे और खूबसूरत बनाने के लिए आयुर्वेद नुस्खे अपना सकती हैं।

मेथी दाना- मेथी दाने में भरपूर मात्रा में फोलिक एसिड, विटामिन ए, विटामिन के और विटामिन सी पाया जाता है। इसमें प्रोटीनऔर निकोटीन एसिड भी पाया जाता है, जिससे झड़ते बालों की समस्या दूर हो जाती है। स्कैल्प हेल्दी रहती है और बाल डैमेज नहीं होते हैं। इसके लिए आप अपनी डाइट में भी मेथी दाना शामिल कर सकते हैं। रात में 2 चम्मच मेथी दाने को पानी में भिगो दें। अगली सुबह वो पानी पी लें। बचे हुए मेथी दाने को पीसकर पेस्ट बना लें। इस पेस्ट को जड़ों में लगाकर 20 मिनट बाद बाल धोलें। बाल जल्दी घने, लंबे और मजबूत बनेंगे।

आंवला- डाइट में विटामिन सी की कमी के कारण भी बाल झड़ने लगते हैं और बालों में डैंड्रफ की समस्या होने लगती है। लेकिन आंवले के सेवन और बालों में आंवले के तेल से मालिश करने से बालों की सभी समस्याएं दूर हो जाती हैं। साथ ही बाल लंबे समय तक काले रहते हैं।

दही- दही में कूलिंग प्रॉपर्टीज होने के साथ प्रोटीन भी पाया जाता है। प्रोटीन स्कैल्प की हेल्थ और नए फोलिसल्स की ग्रोथ के लिए बहुत महत्वपूर्ण होता है। अपने बालों पर दही से मसाज करें और 15 मिनट तक ऐसे ही छोड़ दें। इसके बाद शैंपू से सिर धो लें। बालों पर दही लगाने से बाल मजबूत होने के साथ कोमल और मुलायम भी बनते हैं। बालों के झड़ते बालों की समस्या को दूर करने के लिए छाछ, दालचीनी, तरबूज, अंगूर आदि चीजों का सेवन करना चाहिए। इनके सेवन शरीर को जरूरी पोषक मिलते हैं, जो बालों को सेहतमंद बनाने के लिए जरूरी होते हैं।





# इस प्रकार सुंदर और लंबे होंगे नाखून

लड़कियों को लंबे-लंबे नाखून रखना पसंद होता है, लेकिन इन्हें लंबा करना कोई आसान काम नहीं होता। अगर आसान होता तो हर किसी के हाथ में लंबे नाखून देखने को मिलते। कई लड़कियों के नाखून लंबे होते है तो सुंदर नहीं होते। नाखूनों को सुंदर और लंबा इस प्रकार बनायें।

बहुत सारी महिलाओं के नाखून बढ़ते तो हैं लेकिन कमजोर होने के चलते जल्दी टूट जाते हैं। ऐसा हमारे शरीर में पोषक तत्वों की कमी के कारण होता है, इसलिए सबसे पहले आपको अपनी डाइट में बदलाव करना होगा। आपको कुछ ऐसी चीजों को अपनी डाइट में शामिल करना होगा जिनसे आपको पोषक तत्व मिलें।

### संतरे का रस

संतरे के रस को दस मिनट तक अपने नाखूनों पर लगाएं। इसके बाद अपने हाथों को गुनगुने पानी से धो लें। कुछ दिन तक ऐसा करने से आपके नाखून कुछ दिनों में बढ़ने लगेंगे।

### ऑलिव ऑयल

नाखून लंबे करने के लिए रोजाना ऑलिव ऑयल से नाखूनों की मालिश करें। विटामिन ई से भरपूर ऑलिव ऑयल नाखूनों को पोषण प्रदान करता है और खून का फ्लो नाखूनों तक बढ़ाता है जिससे नाखून तेजी से बढ़ना शुरु हो जाते हैं।

### लहसुन

नाखूनों को बढ़ाने के लिए लहसुन एक बेहतरीन उपाय माना जाता है। लहसुन को दो टुकड़ों में काट कर उसे 10 मिनट तक अपने नाखूनों पर रगड़ें। ऐसा करने से आपके नाखून कुछ ही दिनों में अच्छे खासे बढ़ जाएंगे।



# गर्मी में डेनिम वियर से मिलेगी राहत

गर्मी के मौसम में खानपान के साथ ही पहनावे का भी भी विशेष ध्यान रखना पड़ता है। इस मौसम में गरमी से राहत पाने के साथ ही स्टाइलिस दिखने के लिए आप डेनिम कपड़ों का इस्तेमाल कर सकती हैं। यह कपड़े घर बाहर और ऑफिस सब जगह पहने जा सकते हैं।

डेनिम पैंट- डेनिम पैंट का हर समय चलन रहता है पर गरमी के मौसम में डेनिम पैंट आपके लिए काफी आरामदायक रहती है।

डेनिम शर्ट और कुर्ती - गर्मी में आप डेनिम की शर्ट और कुर्ती पहन सकती हैं। ये परिधान इस मौसम में आरामदायक होने के के साथ देखने में अच्छे भी लगते हैं।

डेनिम मिडी स्कर्ट- इस गर्मी के मौसम में आप डेनिम का मिडी स्कर्ट ट्राई कर सकती हैं। यह मिडी स्कर्ट आपको गर्मी से राहत दिलाएगी और काफी हद तक स्टाइलिस भी है।

डेनिम जैकेट- धूप से बचने के लिए आप डेनिम जैकेट को पहन सकती हैं। यह आपको स्टाइलिस लुक देने के साथ ही गरमी की तपिश से बचाएगा।

# धोनी ने चेपॉक के मैदान पर वर्ल्ड चैंपियंस को किया सम्मानित, सोशल मीडिया पर छाया ये लम्हा

**चेन्नई (एजेंसी)।** आईपीएल 2026 से पहले चेपॉक स्टेडियम में हुए खास इवेंट में एमएस धोनी ने कुछ खिलाड़ियों को सम्मानित किया, जहां फैंस को शानदार माहौल और यादगार पल देखने को मिले।

28 मार्च से शुरू होने वाले आईपीएल 2026 से ठीक पहले चेन्नई सुपर किंग्स ने अपने फैंस के लिए एक खास कार्यक्रम आयोजित किया। 22 मार्च को चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में टीम ने मीट एंड ग्रीट इवेंट रखा, जहां मौजूदा खिलाड़ियों के साथ-साथ कई पूर्व दिग्गज भी मौजूद रहे।

**धोनी ने खिलाड़ियों को किया सम्मानित**

इस कार्यक्रम के दौरान पूर्व कप्तान एमएस धोनी ने कुछ खिलाड़ियों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया। खास तौर पर उन खिलाड़ियों को सम्मान मिला जिन्होंने हाल ही में भारत को विश्व विजेता बनाने में अहम भूमिका निभाई थी। यह पल फैंस के लिए बेहद खास और यादगार रहा।

**सैमसन, दुबे और म्हात्रे का सम्मान**

सीएसके के तीन खिलाड़ियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। संजू सैमसन और शिवम दुबे ने टी20 वर्ल्ड कप में भारत की जीत में महत्वपूर्ण योगदान दिया। वहीं युवा खिलाड़ी आयुष म्हात्रे ने अंडर-19 वर्ल्ड कप में टीम इंडिया को चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाई। धोनी ने चेपॉक के मैदान पर इन तीनों को सम्मानित किया, जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो गईं।

**'रोर 2026' में दिखा दिग्गजों का जमावड़ा**

सीएसके ने इस मौके पर 'रोर 2026' नाम से एक भव्य इवेंट भी आयोजित किया। इसमें टीम के कई पूर्व खिलाड़ी शामिल हुए, जिनमें अंबाती रायडू, मैथ्यू हेडन, माइकल हसी, हरभजन सिंह, सुरेश रैना, लक्ष्मीपति बालाजी और मुथैया मुरलीधरन शामिल रहे। सभी खिलाड़ियों ने मिलकर पुराने यादगार पलों को ताजा किया और हल्के-फुल्के अंदाज में एक-दूसरे के साथ समय बिताया। इस इवेंट के वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं।

**आईपीएल 2025 का खराब प्रदर्शन**

चेन्नई सुपर किंग्स के लिए आईपीएल 2025 का सीजन बेहद निराशाजनक रहा था। टीम ने 14 मैचों में केवल 4 जीत दर्ज की और पॉइंट्स टेबल में आखिरी स्थान पर रही। यह प्रदर्शन टीम और फैंस दोनों के लिए निराशाजनक रहा।

आईपीएल 2026 में चेन्नई सुपर किंग्स अपने अभियान की शुरुआत 30 मार्च को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ करेगी। टीम इस बार बेहतर प्रदर्शन कर वापसी करने की कोशिश करेगी। अब सभी की नजर इस बात पर है कि सीएसके इस सीजन में कैसा प्रदर्शन करती है और क्या वह अपनी पुरानी लय में लौट पाती है।



# सीएसके ने रैना और हेडन को हॉल ऑफ फेम अवार्ड से सम्मानित किया



**चेन्नई (एजेंसी)।** पांच बार कि आईपीएल खिताब विजेता चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) ने आईपीएल के 19 वें सत्र की शुरुआत से पहले प्रतिष्ठित हॉल ऑफ फेम पुरस्कार दिये। चेपॉक स्टेडियम में आयोजित 'रोर 26' नाम के एक कार्यक्रम में ये पुरस्कार टीम के पूर्व दिग्गज क्रिकेटर सुरेश रैना और मैथ्यू हेडन दो दिया गया। रैना, सीएसके में ÷चिन्ना थाला÷ के नाम से भी लोकप्रिय रहे हैं। वह सीएसके की ओर से सबसे बड़े मैच विजेता माने जाते हैं। उन्होंने साल 2008 से 2021 तक टीम की ओर से 2010, 2011, 2018 और 2021 में जीत हासिल की है। रैना अभी भी सीएसके के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं। उन्होंने 5,529 रन बनाए, जिसमें 2 शतक और 38 अर्धशतक शामिल हैं। इसके अलावा उन्होंने 2014 चैंपियंस लीग टी20 में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का अवॉर्ड भी जीता था।

वहीं ऑस्ट्रेलिया के पूर्व सलामी बल्लेबा हेडन ने साल 2008 से 2010 तक सीएसके की ओर से खेलते हुए काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। हेडन साल 2009 में सीएसक की ओर से औरेंज कैप जीतने वाले पहले खिलाड़ी बने थे। तब उन्होंने 572 रन बनाए थे। उन्होंने सीएसके की ओर से कुल 1,117 रन बनाए और 8 अर्धशतक लगाए। वह 2010 में आईपीएल जीतने वाली टीम में भी शामिल थे। 'रोर 26' इवेंट इस समारोह में मुथेया मुरलीधरन , अंबाति रायडू सहित पूर्व दिग्गज खिलाड़ी शामिल हुए।

# मुझे 'इम्पैक्ट प्लेयर' नियम पसंद नहीं है, आईपील2026 से पहले अक्षर पटेल ने बताई वजह

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली कैपिटल्स (DC) के कप्तान अक्षर पटेल ने कहा कि वह व्यक्तिगत तौर पर इंडियन प्रीमियर लीग (IPL) में 'इम्पैक्ट प्लेयर' नियम के पक्ष में नहीं हैं। उन्होंने कहा कि यह नियम 10 टीमों वाले इस टूर्नामेंट में ऑलराउंडरों की भूमिका को कम कर देता है, जिसका 19वां सीजन 28 मार्च से शुरू हो रहा है।



'इम्पैक्ट प्लेयर' नियम को 2023 में लागू किया गया था जो सभी 10 IPL टीमों को मैच की किसी भी पारी में एक बल्लेबाज या गेंदबाज को बदलने की अनुमति देता है। अक्षर ने कहा, 'सच कहूं तो, मुझे यह नियम पसंद नहीं है, क्योंकि मैं एक ऑलराउंडर हूं। पहले, आप बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों के लिए एक ऑलराउंडर को चुनते थे। लेकिन इस नियम की वजह से, टीम मैनेजमेंट किसी खास बल्लेबाज या गेंदबाज को चुनता है, यह सोचकर कि 'हमें ऑलराउंडर की क्या ज़रूरत है?' क्योंकि मैं एक ऑलराउंडर हूं, इसलिए मुझे यह नियम पसंद नहीं है। साथ ही, नियम तो नियम होते हैं और हमें उनका पालन करना होता है। हालांकि, व्यक्तिगत दृष्टिकोण से मुझे यह नियम पसंद नहीं है।' DC अपना IPL 2026 अभियान एक अप्रैल को एकाना क्रिकेट स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ शुरू करेगा। यह पहली बार नहीं है जब अक्षर ने इस नियम के बारे में अपनी नाराजगी जाहिर की है। 2024 में छ्ष्ट के उप-कप्तान के तौर पर अक्षर ने कहा था कि 'इम्पैक्ट प्लेयर' नियम की वजह से उनकी बल्लेबाजी की पोजिशन प्रभावित हुई थी। IPL करियर में 7.3 की इकॉनमी रेट होने के बावजूद अक्षर का पिछला साल गेंदबाज़ी के लिहाज़ से सबसे कमज़ोर रहा - 2019 में DC में शामिल होने के बाद से यह उनका सबसे खराब सीजन था। उन्होंने 11 पारियों में 8.5 रन प्रति ओवर की दर से रन दिए और सिर्फ 5 विकेट लिए। उन्होंने साफ किया कि पिछले साल गेंदबाजी में उनका खराब प्रदर्शन 'इम्पैक्ट प्लेयर' नियम की वजह से नहीं, बल्कि 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के सफल अभियान के दौरान लगी उंगली की चोट की वजह से था।

# भारत की स्टार क्रिकेटर को मिला फरवरी महीने की 'प्लेयर ऑफ द मंथ' का पुरस्कार

**दुबई (एजेंसी)।** भारत की स्टार क्रिकेटर अरुंधति रेड्डी को फरवरी महीने के आईसीसी महिला 'प्लेयर ऑफ द मंथ' के पुरस्कार से नवाजा गया है। अरुंधति को यह पुरस्कार ऑस्ट्रेलिया में भारत की यादगार जीत में अहम भूमिका निभाने वाले शानदार प्रदर्शन के लिए दिया गया है। यह मासिक पुरस्कार रेड्डी के अंतरराष्ट्रीय करियर का पहला पुरस्कार है।



तेज गेंदबाज अरुंधति ने इस सम्मान पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा, 'आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ चुना जाना मेरे लिए सचमुच एक बहुत बड़ा सम्मान है और यह और भी खास इसलिए है क्योंकि मुझे ऑस्ट्रेलिया में टी-20 सीरीज जीतने में योगदान देने का मौका मिला। ऑस्ट्रेलिया को उसके अपने घर में हराना कभी आसान नहीं होता और इसी वजह से यह पुरस्कार मेरे लिए और भी ज्यादा मायने रखता है। अइस सीरीज जीत से हमारी टीम का आत्मविश्वास बहुत बढ़ा है, क्योंकि हम इस गर्मी में इंग्लैंड और वेल्स में होने वाले आईसीसी महिला टी-20 विश्व कप की तैयारी कर रहे हैं। हमारी टीम काफी संतुलित है। और मुझे पूरा यकीन है कि हम इस टूर्नामेंट में एक ऐसी टीम साबित होंगे जिस पर सबकी नजरें टिकी होंगी।'

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन मैचों की टी-20 सीरीज में रेड्डी सबसे अधिक विकेट लेने वाली गेंदबाज रहीं। उन्होंने 10.87 की औसत से कुल आठ विकेट लिए और 7.25 की इकॉनमी रेट बनाए रखी। इस दाएं हाथ की तेज गेंदबाज ने सिडनी में खेले गए पहले ही मैच से अपना जलवा दिखाना शुरू कर दिया था। उस मैच में उन्होंने अपने करियर का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 22 रन देकर 4 विकेट लिए थे, जिसके लिए उन्हें'प्लेयर ऑफ द मैच'का पुरस्कार भी मिला था।

28 साल की इस गेंदबाज ने अगले दो मैचों में भी शानदार प्रदर्शन जारी रखा। उन्होंने कैनबरा में 30 रन देकर 2 विकेट और एडिलेड में खेले गए सीरीज के निर्णायक मैच में 35 रन देकर दो विकेट लिए। भारत की इस ऐतिहासिक जीत में रेड्डी के योगदान की भूमिका निर्णायक रही। भारत ने यह सीरीज 2-1 से अपने नाम की। जो 2016 के बाद ऑस्ट्रेलिया में भारत की पहली टी-20 सीरीज जीत थी।

# एलएसजी खिलाड़ियों ने अयोध्या में रामलला के दर्शन किए



लखनऊ। लखनऊ सुपर जांयट्स (एलएसजी) के खिलाड़ियों और टीम प्रबंधन ने शनिवार सुबह राम मंदिर अयोध्या पहुंच कर रामलला के दर्शन किए और पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान टीम के मालिक संजीव गोयनका के साथ ग्लोबल क्रिकेट डायरेक्टर टॉम मूडी, मुख्य कोच जस्टिन लैंगर, सहायक कोच भारत अरुण और टीम के कप्तान रिषभ पंत समेत कई खिलाड़ियों ने विधिवत पूजा की। टीम के अन्य खिलाड़ियों में मयंक यादव, हिम्मत सिंह, आकाश सिंह, अक्षत रघुवंशी, प्रिंस यादव, अर्शीन कुलकर्णी, नमन तिवारी और मुकुल चौधरी भी मौजूद रहे। सभी ने भगवान श्रीराम के चरणों में नमन कर सकारात्मक ऊर्जा और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का संकल्प लिया। डॉ. गोयनका ने कहा कि भगवान राम का आशीर्वाद मिलने से सभी कार्य सफल होते हैं और सभी ने उनकी शरण में आकर आशीर्वाद प्राप्त किया। मंदिर प्रबंधन की ओर से खिलाड़ियों, कोचिंग स्टाफ और सपोर्ट स्टाफ को प्रसाद तथा रामनामी अंगवस्त्र भेंट किए गए और राम दरबार के दर्शन भी कराए गए। मंदिर परिसर में रिषभ पंत और अन्य खिलाड़ियों को देखकर प्रशंसकों में उत्साह देखने को मिला और लोगों ने उनके साथ सेल्फी ली। इस बीच, टीम प्रबंधन और खिलाड़ियों ने ईद का त्योहार भी आपसी सौहार्द के साथ मनाया। सभी ने एक-दूसरे को गले मिलकर मुबारकबाद दी। इस अवसर पर मोहम्मद शमी,मोहसिन खान,आवेश खान,शाहबाज अहमद और अब्दुल समद सहित अन्य खिलाड़ियों ने भी एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं और विशेष व्यंजनों का आनंद लिया।

# केकेआर ने प्रशंसकों के लिए प्रैक्टिस जर्सी पेश की



कोलकाता। कोलकाता नाइट राइडर्स ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के आगामी सीजन के लिए अपनी प्रैक्टिस जर्सी पेश की है। यह पहली बार है जब फेंचाइजी ने प्रशंसकों के लिए ट्रेनिंग किट पेश की है। यह कदम टीम की ट्रेनिंग जर्सी के शुरुआती अनावरण पर मिली ज़बरदस्त प्रतिक्रिया के बाद उठाया गया है। पहली झलक सामने आने के बाद, हजारों फैंस सोशल मीडिया पर आए, उन्होंने डिजाइन की तारीफ की और फेंचाइजी से इसे खरीदने के लिए उपलब्ध कराने का आग्रह किया। इस बढ़ती मांग को सुनते हुए केकेआर ने अब प्रैक्टिस जर्सी को अपने फैंस के लिए उपलब्ध करा दिया है। एक नए, आधुनिक अंदाज़ में डिज़ाइन की गई यह जर्सी, टीम की पहचान से जुड़ी रहते हुए भी एक जीवंत, गर्मियों के लिए तैयार अपील रखती है। इसकी सबसे खास बात इसका टाइगर-प्रिंट पैटर्न है, जो बंगाल टाइगर से प्रेरित है - यह उस शक्ति, फुर्ती और निडर भावना का प्रतीक है जो टीम और इस क्षेत्र, दोनों की पहचान है। नाइट राइडर्स स्पोर्ट्स की मुख्य कार्यकारी बिंदा डे ने कहा, 'प्रैक्टिस जर्सी पर हमारे फैंस की प्रतिक्रिया अविश्वसनीय थी और इसने सचमुच उस गहरे जुड़ाव की पुष्टि की जो वे ब्रांड के साथ साझा करते हैं। हमने प्रैक्टिस जर्सी के लिए स्पष्ट मांग देखी और महसूस किया कि इसे उपलब्ध कराना ही सही होगा। एक परिष्कृत, गर्मियों के लिए तैयार रंग-रूप में फिर से डिज़ाइन की गई और बेहतरीन प्रदर्शन के लिए तैयार की गई, कोलकाता नाइट राइडर्स की प्रैक्टिस जर्सी उस अनुशासन और तीव्रता को दर्शाती है जो केकेआर की पहचान है।'

# मैनचेस्टर सिटी ने जीता ईएफएल कप का खिताब, फाइनल में आर्सेनल को 2-0 से हराया

**लंदन (एजेंसी)।** मैनचेस्टर सिटी ने ईएफएल कप फाइनल में आर्सेनल को 2-0 से हराते हुए खिताब को अपने नाम किया। मैनचेस्टर की तरफ से फाइनल में निको ओ'रेली ने दूसरे हाफ में चार मिनट के अंदर दो गोल करते हुए टीम को चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभाई।




मैनचेस्टर सिटी ने यह 9वीं लीग ट्रॉफी जीती है। सिटी से ज्यादा खिताब अब सिर्फ लिवरपूल के नाम है। पेप गार्डियोला ने मैनचेस्टर सिटी मैनेजर के तौर पर यह मशहूर ट्रॉफी पांच बार जीती है, जो इंग्लिश फुटबॉल में एक रिकॉर्ड है। वह इस प्रतियोगिता में सबसे ज्यादा सफलता पाने वाले मैनेजर के तौर पर ब्रायन क्लॉ, सर एलेक्स फर्ग्यूसन और जोस मोरिन्हो (जिन्होंने सभी ने चार-चार जीते) से आगे निकल गए हैं।

काराबाओ कप सिटी बॉस के तौर पर पेप की पहली ट्रॉफी थी, जिसमें उन्होंने 2018 में आर्सेनल को 3-0 से हराया था। उन्होंने अब उस विरासत में एक और नाम जोड़ लिया है और 1960 में प्रतियोगिता की शुरुआत के बाद से सबसे सफल मैनेजर बन गए हैं। हाफ टाइम के बाद सिटी ने आर्सेनल के मुकाबले ज्यादा बेहतर खेल दिखाया। मैनचेस्टर सिटी ने आर्सेनल को वापसी करने का कोई मौका नहीं दिया। आर्सेनल की टीम खिताबी मुकाबले में संघर्ष करती हुई नजर आई, जिसका पूरा फायदा सिटी ने उठाया।

पूरे सीजन मैनचेस्टर सिटी की शानदार कप्तानी करने वाले कप्तान बर्नार्डो सिल्वा ने टीम के खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने टीम की इस सफलता को सभी के लिए खास पल बताया। उन्होंने कहा, ÷यह सिटी में सभी के लिए बहुत गर्व का पल है। हमें यह प्रतियोगिता पसंद है और इस सीजन में शानदार प्रदर्शन करने वाले आर्सेनल को हराकर इसे जीतना वाकई खास है।

मैनचेस्टर सिटी अब एक इंटरनेशनल ब्रेक पर होगी। टीम अब अपना अगला मुकाबला 4 अप्रैल को एफए कप के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में लिवरपूल के खिलाफ खेलेगी। गार्डियोला की टीम अगले हफ्ते चेल्सी में होने वाले प्रीमियर लीग पर ध्यान देगी। मैनचेस्टर सिटी प्रीमियर लीग टाइटल की दौड़ में बनी हुई है। गार्डियोला की टीम अभी टॉप पर काबिज आर्सेनल से 9 प्वाइंट पीछे है और उन्हें अभी एक मुकाबला खेलना है।

# इंग्लैंड टीम में एजे की जगह न्यूकैसल के बार्न्स शामिल

लंदन। न्यूकैसल के विंगर हार्वे बार्न्स को थॉमस टुचेल की इंग्लैंड टीम में शामिल किया गया है। उन्होंने घायल आर्सेनल मिडफील्डर एबेरेची एजे की जगह ली है। एजे रविवार को मैनचेस्टर सिटी के खिलाफ काराबाओ कप फाइनल में आर्सेनल की 2-0 से हुई हार वाली टीम में शामिल नहीं थे। उन्हें पैर के निचले हिस्से में चोट लग गई थी। बार्न्स को इससे पहले भी अक्टूबर 2020 में टीम में बुलाया गया था। उस समय उन्होंने वेल्स के खिलाफ एक फ्रेंडली मैच में इंग्लैंड के लिए अपना एकमात्र मैच खेला था। स्कॉटलैंड ने बार्न्स को अपनी अंतरराष्ट्रीय निष्ठा बदलने और इस गर्मी में होने वाले विश्व कप में स्टीव क्लार्क 'की टीम के लिए खेलने के लिए मनाने की कोशिश की थी। 28 वर्षीय बार्न्स अपने दादा-दादी के कारण स्कॉटलैंड की ओर से खेलने के योग्य थे। लेकिन बार्न्स ने स्कॉटलैंड के प्रस्ताव को ठुकरा दिया। अब उन्हें उरुग्वे और जापान के खिलाफ होने वाले फ्रेंडली मैचों के लिए टुचेल की टीम में बुलाया गया है। इन मैचों में कई ऐसे खिलाड़ियों को मौका दिया जाएगा जो टीम में अपनी नियमित जगह बनाने की दौड़ में हैं। 'थ्री लायंस'(इंग्लैंड टीम) का मुकाबला 27 मार्च को उरुग्वे और 31 मार्च को जापान से होगा। ये दोनों मैच वेम्बली स्टेडियम में खेले जाएंगे। बार्न्स ने इस सीजन में न्यूकैसल के लिए सभी प्रतियोगिताओं में कुल 14 गोल किए हैं।



# विराट ने आईपीएल से पहले आरसीबी को किया सावधान, सभी टीमें हमें हराना चाहेंगी

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने कहा है कि इस बार का सत्र पहले से कठिन होगा। इसलिए टीम के सभी खिलाड़ियों को और अधिक गंभीरत से खेलना होगा। विराट ने कहा कि इस बार सभी टीमें आरसीबी को हराने का लक्ष्य लेकर उतरेंगी क्योंकि वह मौजूदा चैम्पियन है। ऐसे में सभी टीमें हमारे खिलाफ अपनी पूरी ताकत लगा देंगी। इस माह के अंत में शुरु हो रहे आईपीएल में आरसीबी का पहला मुकाबला सनराइजर्स हैदराबाद से होगा। आरसीबी के शेयर किए गए एक वीडियो में विराट टीम के खिलाड़ियों से बात करने के दौरान उन्हें उत्साहित करते दिखे। उन्होंने कहा कि पिछले 2 से 3 सत्र में टीम ने काफी मेहनत की है और उसी मेहनत के कारण उन्हें पिछले सत्र में खिताबी जीत मिली थी।



विराट ने खिलाड़ियों से कहा कि इस बार चुनौती और बड़ी होगी, इसलिए शुरुआत से ही पूरी ताकत से खेलना होगा। कोहली ने कहा, हमने पिछले 2-3 साल में जो हासिल किया, उसके लिए बहुत मेहनत की पर अब चुनौती और कठिन होने वाली है क्योंकि बाकी टीमें हमें हराने के लिए पूरी ताकत लगाएंगी। हमें अभी से स्विच ऑन होना होगा और हर सेशन में आना सौ फीसदी से अधिक देना होगा।

RCB ने साल 2025 में अपना पहला आईपीएल खिताब जीता था। तब उसने फाइनल मुकाबले में पंजाब किंग्स को 6 रन से हराया था। अब टीम IPL 2026 में अपने खिताब का बचाव करने का पूरा प्रयास करेगी और लगातार दूसरी ट्रॉफी जीतने की कोशिश करेगी। टीम के मुख्य कोच एंडी फ्लावर ने कहा कि इस बार नीलामी में टीम ने काफी अच्छे खिलाड़ियों को शामिल किया है, जिससे टीम पहले से ज्यादा बेहतर हुई है। उन्होंने कहा कि नए खिलाड़ियों को टीम के माहौल में ढालना और सीनियर खिलाड़ियों के साथ सही तालमेल बनाना इस सत्र में सबसे महत्वपूर्ण रहेगा। गौरतलब है कि विराट आईपीएल इतिहास के सबसे सफल बल्लेबाजों में से एक हैं। उन्होंने आईपीएल में 267 मैचों में 8661 रन बनाए हैं, जिसमें 8 शतक और 63 अर्धशतक शामिल हैं। आईपीएल में अब विराट कोहली इस सत्र मे भी अधिक से अधिक रन बनाकर अपनी टीम को जीत दिलाने के साथ ही नये रिकार्ड अपने नाम करना चाहेंगे।

# आरसीबी को शुरुआती मैचों में हेजलवुड की कमी खलेगी : श्रीकांत



मुम्बई। पूर्व भारतीय क्रिकेटर कृष्णामाचारी श्रीकांत ने कहा है कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को आईपीएल 2026 में शुरुआती मैच में तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड की कमी खलेगी। इसका कारण है कि पूरी तरह से फिट नहीं होने के कारण हेजलवुड शुरु के मैचों में नहीं खेल पायेंगे। ऐसे में रजत पाटीदार की कप्तानी वाली आरसीबी के लिए हेजलवुड की कमी पूरी करना आसान नहीं रहेगा। श्रीकांत ने कहा है कि इस तेज गेंदबाज का कोई विकल्प नहीं हो सकता है। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज हेजलवुड ने पिछले सत्र में 12 मैचों में 22 विकेट लिए थे। तब उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 33 रन देकर 4 विकेट था। यही वजह है कि श्रीकांत ने हेजलवुड के नहीं होने को आरसीबी के लिए करारा झटका माना है। हेजलवुड चोटिल होने के कारण पिछले साल नवंबर के बाद से ही पेशेवर क्रिकेट से दूर हैं। वह एशेज सीरीज और टी20 विश्वकप भी नहीं खेल पाये। हैमस्ट्रिंग के बाद उनको एंकल इंजरी का सामना करना पड़ा। श्रीकांत ने एक वीडियो में कहा, हेजलवुड का न होना एक बड़ा झटका है। अगर वह दो सप्ताह भी फिट नहीं होते, तो भी वे वहां तीन से चार मैच खेल लेते। उनके बिना, टीम की गेंदबाजी कमजोर हो जाएगी। उनका कोई भी विकल्प नहीं है। जैकब डफी भी खराब गेंदबाज नहीं है पर विश्व कप में वह विफल रहे थे। यह देखना होगा कि वह आईपीएल में चल पाते है या नहीं। उन्होंने साथ ही कहा, हेजलवुड के बिना आरसीबी की 25 फीसदी उम्मीद कम हो वह न सिर्फ गेम-चेंजर हैं, बल्कि मैच-विजेता भी हैं। वह जो डर पैदा करता हैं, वह बुमराह जैसा ही है। हेजलवुड उस शानदार टेस्ट मैच लेंथ पर गेंदबाजी करते हैं, जहां बल्लेबाज आगे या पीछे नहीं जा सकता।

# धोनी के इस बार आईपीएल से संन्यास लेने की अटकलें तेज हुईं

**चेन्नई (एजेंसी)।** चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी 44 साल के हो गये हैं। ऐसे में उनके संन्यास की अटकलें जोर पकड़ती जा रही हैं। इस बार माना जा रहा है कि वह अंतिम बार लीग से खेलते दिखेंगे। इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि जब वह स्टेडियम में पहुंचे तो हर तरफ से 'थाला थाला' सुनाई देना लगा। उनकी आवाज सुनकर प्रशंसक भी भावुक दिखे। वहीं धोनी पूर्व क्रिकेटरों सुरेश रैना और डीजे ब्रावो के साथ नजर आये। इससे भी प्रशंसकों को लगा रहा है कि ये धोनी का अंतिम आईपीएल रहेगा।

प्रशंसक सीएसके के 'रोर 26' इवेंट के लिए स्टेडियम में पहुंचे थे। कुछ सीएसके खिलाड़ियों ने मैदान पर अभ्यास किया, वहीं कुछ बातें करते दिखे। वहीं पहली बार टीम में शामिल जब नए खिलाड़ी संजू सैमसन जब मैदान में आए, तब भी जोरदार तालियां बज उठीं। धोनी आईपीएल में अपना 19वां सत्र खेलने जा रहे हैं। उनकी ताकत पहले जैसी नहीं रही पर सीएसके के लिए वह आज भी सबसे कीमती खिलाड़ी हैं हालांकि अब वह निचले स्तर पर ही बल्लेबाजी के लिए उतरते हैं। वहीं चेन्नई के पूर्व क्रिकेटर रॉबिन उथप्पा का मानना है कि धोनी का ये अंतिम आईपीएल रहेगा।

उथप्पा ने कहा, 'आईपीएल 2026 शायद उनका आखिरी साल होगा। मुझे लगता है कि इस साल वह मेंटर-कम-खिलाड़ी की भूमिका में रहेंगे। मुझे नहीं लगता कि वह इस बार नंबर सात पर बल्लेबाजी करेंगे। मुझे लगता है कि वह नंबर आठ पर बल्लेबाजी करेंगे। वह जानते हैं कि वह धीरे-धीरे बाहर हो रहे हैं, इसलिए अपनी को टीम से अलग कर रहे हैं ताकि उनके बिना भी टीम जीत सके। वह जानते हैं कि तभी कप्तान के तौर पर रुतुराज गायकवाड़ की क्षमता का पता चल सकेगा।'



एक नजर

## बेंगलुरु-मैसूर एक्सप्रेस-वे पर हादसा, चार की मौत

**बेंगलुरु :** बेंगलुरु–मैसूर एक्सप्रेस–वे पर सोमवार तड़के हुए हादसे में चार यात्रियों की मौके पर ही मौत हो गई। बताया गया है कि केरलम के एक निजी ट्रैवल्स कंपनी की बस केरलम से बेंगलुरु की ओर आ रही थी। इसी दौरान रामनगर जिले के चन्नापटना तालुक के पुट्टप्पनदोड्डी के पास बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हादसे में बस का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चार यात्रियों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान केरलम निवासी मोहम्मद परान (22), रफीज (45) तथा बेंगलुरु निवासी राशीद (45) और साकिर (27) के रूप में हुई है। पुलिस का मानना है कि हो सकता है चालक को झपकी आ गई हो। दुर्घटना में कई यात्री मामूली रूप से घायल हुए हैं। उन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## नेपाल में 12 घंटे के अंतराल में दो भूकंप के झटके

**काठमांडू :** पश्चिम नेपाल में 12 घंटे के अंतराल में दो भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। हाल के समय में देश के पश्चिमी हिस्सों में लगातार भूकंप के झटके महसूस किए जा रहे हैं। सोमवार दोपहर 1:14 बजे बझांग के रयाल केंद्र के आसपास 4.1 तीव्रता का भूकंप आया। इसी तरह सुबह 3:51 बजे दाचुर्ला के मुराई केंद्र के आसपास 4.2 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया। इससे पहले 17 मार्च को दाचुर्ला के सिटौला केंद्र में 4.0 तीव्रता का भूकंप आया था। गत 6 मार्च को बझांग के चैनपुर केंद्र में 3.6 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया था।

## दिल्ली विधानसभा के बाहर आप विधायकों का प्रदर्शन

**नई दिल्ली :** दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आतिशी के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी (आआपा) के विधायकों ने सोमवार को विधानसभा के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन पार्टी के विधायकों के निलंबन के विरोध में किया गया। आप विधायकों ने विधानसभा परिसर के बाहर एक प्रतीकात्मक मार्च निकाला और अपनी बात रखने का प्रयास किया। इस दौरान पुलिस ने बैरिकेडिंग की थी। इस पर आतिशी ने कहा कि जनता द्वारा चुने हुए विधायकों को विधानसभा तक जाने से रोका जा रहा है, सड़क पर बैरिकेड लगाकर लोकतंत्र का गला घोंटा जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि विपक्ष को सदन में बोलने नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने आआपा के विधायकों के निलंबन को लोकतांत्रिक सिद्धांतों पर हमला बताया।

## केजरीवाल ने शहीद दिवस पर भगत सिंह, सुखदेव राजगुरु को दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली :** आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शहीद दिवस पर देश के महान क्रांतिकारियों–भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु को श्रद्धांजलि अर्पित की। केजरीवाल ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि इन वीर सपूतों का बलिदान, देशभक्ति और साहस सदैव आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा। इन महान क्रांतिकारियों के आदर्शों से प्रेरणा लेकर देश उनके सपनों का भारत बनाने की दिशा में आगे बढ़ेगा। उल्लेखनीय है कि हर वर्ष 23 मार्च को शहीद दिवस मनाया जाता है। इसी दिन वर्ष 1931 में ब्रिटिश हुकूमत ने भगत सिंह, सुखदेव थापर और शिवराम राजगुरु को फांसी दी थी। इन तीनों क्रांतिकारियों ने भारत की आजादी के आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी।

# मणिपुर : यूएनएलएफ के 14 कैडर गिरफ्तार, हथियार और नकदी जब्त

एजेंसी



**इंफाल :** मणिपुर पुलिस ने थौबल जिले के नोंगपोक सेकमाई पुलिस थानांतर्गत हाओखोंग क्षेत्र में एक अभियान के दौरान प्रतिबंधित यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (यूएनएलएफ - कोइरेंग) से जुड़े 14 कैडरों को गिरफ्तार किया है। मणिपुर पुलिस मुख्यालय ने सोमवार को बताया गया है कि रविवार को पकड़े गए कैडरों की पहचान इंफाल पश्चिम के खुंबोंग माखा लीकाई के नामीराकपम कोंडुम मैतेई उर्फ लन्हेइबा (46), बिष्णुपुर के चेयरन लींगांगताबी के सोरोखैबम रोसेश उर्फ कांगलेइपुबा उर्फ किलो-आई (43), बामाओन लीकाई मांगे मखोंग, इंफाल पूर्व के ताखेलचांगबम राजेंद्रो शर्मा उर्फ खाबा (59), खुरई चिंगंबम लीकाई, इंफाल पूर्व के येलम रतन सिंह उर्फ खंबा (54); कुम्बी हाओटक, बिष्णुपुर के अहनथेम रतन मैतेई उर्फ शिरोई (30); खुरई थोंगम लीकाई, इंफाल पूर्व के सोयम संजीव (42); कोडोमपोकपी ममंग लीकाई, इंफाल पश्चिम के तोइजम करजीत सिंह (20); नगामुखोंग, थौबल के पुखरीहोंगबाम नोंगसाबा मैतेई उर्फ लाईदाबा (18); ताओबुंगखोक अवांग लीकाई, इंफाल पश्चिम के कंघुजम माइसन मैतेई (17); न्यू कीथेलमनबी अवांग लीकाई, इंफाल पश्चिम के थौदाम मुना मैतेई उर्फ इनाओ (19); खुरई कोनसम लीकाई, इंफाल पूर्व के कोनसम बेबेटो मैतेई (28); कुम्बी हाओटक, बिष्णुपुर के वाहेंगबाम संतोष मैतेई (19); कोडोमपोकपी ममांग लीकाई, इंफाल पश्चिम के क्षेत्रिमायुम डिक्सन सिंह (19) और इंफाल पूर्व के ताखेल ममांग लीकाई के चिंगखम रोमेश सिंह उर्फ याईफाबा (30) के रूप में की गई है। पुलिस ने बताया कि इस अभियान के दौरान दो इंसास राइफलें, आठ इंसास लाइट मशीन गन मैगजीन, पांच इंसास राइफल मैगजीन और इंसास गोला-बारूद के 100 राउंड बरामद किए गए। इसके अलावा, एक लाख की नकदी, 12 मोबाइल फोन, पांच हेलमेट, पांच बैकपैक और चार चार-पहिया वाहन भी जब्त किए गए। अधिकारियों ने संकेत दिया कि इन गिरफ्तारियों से इंफाल घाटी के कुछ हिस्सों और आस-पास के इलाकों में इस समूह के स्थानीय नेटवर्क को बड़ा झटका लग सकता है। गिरफ्तार किये गए लोगों से इस समय पूछताछ की जा रही है ताकि उनकी भूमिका और हाल की गतिविधियों से उनके संभावित संबंधों का पता लगाया जा सके। पुलिस ने बताया कि आगे की जांच जारी है।

## तेहरान में भीषण विस्फोट, इजराइल पर मिसाइलों से हमला, लेबनान का कासमीयेह पुल ध्वस्त

एजेंसी

**तेहरान :** ईरान की राजधानी तेहरान में आज अब से कुछ देर पहले भीषण विस्फोट हुए हैं। इजराइल का आसमान मिसाइलों की तेज रफ्तार से चमक उठा हुआ है। लेबनान में कासमीयेह पुल ध्वस्त कर दिया गया है। इजराइल-अमेरिका और ईरान के बीच 28 फरवरी से छिड़े युद्ध के थमने के कोई आसार नजर नहीं आ रहे हैं। इस युद्ध से तेल और गैस का संकट गहरा गया है। दुनिया के तमाम हिस्सों में त्राहिमाम-त्राहिमाम मचा हुआ है। अल जजीरा चैनल और द टाइम्स ऑफ इजराइल अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, ईरान की राजधानी तेहरान के पूर्वी हिस्से में इस युद्ध में अब तक का सबसे बड़ा हमला हुआ है। राजधानी तेहरान का पूर्वी हिस्सा इससे हिल गया है। हमले की तीव्रता को देखते हुए हवाई रक्षा तंत्र (एयर डिफेंस सिस्टम) को सक्रिय किया गया है। अधिकारियों का कहना है कि अमेरिका-इजराइल ने एकीकृत हमला किया है। तेहरान को दहलाने से पहले इजराइली डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने कहा कि ईरान पर हमले शुरू होने वाले हैं। इस बीच बताया गया है कि ईरान के खुर्रमबाद में हवाई हमले के बाद व्यापक तबाही हुई है। मिसाइलों और रॉकेट से किए गए हमले के बाद इलाके में ब्लैक आउट हो गया है। कुछ इमारतें मलबे के ढेर में बदल गई हैं। रिपोर्ट के अनुसार, इजराइल ने दक्षिणी लेबनान में एक अहम पुल को निशाना बनाया है। हमले में कासमीयेह पुल उड़ गया है। इससे यातायात और मानवीय सहायता की पहुंच बाधित हो गई। लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ आउन ने इस हमले की निंदा की है। इजराइल का कहना है कि इस पुल का इस्तेमाल हिजबुल्लाह आतंकी करते थे।

## पश्चिम एशिया संकट पर सरकार के रुख से देश को नुकसान : कांग्रेस

एजेंसी



**नई दिल्ली :** कांग्रेस ने पश्चिम एशिया संकट पर सरकार के रुख को कमजोर और अस्थिर बताते हुए कहा कि इससे देश को नुकसान हो रहा है। कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने सोमवार को यहां पार्टी मुख्यालय में पत्रकार वार्ता में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज संसद में पश्चिम एशिया के मुद्दे पर अपनी बात रख रहे हैं, लेकिन यदि सरकार की विदेश नीति मजबूत होती तो भारत को ऐसी स्थिति का सामना नहीं करना पड़ता। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कभी यह नहीं कहती कि भारत किसी एक पक्ष के साथ खड़ा हो, बल्कि सरकार को नियम आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था का पालन करते हुए स्पष्ट और संतुलित रुख अपनाना चाहिए। खेड़ा ने आरोप लगाया कि सरकार ने इस संकट में स्पष्ट रुख नहीं अपनाया। यदि नियम आधारित व्यवस्था का पालन किया जाता तो भारत खुलकर कह सकता था कि यह युद्ध गैरकानूनी है, लेकिन प्रधानमंत्री ने ऐसा करने का साहस नहीं दिखाया। उन्होंने कहा कि सुनने में आ रहा है कि सरकार 14.2 किलोग्राम के एलपीजी सिलेंडर में 10 किलोग्राम ही गैस देने पर विचार कर रही है। यदि ऐसा है तो देश में बड़ा ही संकट है। सरकार को इसपर गंभीरता से विचार करना चाहिए। कांग्रेस नेता ने कहा कि प्रधानमंत्री के इजरायल दौरे के कुछ समय बाद ही इजरायल और अमेरिका ने भारत के एक पुराने मित्र देश पर हमला किया, जबकि प्रधानमंत्री उन देशों के साथ नजदीकी दिखाते रहे। इसके अलावा खेड़ा ने बांग्लादेश को तेल आपूर्ति के मुद्दे पर भी सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि एक तरफ सरकार बांग्लादेश को तेल दे रही है, वहीं दूसरी ओर चुनावी राज्यों में बांग्लादेशी घुसपैठ का मुद्दा उठा रही है। उन्होंने सरकार से इस पर स्पष्ट नीति बताने की मांग की।

## यूक्रेनी ड्रोन हमले से सेंट पीटर्सबर्ग हवाई अड्डे पर 100 से ज्यादा उड़ानें रद की गईं



एजेंसी

**मॉस्को :** करीब चार साल से जारी युद्ध के बीच यूक्रेन के ड्रोन हमले के कारण सेंट पीटर्सबर्ग के पुलकोवो हवाई अड्डे से 100 से ज्यादा उड़ानें को रद्द कर दी गईं या उनमें देरी हुई। यहां से 39 उड़ानों को दूसरे हवाई अड्डों पर भेज दिया गया है और 34 उड़ानों में दो घंटे से ज्यादा की देरी हुई है। इसके साथ ही जाने वाली 30 रद्द उड़ानों के यात्रियों को हवाई अड्डे के टर्मिनल में न रुकने को कहा गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सेंट पीटर्सबर्ग के पुलकोवो एयरपोर्ट ने सोमवार को बताया कि पिछले एक दिन में यूक्रेन के ड्रोन हमले की वजह से 100 से ज्यादा उड़ानें या तो रद्द कर दी गईं या उनमें देरी हुई। एयरपोर्ट की प्रेस सर्विस ने टेलीग्राम पर एक बयान में कहा कि पुलकोवो एयरपोर्ट लगभग आठ घंटों से हवाई क्षेत्र की पाबंदियों के तहत काम कर रहा है। यह भी बताया गया कि 30 जाने वाली उड़ानें भी रद्द कर दी गईं और रद्द हुई उड़ानों के यात्रियों को एयरपोर्ट टर्मिनल में न रुकने से मना किया गया है। इन रुकावटों से यूक्रेन के ड्रोन अभियान की बढ़ती पहुंच का पता चलता है, जो युद्ध के मोर्चे से दूर रूसी बुनियादी ढांचे को निशाना बना रहा है। इस बीच, सेंट पीटर्सबर्ग के आस-पास के लेनिनग्राद क्षेत्र के गवर्नर ने एक अलग बयान में कहा कि शहर की ओर आते हुए 60 से ज्यादा यूक्रेन के ड्रोन मार गिराए गए। इस हमले में बिजली की लाइनें और एक तेल डिपो क्षतिग्रस्त हो गए। रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि रात भर में पूरे देश में 250 से ज्यादा ड्रोन मार गिराए गए। यूक्रेन ने अभी तक रूस के इन दावों पर कोई टिप्पणी नहीं की है। ये ड्रोन हमले यूक्रेन की उस लगातार रणनीति का हिस्सा हैं, जिसके तहत वह रूसी ऊर्जा और लॉजिस्टिक्स के बुनियादी ढांचे को निशाना बनाकर सैन्य आपूर्ति श्रृंखलाओं और आर्थिक गतिविधियों को बाधित करने की कोशिश कर रहा है।

## मोदी सिर्फ एक व्यक्ति नहीं बल्कि एक विचार, एक संस्था हैं : शिवराज

एजेंसी

**नई दिल्ली :** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि गुजरात के मुख्यमंत्री और अब देश के प्रधानमंत्री के तौर पर सरकार प्रमुख के रूप में नरेंद्र मोदी ने अपने कार्यकाल के 8,931 दिन पूरे कर लिए हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सिर्फ एक व्यक्ति नहीं बल्कि एक विचार, एक संस्था हैं। दिन-रात काम करना और उनकी परिश्रम की परिकाष्ठा ने इसका एक ऐसा उदाहरण प्रस्तुत किया है कि मन गर्व और आनंद से भर जाता है। शिवराज ने भारतीय जनता पार्टी के मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि मोदी प्रधानमंत्री बने और इसके बाद देश के विकास के एक नए युग का प्रारंभ हुआ। मोदी के लिए राष्ट्र सर्वोपरि है। वो राष्ट्र के आराधक और जनता के सेवक हैं। यही उनके कार्यों की मूल प्रेरणा है। बीते दिनों की यादें ताजा करते हुए उन्होंने कहा कि जिस दिन उनकी माताजी का स्वर्गवास हुआ था, बेहद सादगीपूर्ण तरीके से अंतिम संस्कार संपन्न हुआ और हमने देखा कि जो प्रधानमंत्री मोदी का पूर्व निर्धारित कार्यक्रम था और वो रेलवे के उस कार्यक्रम में सम्मिलित होकर झंडी दिखा रहे थे। ये अपने आप में अद्भुत घटना है। उन्होंने कहा कि साल 2011, 2012, 2013 के वो काले दिन थे, जब चारों तरफ घोटालों का शोर सुनाई पड़ता था। बेइमानी, भ्रष्टाचार घोटाले सब चरम सीमा पर थे। उन दिनों भ्रष्टाचार ही देश की पहचान बन गई थी। जनता हताश और निराश थी। निराशा के इस अंधकार में आशा और विश्वास के प्रतीक बनके निकले मोदी। देश में चारों तरफ सिर्फ मोदी-मोदी।

# टीवी सेटों में सूक्ष्म सेट टॉप बॉक्स लगा हुआ मिलेगा, 450 चैनल मुफ्त देख सकेंगे

एजेंसी




**नई दिल्ली :** सरकार ने आज ऐसी तीन पहलों की शुरूआत की जिनके तहत देश में बनने वाले सभी टेलीविजन सेटों में अनिवार्य रूप से सेट टॉप बॉक्स लगा हुआ आएगा जिससे चार सौ से अधिक टीवी चैनल निःशुल्क देखे जा सकेंगे। राष्ट्रीय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) कौशल पहल के तहत कंटेंट निर्माण करने वालों को 15 हजार लैब्स के माध्यम से कंटेंट रचनात्मक ऑडियो विजुअल कंटेंट के निर्माण में एआई के प्रयोग का प्रशिक्षण कार्यक्रम के साथ-साथ प्रदर्शन के लिए डिजीटल प्लेटफॉर्म का शुभारंभ किया गया। रेल, सूचना प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यहां रेल भवन में आयोजित एक संक्षिप्त कार्यक्रम में माईवेब्स डिजिटल प्लेटफॉर्म, टीवी ट्यूनर एवं एडवांस ईपीजी तथा नेशनल एआई स्किलिंग इनीशिएटिव कार्यक्रमों का शुभारंभ किया। इस मौके पर सूचना प्रसारण सचिव संजय जाजू, प्रसार भारती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव द्विवेदी, यूट्यूब इंडिया एवं गूगल इंडिया के अधिकारी उपस्थित थे। इस मौके पर अश्विनी वैष्णव ने कहा कि ये तीनों पहल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन को बल प्रदान करतीं हैं जिसमें वह तकनीक एवं तकनीकी मंच के लोकतंत्रीकरण को आवश्यक बताते हैं। प्रधानमंत्री की सोच है कि सभी घरों में निःशुल्क उच्च गुणवत्ता वाला कंटेंट पहुंचे। उन्होंने कहा कि अब टेलीविजन पर विभिन्न चैनलों को देखने के लिए सेट टॉप बॉक्स लगाने की कोई जरूरत नहीं होगी। देश के सभी टेलीविजन सेट विनिमार्ताओं ने सैकड़ों टीवी सेट बाजार में उतार दिये हैं जिनमें सेट टॉप बॉक्स की जगह एक बहुत छोटा का टीवी ट्यूनर कार्ड लगा है और उससे करीब साढ़े चार सौ चैनल निःशुल्क देखे जा सकेंगे। वैष्णव ने कहा कि इसी प्रकार से माईवेब्स डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से भारत में ऑरेंज इकोनॉमी को बढ़ावा देने की पहल को बल मिलेगा। भारतीय रचनात्मक प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईसीटी) के सहयोग से देश में 15000 लैब खोली जाएंगी जिनमें उद्योग, विद्यार्थी और आईआईसीटी, तीनों को एकसाथ लाकर गुणवत्तापूर्ण कंटेट क्रियेशन को बढ़ावा देने एवं उन्हें डिजिटल बाजार उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हाल में शुरू की गई क्रियेटर्स कॉर्नर की पहल सफल रही है तथा जल्द ही ऑडियो कंटेट बनाने वाले क्रियेटर्स के लिए आकाशवाणी एवं अन्य डिजीटल प्लेटफॉर्म्स पर मौका उपलब्ध कराया जाएगा।

संक्षिप्त खबरें

## नेपाल में 136 करोड़ का क्रिप्टो कारोबार करने में एक भारतीय सहित तीन गिरफ्तार



**काठमांडू :** नेपाल में 136 करोड़ रुपये से अधिक क्रिप्टो करेंसी का अवैध कारोबार करने के आरोप में अपराध जांच शाखा ने काठमांडू से एक भारतीय नागरिक सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। काठमांडू के पुलिस प्रवक्ता एसपी पवन भट्टराई ने बताया कि सबसे पहले एक महिला दीप्ति पोखरेल को 15 लाख 30 हजार रुपये नकद सहित गिरफ्तार किया। इन पैसों की जांच करने पर बड़े पैमाने पर क्रिप्टो कारोबार का खुलासा हुआ। पोखरेल से पूछताछ के बाद दो और लोगों की गिरफ्तारी सोमवार को हुई। गिरफ्तार किए गए लोगों में भारतीय नागरिक प्रवेश अली और बांके जिला के नरेश रेउले शामिल हैं। जांच के दौरान उनके मोबाइल में Binanceआईडी पाई गई, जिसमें कुल 136 करोड़ 80 लाख 45 हजार 580 रुपये के बराबर का लेन–देन दर्ज मिला। पुलिस ने बताया कि क्रिप्टो कारोबार का जाल नेपाल से लेकर भारत और खाड़ी देशों तक जुड़ा हुआ है। गिरफ्तार किए गए सभी आरोपितों को आगे की कार्रवाई के लिए जिला प्रहरी परिसर, काठमांडू भेज दिया गया है।

## स्वाति मालिवाल ने संसद में उठाया राज्यों के महिला आयोग में खाली पदों का मुद्दा

**नई दिल्ली :** राज्यसभा सांसद स्वाति मालिवाल ने सोमवार को संसद में दिल्ली महिला आयोगों की बदहाल स्थिति को लेकर गंभीर चिंता जताई। उन्होंने शून्यकाल में यह मुद्दा उठाते हुए दिल्ली महिला आयोग को तुरंत फिर से शुरू करने और देशभर में महिला आयोग में खाली पड़े पदों को भरने की मांग की। संसद में बोलते हुए मालीवाल ने कहा कि भारत में हर 15 मिनट में एक महिला के साथ दुष्कर्म होता है, और ये सिर्फ दर्ज मामलों के आंकड़े हैं। असल स्थिति इससे भी ज्यादा गंभीर है। उन्होंने बताया कि 1992 में महिला आयोग बनाए गए थे, लेकिन आज भी इन संस्थाओं के पास पर्याप्त अधिकार, स्वतंत्र फंडिंग और स्वायत्तता नहीं है। कई संसदीय समितियों ने भी इस पर चिंता जताई, लेकिन अब तक ठोस कदम नहीं उठाए गए। मालीवाल ने देश के अलग–अलग राज्यों की स्थिति को चिंताजनक बताया। उन्होंने कहा कि झारखंड महिला आयोग जून 2020 से बंद है, जहां 4,000 से ज्यादा मामले लंबित हैं। मध्य प्रदेश में महिला आयोग के अध्यक्ष का पद पिछले 6 साल से खाली है, जिससे 26,000 मामले लंबित हैं। दिल्ली महिला आयोग की स्थिति पर उन्होंने खास तौर पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि पिछले दो साल से आयोग बंद पड़ा है, वहां न कोई अध्यक्ष है और न ही सदस्य। उन्होंने सवाल किया, जब न्याय देने वाली संस्था ही बंद हो जाए, तो पीड़ित कहां जाए? मालीवाल ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि 2015 से 2024 के बीच दिल्ली महिला आयोग ने 1.74 लाख मामलों को संभाला और हेल्पलाइन पर 40 लाख कॉल्स आईं। उन्होंने कहा कि आयोग की टीम 24 घंटे महिलाओं की मदद के लिए तैयार रहती थी। उन्होंने कई मामलों का जिक्र करते हुए बताया कि किस तरह एक 14 साल की लड़की को अत्याचार से बचाया गया और पहाड़गंज में 39 नेपाली लड़कियों को मानव तस्करी से छुड़ाया गया। उन्होंने कहा कि ऐसे काम मजबूत संस्थाओं के बिना संभव नहीं हैं।

## सुप्रीम कोर्ट ने सोनम वांगचुक की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका का निस्तारण किया

**नई दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने लद्दाख के कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की पत्नी अंजलि की ओर से गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका का निस्तारण कर दिया है। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार ने कहा कि वांगचुक के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून हटा दिया गया है और वे रिहा भी हो गए हैं। तब जस्टिस अरविंद कुमार की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि अब इस याचिका में कुछ नहीं बचा है। केंद्र सरकार ने उच्चतम न्यायालय को बताया कि सोनम वांगचुक के खिलाफ 14 मार्च को राष्ट्रीय सुरक्षा कानून हटा लिया गया है और वे रिहा भी हो चुके हैं। सोनम वांगचुक की पत्नी अंजलि ने उनकी गिरफ्तारी को चुनौती दी थी। वांगचुक को 26 सितंबर 2025 को गिरफ्तार किया गया था। सोनम वांगचुक लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा देने की मांग कर रहे थे। लद्दाख में हिंसा के बाद हुई गोलीबारी में चार लोगों की मौत हो गई थी।

## जल संकट के समाधान के लिए हो जल आडिट : डॉ दिनेश शर्मा



**लखनऊ :** राज्यसभा सांसद एवं यूपी के पूर्व उपमुख्यमंत्री यूपी डा दिनेश शर्मा ने राज्यसभा में शून्य प्रहर के दौरान जल संकट को गंभीर चुनौती बताते हुए इसके समाधान के लिए जल आडिट कराने का सुझाव दिया है जिससे कि जल उपलब्धता, आवश्यकता और प्रबंधन का वैज्ञानिक आंकलन किया जा सके। उनका कहना था कि जल संकट अब केवल मौसमी चुनौती ही नहीं बल्कि एक गंभीर नीतिगत पर्यावरणीय और सामाजिक संकट का रूप ले चुका है। आने वाले समय में यह आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए भी चुनौती बन सकता है। गर्मी जैसे जैसे बढती है देश के अनेक भागों में जल संकट बढने लगता है। पानी की कमी का दुष्प्रभाव किसान पर्यावरण और नागरिकों पर साफ तौर पर दिखाई दे रहा है। उन्होंने इसके निदान के लिए सरकार को चार महत्वपूर्ण सुझाव दिए है।

सांसद का कहना था कि देश में भूजल के दोहन की बडी समस्या है और वर्तमान में भूजल दोहन की दर प्राकृतिक पुर्नभरण की क्षमता से अधिक हो चुकी है। ये स्थिति ठीक नहीं है और आने वाले समय में समस्या बडा रूप ले सकती है। हाल यह है कि आज के समय में किसान को सिंचाई के लिए गहरे बोरवेल खोदने के बाद भी सिंचाई के लिए समुचित जल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। डा शर्मा ने कहा कि कवि रहीम जी ने कहा था कि रहिमन पानी राखिये बिन पानी सब सून और ये पंक्तियां वर्तमान परिस्थितियों को प्रतिबिंबित करती है। देश के बडे शहरों में तो जल संकट विकराल रूप ले रहा है और गर्मियों में लोगों को पानी की व्यवस्था करने में काफी समय और पैसा भी खर्च करना पड रहा है। टैंकर माफिया तमाम स्थानों पर जल संकट की परिस्थिति का लाभ उठाकर लोगों का आर्थिक शोषण भी करते हैं। उन्होंने इस संकट के समाधान के लिए चार महत्वपूर्ण सुझाव देते हुए कहा कि सबसे पहले पानी के वितरण की व्यवस्था का सुदृढ नियमन करते हुए टैंकर माफिया पर लगाम लगाई जानी चाहिए। वर्षा जल संचयन की व्यवस्था को अनिवार्य और प्रभावी बनाया जाए जिससे कि भूजल स्तर फिर से समृद्ध हो सके। जिला स्तर पर जल आडिट प्रणाली लागू की जाए जिससे पानी की उपलब्धता , जरूरत और प्रबंधन का वैज्ञानिक आंकलन हो सके।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
**संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, कार्यकारी संपादक- भीष्म सिंह, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 7903538992, 9570107019, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**